जबलपुर बुधवार 27 मई 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी

वर्ष 31 अंक 327 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।


**मौसम**
अधिकतम तापमान 43.9°C
न्यूनतम तापमान 30.0°C
सूर्योदय -5.25 | सूर्यास्त - 6.50



पीवी सिंधु और सात्विक-चिराग ने की जीत के साथ शुरुआत ⏵⏵ 10



जमीन सौदे में 11 लाख की धोखाधड़ी का आरोप ⏵⏵ 2



हस्तिनापुर के वीर में कृपाचार्य का किरदार निभाएंगे चेतन्य ⏵⏵ 7



शहर के सुनियोजित विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहलः ⏵⏵ 9

# अब खुद-ब-खुद वापस आएगा फंसा हुआ पैसा

**सीबीएसई री-इवैल्यूएशन में दिक्कतों के बाद शिक्षा मंत्री का बड़ा एक्शन!**

**नई दिल्ली।** कक्षा 12वीं के परिणाम के बाद रीइवैल्यूएशन और आंसर शीट्स की स्कैन कॉपी पाने के लिए परेशान हो रहे लाखों छात्रों के लिए एक बेहद बड़ी और राहत भरी खबर आ रही है। पोर्टल पर लगातार आ रही तकनीकी लापरवाहियों और पेमेंट गेटवे के बार-बार फेल होने से मचे चौतरफा बवाल के बाद अब खुद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कमान संभाल ली है। शिक्षा मंत्री ने इस पूरी अव्यवस्था को सिरे से दुरुस्त करने के लिए आज देश के चार सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बेहद महत्वपूर्ण और उच्च स्तरीय बैठक की है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सीबीएसई के पुराने और जर्जर हो चुके पेमेंट गेटवे सिस्टम की पूरी प्रणाली को पूरी तरह से ओवरहॉल (बदलना) करना है, ताकि भविष्य में किसी भी छात्र को आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना न झेलनी पड़े। शिक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस आपातकालीन बैठक में देश के चार प्रमुख सरकारी बैंकों के आला अधिकारी शामिल हुए, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक और इंडियन बैंक



के नाम हैं। बैठक के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि छात्रों के लिए एक बेहद मजबूत, विश्वसनीय और 'स्टूडेंट-फ्रेंडली' पेमेंट इकोसिस्टम तैयार करना बैंकों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। विशेष रूप से परीक्षा के बाद की सेवाओं, जैसे कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करना और अन्य शुल्क-आधारित डिजिटल पेमेंट की प्रक्रिया को पूरी तरह बुलेट-प्रूफ बनाया जाए। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इन चारों बैंकों को सीधे निर्देश दिए हैं कि वे सीबीएसई की तकनीकी टीम के साथ मिलकर काम करें और एक ऐसा मजबूत पेमेंट प्रोटोकॉल स्थापित करें जिससे सभी ट्रांजेक्शंस समय पर पूरे हों। उन्होंने साफ कहा कि अगर किसी छात्र का पेमेंट फेल होता है या गलती से अतिरिक्त पैसे कट जाते हैं, तो उसका 'ऑटोमैटिक रिफंड' होना अनिवार्य है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस आपातकालीन बैठक में देश के चार प्रमुख सरकारी बैंकों के आला अधिकारी शामिल हुए, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक और इंडियन बैंक के नाम हैं। बैठक के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि छात्रों के लिए एक बेहद मजबूत, विश्वसनीय और 'स्टूडेंट-फ्रेंडली' पेमेंट इकोसिस्टम तैयार करना बैंकों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में टोल मंजूर नहीं

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साथ आई भारत-अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया की चौकड़ी

नई दिल्ली (वार्ता)

क्वाड देशों ने विशेष रूप से नौवहन की दृष्टि से स्वतंत्र और खुला हिन्द प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए हिन्द प्रशांत समुद्री निगरानी सहयोग पहल की शुरूआत और हिन्द प्रशांत समुद्री क्षेत्र जागरूकता पहल का विस्तार करने की घोषणा की है। क्वाड देशों ने फिजी में बंदरगाह क्षमता को मजबूत बनाने की दिशा में काम करने पर भी सहमति जतायी है। भारत की मेजबानी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बहुप्रतीक्षित बैठक मंगलवार को यहां हुई। बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो, आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने संयुक्त वक्तव्य में क्वाड के महत्व और इसके उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए आने वाले समय में इस मंच की जिम्मेदारी और महत्व अधिक बढने वाला है।

### क्वाड समूह अब सिर्फ बातचीत करने वाला मंच नहीं

वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि क्वाड समूह अब सिर्फ बातचीत करने वाला मंच नहीं रह गया है बल्कि यह एक कार्रवाई-प्रधान मंच बनता जा रहा है। यहां चारों देश मिलकर साझा मुद्दों पर चर्चा करते हैं और फिर उन पर कार्रवाई भी शुरू करते हैं। बैठक में उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार, मिसाइल कार्यक्रम और साइबर गतिविधियों पर भी गंभीर चर्चा हुई।



### विश्वसनीय और पारदर्शी साझेदारी जरूरीः जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना क्वाड देशों की साझा जिम्मेदारी है और विश्वसनीय तथा पारदर्शी साझेदारियों के बल पर ही इसे बेहतर ढंग से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला की सुदृढ़ता, संपर्क मार्गों के अवरोध बिंदु, विनिर्माण एवं संसाधन तथा महत्त्वपूर्ण अवसंरचना में कमी जैसे मुद्दों पर भी क्वाड देशों को ध्यान देना होगा। श्री जयशंकर ने मंगलवार को यहां भारत की मेजबानी में हो रही क्वाड देशों की बैठक में वहां के विदेश मंत्रियों, आस्ट्रेलिया की पेनी वोंग , जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो का स्वागत करते हुए यह बात कही।

### टोल लगाने के प्रस्ताव का विरोध

क्वाड ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में किसी भी प्रकार के टोल लगाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। नई दिल्ली में मंगलवार को क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी ने समुद्र में गतिशीलता को बनाए रखने का समर्थन किया। क्वाड में ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका शामिल हैं। इसका मकसद समुद्री सुरक्षा, सप्लाई चेन को मजबूत करना, जरूरी खनिज, बुनियादी ढांचा विकास, आपदा राहत और नई तकनीकों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है।

### इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक परिस्थितियां बिगड़ रहीं

क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा, हमारी जितनी भी बैठकें हुई हैं, उन सभी में हमारा ध्यान गति बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने पर रहा है कि हम ऐसे नतीजे दें जो वास्तविक हों... हमारा दायित्व और ज़िम्मेदारी यह है कि हम वास्तविक विकल्प प्रदान करें, विशेष रूप से तब, जब हमारे क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) में रणनीतिक परिस्थितियां बिगड़ रही हैं। और किसी भी प्रकार के टोल लगाने के प्रस्ताव का विरोध करते हैं।

### होर्मुज बंद करने से आर्थिक स्थिति पर असर पड़ा

पेनी वोंग ने कहा, यह क्षेत्र गंभीर आर्थिक तनाव का सामना कर रहा है। हम जानते हैं कि ईरान की तरफ से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद किए जाने से हमारे क्षेत्र पर क्या परिणाम होंगे, और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए इसका क्या अर्थ है। हम अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के उन प्रयासों की सराहना करते हैं, जिनका उद्देश्य कूटनीतिक समाधान के माध्यम से नौवहन की स्वतंत्रता को बहाल करना है। हम नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांत को बनाए रखने के महत्व को स्वीकार करते हैं।

### होर्मुज में स्वतंत्र और सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित होः जापान

जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने कहा, हमने महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य सामग्रियों के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर भी अपनी गहरी चिंता साझा की। हमने उत्तर कोरिया की स्थिति पर चर्चा की, जिसमें परमाणु और मिसाइल संबंधी समस्याएं, तथा साइबर गतिविधियां शामिल थीं; साथ ही, हमने उत्तर कोरिया के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया। अपहरण के मुद्दे का तत्काल समाधान निकालने के उद्देश्य से, मुझे अन्य तीन देशों का भी पूरा समर्थन प्राप्त हुआ।



## मई में चार बार में छह रुपये महंगी हुई सीएनजी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गयी। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गयी है। पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गयी है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाये गये थे। इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गये हैं। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी आज से 91.70 रुपये का हो गया है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गयी है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किग्रा के भाव मिलेगी। अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 92.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 89.42 रुपये, हापुड़ में 92.70 रुपये तथा गौतमबुद्ध नगर में 91.70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 91.70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है। गत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ायी गयी है।

## शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की सांचू पोस्ट पर प्रहरी सम्मेलन में लिया भाग




**बीकानेर (वार्ता)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बीकानेर स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सांचू पोस्ट पर आयोजित प्रहरी सम्मेलन में भाग लिया। इसके बाद श्री शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमा पर तैनात जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए देश की सुरक्षा में उनके योगदान की सराहना की और जवानों के साथ जलपान एवं संवाद भी किया। इस अवसर पर श्री शाह ने सीमा चौकियों पर नवनिर्मित 14 महिला बैरकों का ई-लोकार्पण किया।

### भाजपा के दिग्गज नेता रूपनारायण सिन्हा का निधन



**छत्तीसगढ।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में उन्हें हार्ट अटैक आया, यहां उनकी मौत हो गई। साय सरकार में उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त था। रूपनारायण सिन्हा के निधन की खबर से प्रदेश भर में राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक, रुपनारायण सिन्हा संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिलासपुर पहुंचे थे। कार्यक्रम के बीच अचानक उन्हें सीने में तेज दर्द

## कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद जनता को राहत नहीं दे रही है मोदी सरकार : खड़गे

नई दिल्ली (वार्ता)

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद वह जनता को राहत नहीं दे रही है बल्कि अपना खजाना भरने में मशगूल है। श्री खड़गे ने मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 26 मई 2014 को जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था, उस समय भारतीय बास्केट का कच्चा तेल 108.05 डॉलर प्रति बैरल था और डॉलर-रुपया विनिमय दर 58.59 रुपये थी। तब पेट्रोल 71.51 रुपये और डीज़ल 56.71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था।



उन्होंने कहा कि आज कच्चे तेल की कीमत 99 डॉलर प्रति बैरल से कम है, लेकिन पेट्रोल और डीज़ल के दाम बढ़कर क्रमशः 102.12 रुपये और 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। श्री खड़गे ने कहा कि इस दौरान पेट्रोल करीब 42.8 प्रतिशत और डीज़ल करीब 67.9 प्रतिशत महँगा हो चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, खाद्य वस्तुओं और रोजमर्रा की जरूरतों पर भी पड़ता है, जिससे आम आदमी पर महँगाई का बोझ बढ़ता है। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल पूछा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल सस्ता हुआ है, तो पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें कम क्यों नहीं की जा रही हैं और जनता को राहत क्यों नहीं दी जा रही है।

## कुआं धंसने से पांच मजदूरों की दबकर मौत

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में कुएं की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से पांच मजदूर के मलबे में दबने से मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम द्वारा राहत एवं बचाव कार्य जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अजयगढ़ जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के नयापुरवा में आज सुबह खेत पर कुएं की खुदाई का कार्य चल रहा था। बताया जा रहा है कि पिछले लगभग दस दिनों से सात मजदूर कुएं की खुदाई कर रहे थे। बताया गया कि सुबह करीब 11 बजे दो मजदूर पानी पीने के लिए कुएं से ऊपर आए थे। इसी दौरान अचानक कुएं की मिट्टी भरभराकर धंस गई और अंदर काम कर रहे पांच मजदूर मलबे में दब गए। जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।




भोपाल (स्वतंत्र मत)।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में विधिवत पूजन-अर्चन कर शिप्रा में अर्पित की चुनरी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन में शिप्रा तट पर रामघाट पर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में सहभागिता की। इस अवसर पर मुंबई से आए भारतीय नौसेना के बैंड ने रामघाट पर मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन सहित प्रदेशभर में गंगा दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुंबई से आए भारतीय नौसेना के बैंड की प्रस्तुति ने सभी को आनंदित किया है। बैंड के सदस्यों ने संगीत मय कार्यक्रम से रामघाट पहुंचे नागरिकों को मनमोहक धुनें सुनवाकर इस शाम को यादगार बना दिया है। मोक्ष दायिनी मां शिप्रा की दो दिवसीय तीर्थ परिक्रमा मंगलवार को संपन्न हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में विधिवत पूजन-अर्चन कर शिप्रा में चुनरी अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेशभर में जल गंगा संरक्षण अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। सभी प्रमुख तालाब, कुएं, बावड़ी, पोखर, नदियों के उद्गम स्थलों पर जनसहयोग के जरिए जल संचयन के लिए कार्य जारी हैं। अब तक लगभग 2 लाख से अधिक काम पूरे किए गए हैं। देश में जल संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए मध्यप्रदेश इस मामले में पहले स्थान पर है।


**आरबीआई की रकम पर सियासी संग्राम**

## मेहरबानी से चल रही सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली

**कांग्रेस ने रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा के बाद मंगलवार को दावा किया कि केंद्र की वित्तीय स्थिति उतनी अच्छी नहीं है, जैसा कि बताया जा रहा है तथा यह इससे भी साबित होता है कि आरबीआई ने उस पर 'मेहरबानी की है।' रिजर्व बैंक ने बीते शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की।**

इस फैसले से पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण बढ़ते आयात बिल और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के बीच सरकारी खजाने को मजबूत सहारा मिलेगा। यह अधिशेष वित्त वर्ष 2024-25 के 2.69 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 6.7 प्रतिशत अधिक है, जो केंद्रीय बैंक की



मजबूत आय स्थिति को दर्शाता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति उतनी अच्छी नहीं है जितनी बताई जा रही है। यह इस तथ्य से साबित होता है कि आरबीआई ने उस पर मेहरबानी की है और उसे एक बड़ा बोनस दिया है।

## माफिया ने रास्ते बदले...चंबल में नहीं रुका खनन

### मीडिया रिपोर्ट सही तो मतलब कोर्ट को गुमराह किया

मुरैना

सुप्रीम कोर्ट ने मुरैना राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य में जारी अवैध रेत खनन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोर्ट की सख्ती के बाद चंबल में अवैध रेत खनन करने वालों ने अपने रास्ते बदल लिए हैं, लेकिन खनन अब भी नहीं रुका। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मंगलवार को मध्यप्रदेश सरकार से पूछा कि क्या उसने यह मीडिया रिपोर्ट देखी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के पहले के सख्त आदेशों के बावजूद चंबल क्षेत्र में अवैध खनन जारी है और बिना नंबर वाले वाहन खुलेआम रेत परिवहन कर रहे हैं। अदालत ने



मध्यप्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर मीडिया रिपोर्ट में बिना नंबर वाले वाहनों से रेत ढुलाई की बात सही पाई गई तो इसका मतलब होगा कि सरकार ने कोर्ट को गलत जानकारी दी। कोर्ट ने राज्य सरकार से ताजा हलफनामा दाखिल कर जवाब मांगा है। इस पर मध्यप्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि यदि रिपोर्ट सही है तो मामला 'चौंकाने वाला' है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अवैध रेत खनन से घड़ियाल अभयारण्य जैसे संरक्षित वन्यजीव आवासों को नुकसान पहुंच रहा है। बिना पहचान वाले वाहनों की आवाजाही और इलाके के महत्वपूर्ण ढांचे पर खतरा भी गंभीर चिंता का विषय है।

### 20 मई को परिवहन सचिव हुए थे पेश

इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच कर रही है। इससे पहले 20 मई को राजस्थान के पांच जिलों और मध्यप्रदेश के परिवहन सचिव मनीष सिंह कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए थे। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से कोर्ट में पेश कॉम्प्लायंस एफिडेविट में बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली और अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई का ब्यौरा दिया गया था।

# इंदिरा ज्योति व चलें रामराज्य की ओर संकल्प यात्रा का शहडोल आगमन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

इंदिरा ज्योति व चलें रामराज्य की ओर संकल्प यात्रा के शहडोल आगमन पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, पत्रकार वार्ता के माध्यम से बताया गया कि 12 जुलाई 2024 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस मानने की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित करने के साथ ही देश में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ मनगढ़ंत दुष्प्रचार शुरू हो गया। सम्यक अभियान की प्रेरणाश्रोत इंदिरा गांधी है। जो हमारे बीच न होकर भी कार्यों, विचारों व क्रांतिकारी निर्णयों के रूप में हमें सदैव अपनी मौजूदगी का अहसास कराती है। जब इंदिरा माता के खिलाफ दुष्प्रचार शुरू हुआ तो चुपचाप सहन करते हुए बैठे रहना उचित नहीं था। इसलिए सम्यक अभियान प्रमुख गुरुदेव भास्कर राव रोकड़े ने दिल्ली, मुंबई, भोपाल, नागपुर, जयपुर व लखनऊ में पत्रकार वार्ता आयोजित कर मीडिया के माध्यम से इंदिरा जी के कार्यों,विचारों व क्रांतिकारी निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाना शुरू कर दिया। 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिराजी की 107 वीं जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए बड़े परिवर्तन के लिए चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की शुरुआत की गई। उत्ताशय की जानकारी देते हुए गुरुदेव के नाम से प्रसिद्ध,लेखक व विचारक भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि इंदिरा के 108 वें जयंती वर्ष को सृजन वर्ष के रूप में मनाते हुए वर्ष भर में छोटे-बड़े 108 आयोजन इंदिरा गांधी सृजन वर्ष समारोह के आयोजित किए गए तथा 108 वां समारोह इंदिराजी की 108 वीं जयंती के दिन भोपाल में रविन्द्र भवन के पास मुक्ताकाश मंच में राष्ट्रीय-स्तर के समारोह के रूप में आयोजित किया गया। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने भाग लिया तथा उसी दिन महात्मा गांधी की रामराज्य की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करने हेतु चलें रामराज्य की ओर अभियान का शुभारंभ भी किया गया। श्री रोकड़े ने बताया कि चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़ व राजस्थान में संचालित है। सम्यक अभियान को चलाने हेतु मध्यप्रदेश को 6 प्रांतें, छत्तीसगढ़ को 3 प्रांतों व राजस्थान को 6 प्रांतों में बांटा गया है। महात्मा गांधी ने 6 जनवरी 1921 को छिंदवाड़ा के चिटनिस गंज से असहयोग आंदोलन की शुरुआत की थी। सम्यक अभियान द्वारा उसी स्थान से 6 जनवरी 2026 से इंदिरा ज्योति यात्रा शुरू की गई है। महाकौशल, मालवांचल, चंबल व बुंदेलखंड के सभी जिलों से होकर आज यह यात्रा जिले में पहुंची है। सभी जिला मुख्यालयों में इंदिरा ज्योति समारोह आयोजित किए जा रहे है। इस प्रकार म.प्र.,छत्तीसगढ़ व राजस्थान के सभी जिलों में इंदिरा ज्योति यात्रा संचालित होगी। इंदिरा ज्योति अभियान के माध्यम से हर घर,हर द्वार तक इंदिरा के कार्यों, विचारों व क्रांतिकारी निर्णयों को पहुंचाने का लक्ष्य है। श्री रोकड़े ने बताया कि 9 जनवरी 2025 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन महासचिव व मध्यप्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को निर्देश दिया था कि वे सम्यक अभियान द्वारा संचालित इंदिरा ज्योति अभियान को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करे। उसके पश्चात पीसीसी से प्रदेश के कार्यकर्ताओं के लिए अपील जारी की गई तथा पूर्व मंत्री पी.सी.शर्मा को सम्यक अभियान का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय प्रदेश आयोजन समिति गठित की गई है।



### चलें रामराज्य की ओर अभियान

भोपाल के नवाब के आमंत्रण पर महात्मा गांधी 11 सितंबर 1929 को तीन दिवसीय प्रवास पर भोपाल आए थे। उस समय के स्तंभकारों व पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि वे किस तरह से स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक सरकार बनाना चाहते है। भोपाल के बेनजीर मैदान में सभा को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि अंग्रेजों के जाने के बाद भारत में रामराज्य स्थापित किया जायेगा। उन्होंने रामराज्य को स्पष्ट करते हुए कहा था कि ऐसा ईश्वर का राज्य जिसमें भय, भ्रष्टाचार व भेदभाव नहीं होता। जिसमें न्याय सुगम होता है। कानून व्यवस्था राजा व प्रजा के लिए एक समान होती है। सभी सुखी होते है। सम्यक अभियान के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े ने पत्रकारों को बताया कि सम्यक अभियान द्वारा 19 नवंबर 2025 को रविन्द्र भवन भोपाल में आयोजित इंदिरा गांधी 108 वें जयंती समारोह के अवसर पर चलें रामराज्य की ओर अभियान का शुभारंभ किया गया है। ..ताकि महात्मा गांधी की रामराज्य की अवधारणा को धरातल पर उतारा जा सके। चले रामराज्य की ओर अभियान के रथ का शुभारंभ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा तथा पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वय कांतिलाल भूरिया व अरुण यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया था। उन्होंने बताया कि चलें रामराज्य की ओर अभियान के केंद्रीय समन्वयक एडवोकेट सैयद साजिद अली है। उनके साथ केंद्रीय एक्जीक्यूटिव कमेटी में एक सिक्ख, एक ईसाई,एक जैन, एक बौद्ध, एक एक ठाकुर,ब्राह्मण, वैश्य, ओबीसी, ईबीसी, एस सी व एस टी के सदस्य शामिल है। यह अभियान फिलहाल मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में संचालित है। केंद्रीय कमेटी के समान ही प्रदेश व प्रांतीय कमेटियां गठित की गई है। गत 6 जनवरों को महात्मा गांधी ने छिंदवाड़ा के जिस चिटनिस गंज से 6 जनवरी 1921 को असहयोग आंदोलन की शुरुआत की थी,उसी स्थान से सम्यक अभियान द्वारा इंदिरा ज्योति यात्रा व चलें रामराज्य की ओर अभियान की शुरुआत की गई है। आगामी तीन वर्षों में इंदिरा ज्योति यात्रा व चलें रामराज्य की ओर अभियान के संदेश को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में हर घर,हर द्वार तक पहुंचाया जायेगा। श्री रोकड़े ने बताया कि इंदिरा गांधी ने सन् 1969 में रामचरितमानस चतुष्शताब्दी समारोह हेतु अंतरराष्ट्रीय समिति गठित की थी। वे स्वयं उक्त अंतरराष्ट्रीय समिति की अध्यक्ष थी तथा डॉ. कर्ण सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सन् 1974 में समारोह आयोजित किया गया था। इस प्रकार इंदिरा गांधी ने महात्मा गांधी की रामराज्य की अवधारणा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित व प्रसारित की थी। उस समय देश के सभी स्कूलों में प्रति शनिवार बालसभा आयोजित कर छात्रों को रामराज्य की अवधारणा से अवगत कराया जाता था तथा प्रत्येक गांव में मानस मंडली बनाकर उन्हें प्रतिवर्ष 72 रुपए रामराज्य की अवधारणा के प्रचार प्रसार हेतु दिए जाते थे। प्रत्येक जिला मुख्यालय में मानस भवन भी उसी कालावधि में बनाए गए थे। इंदिराजी ने रामराज्य की अवधारणा को धरातल पर उतारने हेतु पंचस पद्धति अपनाई थी। जिसके तहत समतामूलक सामाजिक व्यवस्था व समानता मूलक शासन व्यवस्था स्थापित करने, सम्यक विकास का मार्ग प्रशस्त करने, देशवासियों के स्वाभिमान को बनाएं रखने व देश का सम्मान बढ़ाने हेतु क्रांतिकारी पहल की गई। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य रूप से भास्कर राव रोकड़े (प्रमुख सम्यक अभियान), काँग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, नगर अध्यक्ष प्रभात पाण्डेय, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी मौजूद रहे।




## कमिश्नर ने दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं और दिए निराकरण के निर्देश

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत संभाग के दूर-दराज के क्षेत्रो से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के ग्राम दुलादर निवासी रामप्रकाश शुक्ला ने ट्रांसफार्मर बदलने, ग्राम बंधवाखुर्द अवैध भूमि की जांच करवाने, धनपुरी निवासी रश्मि नामदेव ने अनुकंपा नियुक्ति दिलवाने, बुढार निवासी निर्मला चर्मकार ने रोजगार दिलाने, ग्राम बरदौहा निवासी घनश्याम बैगा ने पीएम आवास की राशि दिलवाने, ग्राम जैतपुर निवासी ओमप्रकाश मिश्रा ने सीमांकन की कार्यवाही निरस्त करवाने संबंधित आवदेन दिए। कमिश्नर ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मुद्रिका सिंह सहित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने आमजन की सुनीं समस्या एवं शिकायतें

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम कुदरी निवासी प्रशांत सिंह ने अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि दिलवाने, निवासी बईलू पनिका ने आधार कार्ड बनवाने, धनपुरी निवासी रूबी सिंह ने धनपुरी अस्पताल में डायलिलिस करवाने, ग्राम खांड निवासी संपत चर्मकार ने विद्युत कनेक्शन लगवाने हेतु आवेदन किया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज परिसर में वाहन चोर सक्रिय, कर्मचारी की स्प्लेंडर प्रो चोरी

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मेडिकल कॉलेज परिसर में एक कर्मचारी की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित कर्मचारी निलेश यादव ने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्रो, काला रंग, वाहन क्रमांक एमपी 18 एमई 2802, मॉडल 2012 22 मई की रात मेडिकल कॉलेज परिसर से चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार, निलेश यादव रोज की तरह रात 9.47 बजे अपनी ड्यूटी पर मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे और फीवर क्लिनिक के पास स्थित पार्किंग में अपनी बाइक खड़ी कर दी थी। अगले दिन सुबह लगभग 8 बजे जब वे ड्यूटी समाप्त कर घर जाने के लिए पार्किंग पहुंचे, तो उनकी बाइक वहां नहीं मिली। पीड़ित ने घटना की सूचना तत्काल अस्पताल प्रबंधन को दी। उनका आरोप है कि पार्किंग व्यवस्था की कार्यप्रणाली संदिग्ध प्रतीत होती है, क्योंकि इससे पहले भी कई कर्मचारियों की गाड़ियां चोरी हो चुकी हैं। उनका कहना है कि चोरी की घटनाओं में केवल स्टाफ के वाहनों को ही निशाना बनाया जाता है, जबकि अन्य वाहनों के साथ ऐसी घटनाएं नहीं होतीं। निलेश यादव ने प्रशासन और पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उनकी चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद कराने की मांग की है। उनका कहना है कि वाहन उनके दैनिक आवागमन और रोजगार का महत्वपूर्ण साधन है, इसलिए शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज परिसर की सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

**लगातार हो रही वाहन चोरियों से कर्मचारियों में आक्रोश, जांच की मांग तेज**

## ससुराल आए युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

**उमरिया (स्वतंत्रमत) -** जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पिपरिया थाना कोतवाली उमरिया अन्तर्गत रविवार 25 मई की दोपहर करीब 12रू30 बजे ग्राम पिपरिया के खेतों पर स्थित पेड़ में कपड़े से बने फांसी के फंदे पर लटका हुआ एक युवक का शव पाया गया है। मृतक की पहचान सूरज रजक उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी धनपुरी जिला शहडोल के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक की ग्राम पिपरिया के रजक परिवार में ससुराल है,जहां वह किसी गमी वाले कार्यक्रम में शामिल होने आया हुआ था। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायमी करते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई एवं जसके पीएम की कारवाई की। पीएम रिपोर्ट एवं पुलिस की जाँच पड़ताल के उपरान्त ही इस नतीजे पर पहुंचा जा सकेगा कि, युवक के मौत की असली वजह युवक द्वारा उठाया गया आत्मघाती कदम है, या कोई अन्य संदिग्ध परिस्थिति से।

# पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया वट सावित्री व्रत पर सामाजिक अनुसंधान

### महिलाओं से संवाद कर विद्यार्थियों ने समझा वट सावित्री व्रत का सामाजिक एवं पर्यावरणीय महत्व

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वट सावित्री व्रत के सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के एम.एस.डब्ल्यू. के विद्यार्थियों द्वारा 16 मई को विभागाध्यक्ष नीलिमा खरे जी के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सांस्कृतिक मूल्यों के अध्ययन को बढ़ावा देने हेतु मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एम.एस.डब्ल्यू.) के विद्यार्थियों द्वारा वट सावित्री व्रत के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर एक सामुदायिक अध्ययन एवं समाज कार्य गतिविधि आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों एवं मोहल्लों में जाकर महिलाओं से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया तथा साक्षात्कार पद्धति के माध्यम से जानकारी संकलित की। इस अध्ययन के अंतर्गत प्रत्येक छात्र द्वारा पाँच-पाँच महिलाओं का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें वट सावित्री व्रत की परंपरा, धार्मिक आस्था, सामाजिक महत्व तथा वैज्ञानिक पक्ष से संबंधित सामान्य प्रश्न पूछे गए। अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि अधिकांश महिलाएँ इस व्रत को सनातन परंपरा से चली आ रही पति की दीर्घायु, पारिवारिक सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना हेतु श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाती हैं। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत के दिन वट वृक्ष (बरगद) की पूजा की जाती है तथा उसकी परिक्रमा कर धागा बांधकर पति की लंबी आयु की प्रार्थना की जाती है। कई महिलाओं ने इस पर्व को परिवार एवं समाज में वैवाहिक संबंधों की मजबूती और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। विद्यार्थियों ने अपने अध्ययन में वट वृक्ष के वैज्ञानिक महत्व को भी शामिल किया। भारतीय परंपरा में पूजनीय वट वृक्ष पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से बरगद का वृक्ष दीर्घायु, विशाल एवं अधिक मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान करने वाला वृक्ष माना जाता है। इसकी जड़ें एवं पत्तियाँ वातावरण को शुद्ध करने में सहायक होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वट वृक्ष सामाजिक मेल-जोल, सामुदायिक बैठकों तथा छायादार विश्राम स्थल के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अध्ययन के दौरान विद्यार्थियों ने पाया कि आधुनिक समय में भी महिलाएँ अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति गहरी आस्था रखती हैं, किंतु नई पीढ़ी में इसके वैज्ञानिक एवं सामाजिक महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। इस प्रकार यह समाज कार्य अध्ययन भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक चेतना को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में पर्यावरण गतिविधि के विभाग प्रमुख तिवारी जी एवं सदस्यों का योगदान महत्वपूर्ण रहा छात्रों के साथ समन्वय कार्य विजिटिंग फैकल्टी नितिन गर्ग, डॉ चंद्रकांत त्रिपाठी, अर्पित दुबे एवं एम एस डब्ल्यू की छात्रा विद्या सिंह, नीलाक्षी सिंह, राम बाबू पटेल, कोमल द्विवेदी, पुष्पलता, धनेश्वरी, शाहीन, कीर्ति, पिंकी कुशवाहा, रितिका सिंह, उमा प्रजापति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## जंगल के बीच सिवनहेटी गांव पहुँचा स्वास्थ्य अमला

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** वैश्विक स्तर पर 2030 से पहले भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जा रही हैं। इसी क्रम में तिरोड़ी तहसील के सुदूरवर्ती ग्राम सिवनहेटी में मंगलवार को दोपहर 12 बजे स्वास्थ्य अमला पहुँचा और दोपहर 2 बजे तक घर-घर जाकर ग्रामीणों का एक्स-रे किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद भलावी के निर्देशन में टीबी अधिकारी मिलन गुप्ता, एक्स-रे टेक्निशियन धमेन्द्र लिल्हारे, सुपरवाइजर डी.के. ठवरे, आशा कार्यकर्ता दुर्गा नेवारे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुंती देवी राउत ने पूरे गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।

# जमीन सौदे में 11 लाख की धोखाधड़ी का आरोप आदिवासी महिला ने लगाई न्याय की गुहार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक आदिवासी महिला ने जमीन विक्रय के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी, जातिसूचक गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया गया गोंड़ पति विशंभर सिंह गोंड़ निवासी वार्ड सेंट एलॉयसिस स्कूल के पास जमुआ, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल की रहने वाली हैं।

उन्होंने आवेदन देकर बताया कि आरोपी राजेन्द्र कुमार नामदेव पिता एस.के. नामदेव निवासी हुंडई शोरूम के सामने गोरतरा, शहडोल से उनकी और उनके पति की पुरानी जान-पहचान थी। इसी भरोसे और विश्वास के चलते उन्होंने आरोपी से जमीन खरीदने का सौदा किया था। आवेदन में बताया गया है कि ग्राम जमुआ स्थित खसरा नंबर 236 रकबा 0.360 हेक्टेयर भूमि में से 0.75 डिसमिल भूमि का सौदा आरोपी और प्रार्थिया के बीच 44 लाख रुपये में तय हुआ था। आरोपी ने सौदे के एवज में अग्रिम राशि के रूप में 11 लाख रुपये प्राप्त किए। इसमें से 23 जनवरी 2026 को 8 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से आरोपी के खाते में ट्रांसफर किए गए, जबकि 3 लाख रुपये नगद प्रार्थिया के पति विशंभर सिंह की मौजूदगी में दिए गए। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने आश्वासन दिया था कि वह एक सप्ताह के भीतर जमीन की रजिस्ट्री उनके पक्ष में करा देगा। आरोपी की बातों पर भरोसा करते हुए उन्होंने पूरी अग्रिम राशि का भुगतान कर दिया। इतना ही नहीं, रजिस्ट्री की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए सेवा प्रदाताओं को भी भुगतान किया गया और स्लॉट बुकिंग की तैयारी भी शुरू कर दी गई थी। लेकिन कुछ समय बाद आरोपी ने रजिस्ट्री कराने में आनाकानी शुरू कर दी। पहले वह एक माह के भीतर रजिस्ट्री कराने का भरोसा देता रहा, लेकिन समय गुजरने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब प्रार्थिया और उनके पति ने आरोपी से संपर्क कर जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात कही, तो आरोपी लगातार बहाने बनाकर टालमटोल करता रहा। आरोप है कि बाद में आरोपी ने साफ तौर पर रजिस्ट्री कराने से इंकार कर दिया।



इतना ही नहीं, जब पीड़िता ने अपनी अग्रिम राशि वापस मांगने या जमीन की रजिस्ट्री करने की बात कही, तो आरोपी कथित रूप से आगबबूला हो गया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने दोबारा जमीन या पैसे की बात की तो उन्हें जान से खत्म करवा दिया जाएगा। प्रार्थिया ने अपने आवेदन में कहा है कि वर्तमान में उक्त भूमि की कीमत में काफी वृद्धि हो चुकी है। इसी लालच में आकर आरोपी की नीयत बदल गई और उसने धोखाधड़ी, छल-कपट एवं विश्वासघात करते हुए उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने जानबूझकर उनके साथ बेईमानी कर सदोष लाभ अर्जित करने का प्रयास किया है। महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपी का यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी राजेन्द्र कुमार नामदेव के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, धमकी तथा अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।

**न्यायालय आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति श्रम न्यायालय शहडोल म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक - बी-21/WC Act2021
जवाक क्रमांक - 515 ,दिनांक - 21.5.26
पेशी दिनांक - 15.6.2026

1. लक्ष्मी सिंह पति स्वर्गीय राजकरण सिंह उम्र 36 वर्ष - व अन्य निवासी ग्राम वार्ड नंबर 07 कौवा सरई जयसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र..... आवेदकगण

बनाम

श्रीमती कल्पना सिंह पति श्री एस एस सिंह निवासी ग्राम तेंदुआड थाना जयसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र...... अनावेदकगण

प्रति,

श्रीमती कल्पना सिंह पति श्री एस एस सिंह निवासी ग्राम तेंदुआड पो.बराछ थाना ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र.

जो कि आवेदक गण ने आपके विरुद्ध कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गतआवेदन पत्र आदेश 9 नियम 9 जा.टी.का प्रस्तुत किया है। इस लिये आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने किसी अधिकृतअभिकर्ता/अधिवक्ता द्वारा जिन्हे प्रकरण के तथ्यों का सम्यक ज्ञान हो आगामी सुनवाई दिनांक 15.6.2026 को दिन के 11 बजे इस न्यायालय में उपस्थित हो कर जवाब प्रस्तुत करे, यदि उक्त दिनांक को आप उपस्थित नही हुये तो इस प्रकरण में आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध विधि अनुकूल एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अंग्रिम कार्यवाही की जावेगी। उक्त दिनांक को अवकाश हो जाने पर अथवा किसी कारण वश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाने पर प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी। इस न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 21-5-26 को जारी किया गया।

**आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति श्रम न्यायालय शहडोल म.प्र.**

# आसमान से बरस रही आग जमकर तपा रहा नौतपा

## सड़कों पर छाया सन्नाटा, घर-घर बीमारियों की दस्तक

जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।

नौतपा के दूसरे दिन संस्कारधानी में सूर्य देव के तेवर और अधिक आक्रामक हो गए हैं। आसमान से बरसती आग और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं के कारण मंगलवार शहर की रफ्तार पर पूरी तरह ब्रेक लग गया। भीषण तपन और लू के खौफ से लोग दोपहर होते-होते अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गए। तेज गर्मी के चलते मंगलवार जनसुनवाई में भी फरियादियों की कम संख्या दखी गयी। सड़कों पर आवाजाही बेहद कम रही, जिससे शहर का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त नजर आया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.9 एवं न्यूनतम तापमान 30 डिग्री पर रहा।



### बाजारों से रौनक गायब

गर्मी का असर शहर के व्यापारिक केंद्रों पर देखने को मिला है। मंगलवार और तेज गर्मी के कारण जबलपुर के प्रमुख बाजार बड़ा फुहारा, सिविक सेण्टर, सुपर मार्केट, अंदेरदेव से रौनक पूरी तरह गायब हो गयी । दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मुख्य बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा । लोग मार्केट तरफ शीतल पेय, गन्ने का रस, मसाला सोडा ,शिकंजी ,लस्सी , आम पन्ना, जलजीरा पिने के लिए ही निकले। जानलेवा गर्मी में सबसे बड़ी 'अग्निपरीक्षा' समाज के उस तबके को देनी पड़ रही है जो रोज कुआं खोदता है और रोज पानी पीता है।

तपती धूप में पसीना बहा रहे निर्माण कार्यों से जुड़े मजदूर, ठेला चलाने वाले, और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले और दुकानों में समान पहुंचाने वाले ट्रान्सपोर्ट हेल्पर इस भीषण गर्मी में भी काम करने को मजबूर हैं। लू के थपेड़ों के बीच पेट पालने की इस जद्दोजहद ने मजदूर वर्ग की मुश्किलें दोगुनी कर दी हैं। दोपहर की भीषण तपन में भारी शारीरिक श्रम करना इनके स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ है।

### पश्चिमी हवाओं का तांडव जारी

मौसम विभाग के मुताबिक, मौसम के इस उग्र रूप के पीछे लगातार चल रही गर्म पश्चिमी हवाएं हैं। राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से आ रही ये हवाएं जबलपुर और उससे लगे महाकौशल के पूरे क्षेत्र को भट्टी की तरह तपा रही हैं। मौसम केंद्र ने आगामी दिनों के लिए भी तीव्र उष्ण लहर की संभावना जताई है। स्वास्थ्य विषेशज्ञों ने लोंगो से अपील की है कि वे दोपहर के समय बेवजह बाहर न निकलें, और मजदूरों को भी सलाह दी गई है कि वे दोपहर के सबसे गर्म घंटों में सीधे धूप में काम करने से बचें।

# ट्रेन में चढ़ते वक्त होमगार्ड सैनिक का फिसला पैर, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

## आरपीएफ जवान ने तत्परता दिखाते हुए बचाई जान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत तत्परता एवं साहस का परिचय देते हुए एक यात्री की जान बचाई गई। जानकारी के मुताबिक 25 मई को लगभग 17.06 बजे गाड़ी संख्या 22189 जबलपुर-रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म क्रमांक 05 से प्रस्थान के दौरान एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म एवं ट्रेन के बीच गैप में गिर गया। ड्यूटी पर तैनात सहायक उप निरीक्षक धीरज कुमार एवं प्रधान आरक्षक भाग सिंह ने अदम्य साहस, सतर्कता एवं त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए तत्काल यात्री को सुरक्षित बाहर निकाल लिया तथा उसकी जान बचाई। घटना में यात्री को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। उक्त यात्री ने अपना नाम गुणाकर तिवारी, उम्र 56 वर्ष, निवासी सिहोरा तथा होमगार्ड मुख्यालय में पदस्थ होना बताया। यात्री ने बताया कि चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया था। प्लेटफॉर्म पर उपस्थित यात्रियों ने आरपीएफ जवानों की त्वरित एवं साहसिक कार्रवाई की सराहना की।

**घायल महिला यात्री की बचाई जान**-इसी प्रकार जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 4/5 की सीढ़ियों से गिरकर घायल हुई एक महिला यात्री को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं रेलवे स्टाफ द्वारा तत्परता से सहायता प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार, एएसआई धीरज द्वारा सूचना दिए जाने पर



इमरजेंसी मेडिकल रिस्पांस स्टाफ की सदस्य अनीता ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल महिला को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। महिला यात्री की पहचान अंजली तिवारी (उम्र लगभग 30 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के समय महिला के साथ लगभग 6-7 अन्य महिलाएं भी मौजूद थीं, जो कटनी जाने वाली थीं। घायल महिला की स्थिति को देखते हुए रेलवे स्टाफ द्वारा उन्हें अस्पताल जाने की सलाह दी गई। तत्पश्चात व्हीलचेयर की सहायता से महिला को सुरक्षित रूप से एम्बुलेंस तक पहुंचाया गया एवं उनके परिचितों के अनुरोध पर आगे उपचार हेतु निजी अस्पताल भेजा गया।



## बकरीद से पहले शांति समिति की बैठक संपन्न

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर पुलिस थाने में मुस्लिम धर्मालंबियों एवं जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित थाना प्रभारी गाजीवती कोसाम की उपस्थिति में आगामी मुस्लिम समाज के बकरीद त्यौहार के मद्दे नजर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में थाना प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक जबलपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करने की बात कही इस मौके पर मुस्लिम समाज से लाइक खान ,अजीम खान, मजिद मोइन खान ,जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी, विजय दुबे, नित्तु सोनी, बलराम पटेल ,ओम प्रकाश चक्रवर्ती, गोलू चक्रवर्ती सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## शासकीय भूमियों पर अवैध कब्जे का आरोप

**सिहोरा (स्वतंत्र मत) ।** गोसलपुर कस्बे में शासन की रिक्त पड़ी शासकीय जमीनों पर भू माफियाओं की नजर पड़ गयी है । सांठ गांठ के चलते गोसलपुर के राजस्व अभिलेख में अंकित शासकीय भूमि जो विभिन्न शासकीय प्रयोजनों के लिए राजस्व रिकॉर्ड में सुरक्षित रखी गई ऐसी तमाम भूमियों पर भू माफिया धड़ल्ले से कब्जा कर रहे हैं। अनेकों बार इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों को मौखिक व लिखित शिकायत की गई परंतु किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। गोसलपुर के साप्ताहिक झंडा बाजार प्रांगण, बस स्टैंड, रामलीला मैदान ग्राम के अन्य प्रमुख मार्ग मुक्तिधाम की भूमि, रामसागर तालाब के नाले की सुरक्षित भूमि, चमड़ा छीलन केंद्र, मंदिर कुंआ, तालाब, चरोखर भूमि, रामसागर तालाब की सीढिया, विभिन्न जल स्त्रोतों की सुरक्षित भूमियों पर लगातार अवैध कब्जे हो रहे हैं और इन कब्जाधारियों के द्वारा कब्जे करके स्थाई व अस्थाई रूप से कच्चे पक्के निर्माण करके मोटी रकम लेकर बिक्री कर दिया जाता है। इसके साथ ही गोसलपुर ,सिहोरा तहसील के अंतर्गत बड़ी पंचायत में आती है यहां पर शासन के बड़ी संख्या में शासकीय खसरे है। इन जमीनो पर राजस्व अमले के द्वारा ध्यान न देने के चलते मौजूदा हालात मे इन शासकीय जमीनों पर कब्जे की होढ मची है । जबकि इन अवैध कब्जों की जानकारी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम कोटवार, पटवारी, आरआई तहसीलदार, जनप्रतिनिधियों सबको होती है।

# भीषण गर्मी में मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ कर रहा मानवता की सेवा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मानव सेवा और जनकल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते हुए मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ (जिला स्वास्थ्य समिति, जबलपुर) द्वारा एक बेहद सराहनीय पहल की गई है। अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों (अटेंडरों) की सुविधा के लिए आज से 10 दिवसीय निःशुल्क आरओ शुद्ध पेयजल सेवा की शुरुआत की गई है। इस व्यवस्था से भीषण गर्मी के इस मौसम में अस्पताल आने वाले सैकड़ों लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी आसानी से मिल सकेगा।



जनहितकारी सेवा का विधिवत शुभारंभ संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉक्टर अरविंद शर्मा के कर-कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर डॉ. शर्मा ने कर्मचारी संघ के इस प्रयास की खुलकर सराहना की और इसे समाज सेवा की दिशा में एक अनुकरणीय कदम बताया। उपस्थित अन्य गणमान्य नागरिकों और डॉक्टरों ने भी इस पहल को मरीजों के लिए बड़ी राहत देने वाला बताया। इस गरिमामयी सेवा कार्य के शुभारंभ अवसर पर प्रांतीय महामंत्री अजय कुमार दुबे, संभागीय वरिष्ठ सलाहकार वैद्यनाथन अय्यर, जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पनगरहा और उपाध्यक्ष सुरेश वाल्मीकि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही कोषाध्यक्ष रोहित पटेल, सोम सिंह उदय, अमर पनगरहा, सुनील पाठक, बिहारी लाल बैगा, परमलाल बर्मन, प्रकाश रजक, सुरेश धूलिया, मनीष खरे, सुमित सिरसवांन और हेमराज विश्वकर्मा सहित संघ के अनेक सदस्य एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे, जिन्होंने इस सेवा कार्य में अपना योगदान दिया।



## अधिवक्ता मित्र मंडली ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधिवक्ता मित्र मंडली के तत्वावधान में मंगलवार को जबलपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी के पदभार ग्रहण के उपलक्ष्य में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व निर्वहन हेतु पुष्पमालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर हार्दिक सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने जबलपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने एवं सुंदर, व्यवस्थित नगर निर्माण हेतु अपनी शुभकामनाएं व बधाइयां प्रेषित कीं। समारोह में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीप प्रकाश, एड. मनोज कुमार सनपाल, एड. आकाश शर्मा, एड. वैभव कुमार जैन, एड. पवन शर्मा, एड. रवि गुर्जर, एड. अभिषेक सोनी, एड. भरत रजक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। सभी अधिवक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों के कुशल नेतृत्व में जबलपुर विकास प्राधिकरण नगर के सर्वांगीण विकास में नए आयाम स्थापित करेगा।

## भीषण गर्मी में आमजन को राहत देने स्थापित किया वॉटर कूलर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज दुबे एवं उनके परिवार द्वारा अपने स्व पिता, पूर्व आचार्य, अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता, कला एवं दर्शनशास्त्र विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय स्व. डॉ. एसपी दुबे की पुण्य स्मृति में आमजन की जल सेवा हेतु वाटर कूलर समर्पित किया गया। यह वाटर कूलर 6 नंबर रेलवे प्लेटफार्म की ओर स्थित एसपी कार्यालय के पास राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह स्मृति प्रतिमा स्थल पर स्थापित किया गया है, जिससे प्रतिदिन आने-जाने वाले नागरिकों एवं राहगीरों को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि श्री पंकज दुबे एवं उनके परिवार द्वारा पूर्व में भी जिला न्यायालय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कूलर, सैनिटाइजर किट एवं फर्स्ट एड किट जैसी जनहितकारी सामग्री भेंट कर समाजसेवा के कार्य किए जाते रहे हैं। इस अवसर पर पंकज दुबे का परिवार, सुधीर श्रीवास्तव, जगदीश ननहेट, किशोरी लाल भलावी, अजय झरिया आदि उपस्थित रहे।

# बेसहारा बुजुर्गों का संबल बनी मोक्ष संस्था

## गढ़ा क्षेत्र के 4 लावारिस शवों का सम्मानपूर्वक किया अंतिम संस्कार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** समाज में जहां एक ओर रिश्तों की दूरियां बढ़ती जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति समाज के सबसे लाचार और बेसहारा लोगों के लिए एक बड़ा संबल बनकर उभर रही है। संस्था द्वारा लगातार निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा का कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 25 मई 2026 को थाना गढ़ा क्षेत्र से पुलिस और स्थानीय सूत्रों के माध्यम से 3 लावारिस शवों की सूचना मिली थी। इसके अगले ही दिन यानी 26 मई 2026 को एक और लावारिस शव की जानकारी प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही मोक्ष समिति के संयोजक आशीष ठाकुर अपने सहयोगियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने चारों शवों को ससम्मान तिलवारा मुक्तिधाम पहुंचाया, जहां पूरी गरिमा, धार्मिक रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। समिति केवल अंतिम विदाई तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जीवित इंसानों की जिंदगी संवारने में भी जुटी है। सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर अत्यंत दयनीय और बेसहारा अवस्था में मिलने वाले बुजुर्गों को मोक्ष की टीम सुरक्षित रेस्क्यू कर रही है। इन बुजुर्गों को मेडिकल क्षेत्र स्थित मोक्ष आश्रय में लाया जाता है, जहां उन्हें सुरक्षित छत, भोजन, स्वास्थ्य लाभ और अपनों जैसी देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। मोक्ष समिति के संयोजक आशीष ठाकुर और उनकी टीम ने इस पुनीत कार्य को और आगे बढ़ाने के लिए समाजसेवियों तथा आम नागरिकों से आगे आने का आह्वान किया है। उन्होंने अपील की है कि मानव सेवा के इस महायज्ञ में अपना सहयोग प्रदान करें, ताकि हर जरूरतमंद को जीते जी एक सम्मानजनक जीवन मिल सके ।

# धोखाधड़ी मामला: न्यायालय ने खारिज की केस ट्रांसफर की मांग

## निष्पक्षता पर उठाया था सवाल खारिज हुई अर्जी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

चर्चित आपराधिक मामले में कोर्ट ने आरोपी राजेश कुमार अवस्थी की उस मांग को खारिज कर जल्दी निर्णय से बचने के रास्ते को बंद कर दिया, जिसमें उसने अपने खिलाफ चल रहे केस की कार्यवाही में देरी करने के लिए उसे दूसरे न्यायालय में ट्रांसफर करने की गुहार लगाई थी।

जानकारी के मुताबिक दीक्षितपुरा के रहने वाले राजेश कुमार अवस्थी के खिलाफ पुलिस थाना माढ़ोताल में धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत में चल रहा था। बताया जा रहा है कि आपराधिक मामले में जब शिकंजा कसने लगा तो खुद को जल्दी से फंसता देख आरोपी राजेश ने सत्र न्यायालय में एक अर्जी लगाई कि जज की पहचान शिकायतकर्ता पक्ष से है, वे पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। इसलिए उन्हें निष्पक्ष न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। लिहाजा इस केस को किसी दूसरे जज के पास ट्रांसफर कर दिया जाए। मामला उस समय और गरमा गया जब आरोपी पक्ष ने कोर्ट द्वारा बीएनएनएस की धारा 107 की कार्रवाई शुरू किए जाने को भी पूर्वाग्रह का उदाहरण बताया। अवस्थी के वकील की दलील थी कि जज ने बिना किसी आवेदन के स्वतः संज्ञान लेकर आरोपी राजेश अवस्थी, उसकी बहन रश्मि अवस्थी और मां गीता अवस्थी के बैंक खाते सील करने का आदेश जारी किया था जिस पर शिकायतकर्ता पक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी के वकील आदर्श सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए अदालत में तर्क दिया कि धारा 107 में प्रावधान है कि यदि अदालत को विश्वास हो कि संपत्ति अपराध की आय है तो वह बिना किसी आवेदन के प्रभावित व्यक्ति को 14 दिनों के भीतर संपत्ति कुर्क करने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी कर सकता है और उस व्यक्ति के उपस्थित न होने पर न्यायालय एकतरफा आदेश पारित कर सकता है। यदि न्यायालय को लगता है कि नोटिस भेजने से कुर्की का उद्देश्य विफल हो जाएगा, तो वह बिना नोटिस दिए सीधे अंतरिम कुर्की या जब्ती का एकतरफा आदेश भी पारित कर सकता है।



उन्होंने आगे कहा कि आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट तक सिविल केस हारने के बाद भी विवादित संपत्ति अवैध रूप से बेची है।आरोपी जानबूझकर केस की कार्यवाही लटकाने के लिए यह आवेदन लेकर आया है। पक्षकारों ने यह आरोप भी लगाया कि आरोपी ने महत्वपूर्ण तथ्य छिपाकर कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की। अतः जज बदलने की अर्जी भारी जुर्माने के साथ खारिज की जानी चाहिए। सत्र न्यायालय ने न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार से इस संबंध में टीप मांगी, तो उन्होंने आरोपी के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूर्णतः असत्य और आधारहीन बताया।

### मनगढ़ंत आरोपों पर नहीं बदलेंगे जज

हालांकि अदालत ने पूर्वाग्रह की दलीलों को पर्याप्त नहीं माना। सुनवाई के दौरान अदालत ने साफ कहा कि आवेदक की ओर से व्यक्त की गई आशंका कि उन्हें पीठासीन अधिकारी से न्याय प्राप्त नहीं हो पायेगा, पूर्णतः काल्पनिक एवं आधारहीन है। केवल कल्पनाओं और आशंकाओं के आधार पर केस ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। इसके लिए न्याय की विफलता की युक्तियुक्त आशंका विद्यमान होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका की विश्वसनीयता बनाए रखना जरूरी है और ट्रांसफर आदेश रूटीन में नहीं दिए जा सकते।

### नहीं मिला कोई ठोस आधार

सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्र ने फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट के उस्मान गनी अदमभाई वहोरा बनाम गुजरात राज्य (2016) मामले का विशेष जिक्र किया। कोर्ट ने साफ कहा कि न्याय सिर्फ होना नहीं चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई भी सिर्फ मनगढ़ंत आशंका जताकर जज बदलने की मांग करने लगे। कोर्ट के कानूनी आदेशों से नाराज होकर केस ट्रांसफर की मांग करना पूरी तरह गलत है।अंततः सत्र न्यायालय ने आरोपी राजेश अवस्थी की सारहीन अर्जी अंतर्गत धारा 448 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 खारिज कर दी और स्पष्ट किया कि मामले को दूसरे न्यायालय में भेजने का कोई ठोस आधार मौजूद नहीं है।

## छात्राओं के लिए आत्मनिर्भरता का नया मार्ग बना जूडो

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला जूडो संघ के सचिव एवं वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान द्वारा दी गई जानकारी अनुसार, जूडो आज के समय में आत्मरक्षा का एक अत्यंत प्रभावी एवं उपयोगी माध्यम बन चुका है। यह जापान की प्रसिद्ध मार्शल आर्ट है, जिसमें बिना किसी हथियार के स्वयं की सुरक्षा करना सिखाया जाता है। जूडो की विशेषता यह है कि इसमें विरोधी की शक्ति और गति का उपयोग उसी के विरुद्ध किया जाता है, जिससे शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी कठिन परिस्थितियों में अपनी प्रभावी रक्षा कर सकता है। उन्होंने बताया कि जूडो केवल आत्मरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर मजबूत, संतुलित एवं फुर्तीला बनता है।

**M.P. POWER MANAGEMENT CO. LTD.**
Rampur, Jabalpur

**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | 2026_MPPMC_509938_1 |
| 2 | Tender Specification No | EE/C/I/1109 |
| 3 | Tender Type/ Mode of Tender | Double Envelope/e-Tendering |
| 4 | Tender for | **Sweeping & cleaning work of MPPMCL HOSPITAL COMPLEX, Rampur Jabalpur.** |
| 5 | Bids Submission Last Date & Time | 09-June-2026 15:00:00 |
| 6 | Tender Opening Date and Time | 11-June-2026 15:30:00 |
| 7 | Bid Fee (INR) | Rs. 590/- (with GST) |
| 8 | Earnest Money (INR) | Rs. 6,530/- |
| 9 | Eligibility of Contractor- | Registered in MPPMCL in E-1 or above category or having experience as per bid data sheet. |
| 10 | Tender Forms Available at Website | **www.mptenders.com** |
| 11 | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833/2702888 |

**Note** - The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on MP Tenders Site.
M.P. Madhyam/126013/2026 **EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL) DN. I**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

N.I.T. NO/PWD/e-tendering/PRO NO 218 Dated 26/5/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_510719_1 27/5/2026 | सं.क्र.-11 अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड अंतर्गत जमतरा स्थित खिरैनीघाट निर्माण कार्य (महापौर मद) | 4 माह रु.75.51 लाख | रु. 10000/- रु. 56637/- | 25/6/2026 |
| 2 | 2026_UAD_510719_2 27/5/2026 | सं.क्र.-11 अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड गीताधाम गौशाला, ग्राम भटौली में स्थित गौवंश आश्रय में (पशु आश्रय) गृह एवं कर्मचारी आवास निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 2 माह रु.4.20 लाख | रु. 2000/- रु. 4208/- | 13/6/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग
नगर निगम, जबलपुर

# बैहर–बिरसा क्षेत्र में अंधाधुंध पेड़ कटाई, हरियाली पर संकट

## आम, लिप्टन, बांस की किसानों के खेतों में कटाई, आखिर कौन है जिम्मेदार ?

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।



पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए एनजीटी ने हरे पेड़ो के कटान पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। वहीं जिले में लकड़ी माफिया न सिर्फ हरे पेड़ों की कटान को खुलेआम अंजाम दे रहे है बल्कि एनजीटी के आदेशों की भी जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसा ही मामला जिले के बैहर और बिरसा तहसील क्षेत्र में इन दिनों आम, लिप्टन, कटंग बांस और सटक्ड़ा जैसे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण और वन संपदा पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। किसानों के खेतों की आड़ में बड़े पैमाने पर पेड़ों और बांसों की कटाई किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। खास बात यह है कि पूर्व में सीसीएफ बालाघाट द्वारा आम के पेड़ों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद क्षेत्र में फलदार आम के पेड़ों पर जमकर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, बिरसा वन परिक्षेत्र के कोरका, बोंदारी, उर्सकाल, अडोरी सहित आसपास के गांवों में बड़े पैमाने पर बांस कटाई हुई है। आरोप है कि कुछ व्यापारी और उनके बिचौलिए किसानों से कम दामों में खेतों में लगे बांस और पेड़ों का सौदा कर लेते हैं, लेकिन कटाई केवल निजी जमीन तक सीमित नहीं रहती। किसानों की जमीन से लगे सरकारी वनक्षेत्रों से भी भारी मात्रा में उत्तम गुणवत्ता के बांस काटे जा रहे हैं। आलम यह है कि वन कर्मियों की मिली भगत से अवैध कटान कर हरे-भरे पेड़ काटे जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक कटाई के बाद वन विभाग से ट्रांजिट पास जारी कर बांस और फलदार आम लकड़ी का परिवहन कराया जा रहा है।

वर्तमान में बोंदारी गांव में भारी मात्रा में कटे हुए बांस डंप किए जाने की बात भी सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना विभागीय संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में कटाई और परिवहन संभव नहीं है। नियमानुसार किसी किसान की निजी भूमि पर उगे बांस और फलदार आम की कटाई के लिए पहले राजस्व विभाग में आवेदन देना आवश्यक होता है। इसके बाद पटवारी और आरआई मौके पर सीमांकन कर यह सुनिश्चित करते हैं कि कटाई केवल निजी भूमि पर हो रही है।

सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर ही वन विभाग ट्रांजिट पास जारी करता है। लेकिन क्षेत्र में आरोप है कि बिना उचित सीमांकन और सत्यापन के ही ट्रांजिट पास जारी कर दिए गए, जिससे सरकारी जंगलों से भी अवैध कटाई कर परिवहन किया गया।

ग्रामीणों ने कोरका, बोंदारी, उर्सकाल और अडोरी क्षेत्र में हुई कटाई की संयुक्त जांच कराने, जारी ट्रांजिट पासों की समीक्षा करने और संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों व व्यापारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं वर्तमान में बायपास रोड स्थित बांस टाल में संग्रहित बांसों की भी जांच की मांग उठ रही है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की हरियाली और वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार बड़े पैमाने पर आम के पेड़ों की कटाई से तापमान बढ़ने, भूजल स्तर घटने और पक्षियों के प्राकृतिक आवास खत्म होने का खतरा रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आम के पेड़ किसानों की अतिरिक्त आय का भी प्रमुख साधन होते हैं। इसलिए पर्यावरण प्रेमियों और ग्रामीणों द्वारा फलदार आम पेड़ों की अवैध कटाई पर सख्त रोक लगाने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग लगातार उठाई जाती रही है।

# शमशान घाट की भूमि पर कर लिया अतिक्रमण

### तहसीलदार ने किया मौका निरीक्षण किसान को दी क्लिनचीट बोले नहीं किया अतिक्रमण



कटंगी(स्वतंत्र मत)।

कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम कामठी में शमशान घाट की शासकीय भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। तहसीलदार राकेश प्रजापति ने किसान को क्लीन चिट देते हुए कहा कि उनके द्वारा कोई अतिक्रमण नहीं किया गया और ना ही राजस्व अमले ने गलत सीमांकन किया है। दरअसल, सोमवार 25 मई को कामठी गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि गांव के ही किसान दिग्विजय चौधरी के द्वारा शमशान घाट की जमीन पर अतिक्रमण किया गया था, जिसे 18 अप्रैल 2026 को प्रशासन ने हटवाया था। लेकिन 23 मई 2026 को पटवारी द्वारा किए गए दोबारा सीमांकन से ग्रामीण संतुष्ट नहीं थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दिग्विजय चौधरी ने शमशान घाट की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे किया गया है। ग्रामीणों ने 18 अप्रैल 2026 को सामूहिक रूप से आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। आवेदन के तुरंत बाद उसी दिन नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। 18 अप्रैल को हुई जांच में नायब तहसीलदार ने मौके पर शमशान घाट की विवादित भूमि का सीमांकन किया था। सीमांकन के बाद अतिक्रमण हटाया गया और शमशान घाट की वास्तविक सीमा समस्त ग्रामवासियों को बताई गई। ग्रामवासियों के अनुसार, उस समय दिग्विजय चौधरी ने भी सीमांकन को स्वीकार कर लिया था। इसी दौरान यह भी सामने आया कि दिग्विजय चौधरी द्वारा शासकीय भूमि पर लगे फलदार वृक्ष काटे गए थे। नायब तहसीलदार ने इस पूरे घटनाक्रम का पंचनामा तैयार किया था। दिग्विजय चौधरी ने बताया कि उन्होंने सीमांकन पर संतुष्टि नहीं जताई थी बल्कि इस पूरे घटनाक्रम के बाद सीमांकन के लिए आवेदन किया और 23 मई को पुन: सीमांकन हुआ तो पाया गया कि उन्होंने कोई अतिक्रमण नहीं किया। तहसीलदार के मुताबिक भूमि में क्रय यानी घुमाव होने के कारण पूर्व में विवाद बना था। हालांकि उन्होंने यह भी कहा है कि अगर अब भी किसी को आपत्ति हो तो वह शमशान घाट की भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन कर सकता है।

# ट्रेन की चपेट में आई युवती की हुई शिनाख्त आत्महत्या या हादसा, जांच में जुटी पुलिस

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।



शहर के समीप भटेरा चौकी और बैहर चौकी के बीच रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से मृत हुई युवती की पहचान लक्ष्मी पिता केसरी प्रसाद श्रीवास्तव उम्र 38 वर्ष निवासी शांतिनगर बालाघाट के रूप में हुई है। कोतवाली पुलिस ने 26 मई को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 25 मई की सुबह कटंगी से बालाघाट आ रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवती की दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसा इतना भयावह था कि शव दो हिस्सों में बंट गया।

पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया था। मृतिका के भाई रवि शंकर श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल पहुंचकर शव की पहचान अपनी बहन लक्ष्मी श्रीवास्तव के रूप में की। बताया गया कि लक्ष्मी एमए पास और अविवाहित थी तथा अपने छोटे भाई के साथ रहती थी। 24 मई की रात दोनों ने साथ खाना खाया और सो गए थे।

सुबह रवि शंकर की नींद खुली तो लक्ष्मी घर पर नहीं थी। उसका मोबाइल और स्कूटी घर में ही रखे थे देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की और गुमशुदगी दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे, जहां उन्हें हादसे की जानकारी मिली। परिजनों के अनुसार लक्ष्मी मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ थी। फिलहाल पुलिस आत्महत्या और हादसे दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# मधु भगत ने विधायक निधि से पंचायतों को दिये 13 पानी के टैंकर ग्राम

परसवाड़ा(स्वतंत्र मत)।



च्जल ही जीवन है्ज के संकल्प को साकार करने की दिशा में विधायक मधु भगत ने परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई। परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विधायक निधि वर्ष 2025-26 से 13 पानी के टैंकर प्रदान किए गए। यह पहल गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, इन पानी के टैंकरों का वितरण विधायक के निज निवास चरेगांव से किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और पेयजल जैसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में कई ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों का जलस्तर कम हो जाता है, जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। विधायक ने कहा कि च्जल ही जीवन है्ज केवल एक नारा नहीं बल्कि जनजीवन से जुड़ा संकल्प है। लोगों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सरकार और जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ क्षेत्र की पंचायतों को यह सौगात दी गई है, ताकि ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में पानी की परेशानी से जूझना न पड़े।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में कई गांवों में पानी की समस्या बढ़ जाती है, ऐसे में पानी के टैंकर उपलब्ध होने से काफी राहत मिलेगी। उन्होंने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसी प्रकार विकास कार्य किए जाते रहेंगे। क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की यह पहल ग्रामीण जनजीवन को राहत देने के साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर जल प्रबंधन को भी मजबूती प्रदान करेगी।

# मानपुर में 20 दिवसीय ऑन जॉब प्रशिक्षण संदीपनी विद्यालय में शुरू



मानपुर (स्वतंत्रमत) – जिले के मानपुर विकासखंड में स्थित संदीपनी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मानपुर में कक्षा 10वीं और 12वीं के व्यवसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्राचार्य अरुण कुमार पटेल तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक अरविंद कुमार पांडे (रिटेल )और महेंद्र कुमार पटेल (इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर) के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। यह प्रशिक्षण शासन के निर्देशानुसार 20 दिवस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भविष्य में किसी कंपनी में नौकरी करने या स्वयं का व्यवसाय शुरू करने में सक्षम बनाने के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम में रिटेल और इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर विषय के विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार नई शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

## विश्व साइकिल दिवस पर साइक्लोथों का आयोजन 3 जून को

उमरिया (स्वतंत्रमत)। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 3 जून 2026 को विश्व साइकल दिवस के अवसर पर उमरिया जिले में 5 कि.मी. का उमरिया साइक्लोथों 2026 इवेंट (गैर प्रतिस्पर्धी) आयोजित किया जाना है।

यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत केंद्र उमरिया के तत्वाधान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उमरिया के सहयोग से आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम मुख्य रूप से 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए समर्पित है, हालाँकि इसमें सभी आयु वर्ग के साइकल प्रेमी भाग ले सकते हैं।

## गंगा दशहरा पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कसेरू ने किया श्रमदान



उमरिया (स्वतंत्रमत)। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान पर गंगा दशहरा के पावन अवसर पर नवांकुर संस्था जया सेवा समिति सेक्टर अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कसेरू द्वारा संचालित च्जल गंगा संवर्धन अभियानञ्ज के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत कसेरू में हलफल नदी उद्गम स्थल पर जल संरक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा, नदी पूजन एवं बोरीबंधान कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। वहीं झिरिया आश्रम में भंडारे का आयोजन कर सामाजिक समरसता और जनसहभागिता को बढ़ावा दिया गया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देना रहा। इस अवसर पर जनपद सीईओ ने हलफल नदी उद्गम स्थल पर जल कुंड निर्माण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि जल संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

# तेंदूपत्ता से भरी पिकअप में लगी भीषण आग वाहन सहित 60 बोरी माल जलकर हुआ राख

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



मानपुर विधानसभा मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत बल्हौड़ समिति के ग्राम परासी 'अ' से तेंदूपत्ता लोड कर निकली एक पिकअप वाहन में अचानक भीषण आग लग गई घटना में वाहन सहित लगभग 60 बोरी तेंदूपत्ता जलकर पूरी तरह राख हो गया । जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक ड्ढ१८ळ। 5243 में तेंदूपत्ता लोड कर मुख्य सड़क की ओर ले जाया जा रहा था जो प्रतिक्षालय एवं स्वागत गेट से लगभग 150 मीटर पहले मोड़ के पास पहुंचा ही था कि अचानक धुआं उठने लगा। चालक कुछ समझ पाता, उससे पहले ही आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते पिकअप वाहन धू-धू कर जलने लगा आग इतनी भयावह थी कि वाहन में रखे सभी जरूरी दस्तावेज भी जलकर नष्ट हो गए हालांकि राहत की बात यह रही कि चालक एवं वाहन मालिक विजय कुमार पटेल, निवासी नगनौड़ी, तहसील जैसीनगर, जिला शहडोल, समय रहते वाहन से बाहर निकल आए और सुरक्षित बच गए घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरा वाहन जल चुका था अब इस घटना को लेकर कई बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं यदि समिति से तेंदूपत्ता लोड कर वाहन भेजा गया था, तो सुरक्षा एवं जवाबदेही किसकी बनती है? लाखों रुपए के नुकसान की भरपाई कौन आखिर करेगा?

# एक बार फिर दहशत का कारण बना जंगली हाथी



उमरिया (स्वतंत्रमत)। बांधवगढ़ वन परिक्षेत्र में जंगली हाथी ई-5 की लगातार बदलती लोकेशन ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।बीते सोमवार की रात हाथी का मूवमेंट डबरौंहा, धनवाही, लगवारी,बड़ेरी और कछवार क्षेत्र में देखा गया,जिसके बाद गांवों में दहशत का माहौल बन गया।मंगलवार सुबह हाथी के रोहनिया बीट की ओर बढ़ने की जानकारी सामने आई है,जिस पर वन विभाग लगातार नजर बनाए हुए है।जानकारी के अनुसार ये वही हाथी है जिसने अनूपपुर क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया था।इस दौरान कई मवेशियों को नुकसान पहुंचाने के साथ इंसानों पर भी हमले किए गए थे।बढ़ते खतरे को देखते हुए पार्क प्रबंधन ने हाथी का रेस्क्यू कर उसे बांधवगढ़ के खितौली वन क्षेत्र में निगरानी के बीच रखा था,लेकिन हालिया दिनों में हाथी वहां से निकलकर अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहा है।हालांकि राहत की बात यह है कि हाथी में कॉलर आईडी लगी हुई है,जिससे वन अमला उसकी हर गतिविधि की मॉनिटरिंग कर पा रहा है।

आपको बता दे इस जंगली हाथी का नाम ई-5 है।वन विभाग की टीमें लगातार सक्रिय हैं और सोशल मीडिया व मुनादी के जरिए ग्रामीणों को उक्त हाथी से सजग रहने की सलाह दी जा रही है।अब तक हाथी ने आबादी वाले क्षेत्र में कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है,लेकिन उसके पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए लोगों में भय बना हुआ है।वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथी दिखने पर उसके पास न जाएं,रात में अकेले जंगल या नदी किनारे न निकलें और किसी भी मूवमेंट की सूचना तत्काल वन अमले को दें।

# भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक वर्ग का हुआ समापन

### पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना हो रही साकार : सांसद गणेश सिंह




उमरिया (स्वतंत्रमत)। मंगलवार 26 मई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक वर्ग ताला बांधवगढ़ स्थित नेचर हेरिटेज रिसोर्ट में संपन्न किया गया। समापन सत्र में सतना के सांसद गणेश सिंह सहित मानपुर क्षेत्र की विधायक पूर्व मंत्री सुश्री मीना सिंह, बांधवगढ़ क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह, जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र पांडे, प्रशिक्षण वर्ग के संभागीय प्रभारी वरिष्ठ नेता मिथलेश पयासी, भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, वर्ग प्रभारी शहडोल के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपम अनुराग अवस्थी और जिला महामंत्री दीपक छतवानी मंचासीन रहे। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को 12 सत्रों में विभाजित किया गया था जिसमें प्रशिक्षण के पहले दिन 25 मई को साथ सत्र पूर्ण किया गया और दूसरे दिन यानी 26 मई को पांच सत्र पूरे किए गए। समापन सत्र के मुख्य वक्ता सतना सांसद गणेश सिंह ने अपने निर्धारित विषय देश के समक्ष चुनौतियों पर व्याख्यान दिया है। उन्होंने बताया कि देश में 2014 के पहले बहुत विपरीत,कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां रही है। लेकिन 2014 में जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने इसके बाद पीएम मोदी ने एक-एक करके सारी समस्याओं का समाधान किया। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद और घुसपैठ की भारी समस्या रही है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने इन तीनों चुनौतियों से बखूबी सामना किया और आतंकवाद कुचलने के लिए जहां सैनिकों को आधुनिक हथियार, गोला बारूद और आधुनिक मिसाइल दी गई जिससे अब भारतीय सेना आतंकवाद के ठिकानों को तबाह कर रहा है वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को मार गिराया। सांसद ने बताया कि नक्सलवाद भी अब देश से पूरी तरीके से खात्मे की ओर है। गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च इसकी डेडलाइन घोषित कर दी है। इसके अलावा घुसपैठ को रोकने के लिए भी कानून बनाए गए। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए संभागीय संगठन प्रभारी मिथलेश पयासी ने कहा कि प्रशिक्षण भाजपा संगठन की परंपरा है। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं की गुणवत्ता पर निर्भर करती है, इसलिए मजबूत संगठन निर्माण के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से गंभीरता के साथ प्रशिक्षण में सहभागी होकर लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। शिक्षक वर्ग को संबोधित करते हुए मानपुर क्षेत्र की विधायक और पूर्व मंत्री मीना सिंह ने कहा कि देश में हजारों राजनीतिक दल हैं, लेकिन स्पष्ट विचारधारा वाले दल बहुत कम हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की विचारधारा पर चलने वाला दल है, जो अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की सोच रखता है।

## सूखी पड़ी पानी की टंकिया

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)। भीषण गर्मी के बीच जहां एक ओर लोगों का जनजीवन प्रभावित है वहीं दूसरी ओर नगर परिषद की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठने लगे हैं। विकासखंड निवास में नगर परिषद द्वारा गर्मी को देखते हुए नगर के तीन चार प्रमुख स्थानों पर प्याऊ टंकियों की व्यवस्था की गई थी ताकि राहगीरों और ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सके लेकिन अब इन व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आ रही है स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीते दो दिनों से प्याऊ टंकियां खाली पड़ी हैं और उनमें पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई इससे दूर-दराज गांवों से सरकारी कार्यों के लिए आने वाले ग्रामीणों को तपती धूप में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है चिलचिलाती गर्मी में बार-बार पानी की आवश्यकता पड़ती है लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है।

## जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

मण्डला(स्वतंत्रमत)। जिला मुख्यालय स्थित जिला योजना भवन में मंगलवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित कुल 132 आवेदन प्रस्तुत किए कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याओं को सुना जिन प्रकरणों का मौके पर समाधान संभव था उन्हें तत्काल निराकृत किया गया शेष आवेदनों के संबंध में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

## जल बचाओ का दिया संदेश

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर घुघरी क्षेत्र में आस्था पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। सिद्ध आश्रम में मां नर्मदा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसके पश्चात जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता रैली निकाली गई कार्यक्रम में एसडीएम सचिन जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, सरपंच, सचिव सहित जनअभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक नेमलाल धुर्वे नवांकुर संस्था के रमेश गोप, मैकल वैली एजुकेशन सोसाइटी के कन्हैया गोप सीएम इंटर्न मिलन सिंह धुर्वे एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अवैध शराब पर बनाया मामला

मण्डला(स्वतंत्र मत)। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों से अवैध शराब जब्त की। कार्यवाही के दौरान अंग्रेजी एवं देशी शराब बरामद कर संबंधित प्रकरण दर्ज किए गए अनुविभागीय अधिकारी सोनल सिडाम, एसडीओपी पीयूष मिश्रा एवं नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी, थाना प्रभारी प्रभारी शफीक एवं अन्य पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में बिनेका बायपास रोड से 12 लीटर अंग्रेजी बियर कीमत लगभग 5142, ग्राम अचली सेमरखापा से 6 लीटर महुआ शराब कीमत 900 तथा याराना ढाबा हाईवे मंडला से 2.5 लीटर अंग्रेजी बियर कीमत 800 की शराब जब्त की गई इसी प्रकार बनियातारा रोड क्षेत्र से 2.7 लीटर देशी शराब एवं 360 एमएल गोवा शराब कीमत लगभग1410, यारना ढाबा हाईवे क्षेत्र से अंग्रेजी व्हिस्की एवं गोवा शराब कुल कीमत 3250, परिहार ढाबा कटरा बायपास से 28 लीटर अंग्रेजी बियर कीमत 12840 तथा गोलू ढाबा क्षेत्र से 11.700 लीटर अंग्रेजी बियर कीमत 3818 की शराब बरामद की गई।

# जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के खाली पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर कोर्ट की फटकार, मचा हड़कंप

मण्डला(स्वतंत्र मत)

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी का मामला हाईकोर्ट पहुंच चुका है जहां से जवाबदारों से उच्च न्यायालय ने सवाल पूछे हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के और बुरे हाल बताए जाते हैं यहां पर डॉक्टरों की कमी के चलते सामान्य केशों को भी मंडला रेफर कर दिया जाता है तो वहीं यहां से जबलपुर मेडिकल रेफर किया जा रहा है। अन्य छोटी-छोटी बीमारियों के लिए लोगों को महानगर की ओर जाना पड़ रहा है। लंबे समय से चिकित्सों की मांग की जा रही है लेकिन कोई ठोस निर्णय सरकार अब तक नही ले पाई है जैसे तैसे सरकारी अस्पतालों का संचालन हो रहा है जिसका सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है उन्हें आर्थिक मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता है वहीं इस गंभीर मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों का भी मौंन हो जाने से लोगों में आक्रोश है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के खाली पड़े पदों को






लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने प्रशासन को फटकार लगाई है दरअसल जिले के आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने मंडला जिला अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है याचिका में आदिवासी बाहुल्य जिले में इलाज की गंभीर बदइंतजामी डॉक्टरों की भारी कमी और प्रसूति वार्ड की दयनीय स्थिति को लेकर सवाल उठाए गए हैं इस मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग और मंडला सीएमएचओ को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है मामले की अगली सुनवाई जून में होगी याचिकाकर्ता आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सोनी ने हाईकोर्ट को बताया कि जिले की आबादी करीब 10 लाख है जिसमें लगभग 70 प्रतिशत आदिवासी समुदाय से हैं आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अधिकांश लोग जिला अस्पताल पर ही निर्भर हैं लेकिन वहां मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अभाव है जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, गैस्ट्रोलॉजिस्ट और न्यूरोलॉजिस्ट जैसे महत्वपूर्ण विशेषज्ञों के पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं उन्होंने कहां की पिछले डेढ़ साल से वे आंदोलन और ज्ञापनों के माध्यम से इन पदों को भरने की मांग कर रहे थे लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई प्रशासनिक उदासीनता से तंग आकर 7 फरवरी 2024 को हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। हाल ही में हुई चौथी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है उच्च न्यायालय ने इसे जनहित का गंभीर मुद्दा मानते हुए प्रशासन को नोटिस जारी किया है और प्रशासन को 4 हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने और रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार किया जाना चाहिए। एएनएम तथा एमपी डब्लू के भरोसे ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था चल रही है ये इतने अनुभव शील नहीं होते है कि गंभीर बीमारियों का उपचार कर सके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी उपस्थिति औपचारिक रहती है। इसलिए कम से कम दस गांव में बीच में एक अच्छा चिकित्सालय सरकार की ओर से खोला जावे। जिसमें पुरुष एवं महिला डॉक्टरों की पदस्थापना हो। ग्रामीण क्षेत्र में अनेक जगह चिकित्सालय तो है परंतु डॉक्टरों की कमी निरंतर बनी हुई है गांव में डॉक्टर जाना नहीं चाहते और सरकार इन्हें भेज भी नहीं पाती। कड़े नियम कानून बनाये जाये और डॉक्टरों को गांवों की ओर भेजा जावें क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में ही भयानक सक्रामक बीमारियां होती है। डॉक्टर और अच्छे चिकित्सालय के अभाव में अनेक गरीब ग्रामीण काल के गाल में समा जाते है या गंभीर बीमारियों के उपचार के लिये विकासखण्ड एवं जिला मुख्यालय में मरीजों को लाना पड़ता है अधिकांश मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई ग्रामों में प्राथमिक उपस्वास्थ्य केन्द्र के भवन बने है परंतु ये भवन अभी तक शुरू नहीं हो पाये है। मुख्यालय में रहने के लिये कड़े दिशा निर्देश जारी किये जाये एवं दवाईयों का पर्याप्त भण्डारण किया जावें तथा दवाईयों का वितरण समय पर निःशुल्क किया जावें क्योंकि शिकायत मिलती है स्वास्थ्य कार्यकर्ता पैसे लेकर निजी चिकित्सा करते है। ग्रामीण को सरकार की ओर से मिलने वाली निःशुल्क सहायता का लाभ नहीं मिल पाता। चलित औषधालय भी बाजारों में पहुंच रहे है परंतु इनकी भी निगरानी बेहद जरूरी है। ग्रामीण में स्वास्थ्य के प्रति जनजागरण भी किया जाना चाहिए।

## मंडला पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक ने की समीक्षा

मण्डला(स्वतंत्र मत)

पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ललित शाक्यवार द्वारा जिले की कानून व्यवस्था लंबित अपराधों एवं विभिन्न अभियानों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान लंबित मर्ग प्रकरण गंभीर अपराध लंबित चालान फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं महिला सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि महिला



अपराधों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। महिला संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण पीड़िताओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार महिला हेल्प डेस्क की प्रभावी कार्यप्रणाली एवं महिला सुरक्षा संबंधी जनजागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक सक्रिय रूप से संचालित करने पर जोर दिया गया। साथ ही महिला एवं बाल अपराधों में आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। थाना परिसरों की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, जप्ती माल के निराकरण, लंबित वारंटों की तामिली एवं बीट व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पत्रकार बंधुओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कानून व्यवस्था, यातायात, साइबर अपराध एवं जनजागरूकता से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई तथा प्राप्त सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। बैठक एवं संवाद कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, एसडीओपी पीयूष मिश्रा, एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी, एसडीओपी नैनपुर मनीष राज समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मां नर्मदा को चुनरी भेंट, गूंजा रुद्राष्टक

मण्डला(स्वतंत्रमत)

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जिलेभर में जल संरक्षण और नर्मदा संवर्धन को लेकर विविध आयोजन किए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्थानीय सर्किट हाउस से माहिष्मती घाट तक चुनरी यात्रा निकाली गई। हर-हर नर्मदे और जल है तो कल है के जयघोष के साथ निकली इस यात्रा में महिलाओं युवाओं और नर्मदा भक्तों की बड़ी भागीदारी रही जैसे ही श्रद्धालुओं का समूह माहिष्मती घाट पहुंचा पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत शास्वत सिंह मीना ने



जनप्रतिनिधियों के साथ मां नर्मदा का विधिवत पूजन-अर्चन किया सभी ने श्रद्धापूर्वक मां नर्मदा को चुनरी अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया पूजन उपरांत मां नर्मदा की भव्य पंच चौकी महाआरती आयोजित की गई पुरोहितों द्वारा रुद्राष्टक का पाठ एवं नर्मदाष्टक का सस्वर गायन किया गया सैकड़ों श्रद्धालुओं ने समवेत स्वर में मां नर्मदा की आरती कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया महाआरती के समापन पर मंत्रोच्चार के बीच मां नर्मदा का दुग्धाभिषेक एवं पुष्पांजलि अर्पित कर जिले की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना की गई।

## गंगा दशहरा में जल संरक्षण संदेश



मण्डला(स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर धेनुबाड़ी गोरक्षण संस्थान द्वारा ग्राम अचली से सेपरखापा तक कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्रोतों हैंडपंप एवं कुएं का विधि-विधान से पूजन कर जल संरक्षण का संदेश ग्रामीणों तक पहुंचाया गया कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को जल का महत्व बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन जल के सदुपयोग एवं जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर सरपंच सुनील भारतीय, ग्राम पंचायत सदस्य हुकुमचंद पटेल, प्रस्फुटन समिति से सुनीता नागेश्वर, धेनुबाड़ी समिति से किरण ठाकुर, श्रीमती ज्योति पटेल, धेनुबाड़ी अध्यक्ष श्रीमती कुंती उलारी, भूतपूर्व सरपंच श्रीमती अनीता उइके, अजीत पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कलेक्टर ने लगाई नर्मदा तट पर झाड़ू

मण्डला(स्वतंत्रमत)

कलेक्टर ने कहा कि गंगा दशहरा हमें यह संदेश देता है कि नदियां केवल जल का स्त्रोत नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और आस्था की पहचान हैं जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य मां नर्मदा को स्वच्छ निर्मल और अविरल बनाए रखना है। प्रत्येक नागरिक यह संकल्प ले कि नदी में कचरा नहीं डालेगा और जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाएगा गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मंगलवार सुबह कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे पहुंचे। उन्होंने स्वयं झाड़ू लेकर माहिष्मती घाट पर श्रमदान कर स्वच्छता का



संदेश दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उन्होंने घाट परिसर में सफाई की, कूड़ा उठाया तथा उपस्थित लोगों को मां नर्मदा की स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानन नाफड़े को निर्देश दिए कि माहिष्मती घाट पर पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखे जाएं ताकि श्रद्धालु कचरा और पूजा सामग्री नदी में न डालें उन्होंने कहा कि प्रत्येक 20 से 25 कदम की दूरी पर कूड़ादान लगाए जाएं साथ ही घाट पर स्वच्छता संबंधी साइन बोर्ड भी लगाए जाएं तथा नियमित रूप से अनाउंसमेंट कर लोगों को जागरूक किया जाए जिससे व्यवहार परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक पहल हो सके कलेक्टर ने नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट को पदेन अध्यक्ष से चर्चा करते हुए कहा कि 1 जून से घाट पर प्रारंभ होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिदिन की सफाई गतिविधियों को भी अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए उन्होंने कहा कि 21 दिनों तक चलने वाले योग सत्र का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।


# चकोर नदी की बदहाली, जीवनदायिनी कचरे के ढ़ेर में बदली

### अस्तित्व बचाने की जंग जारी

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नैनपुर नगर की पहचान और कभी जीवनदायिनी कही जाने वाली चकोर नदी आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। जो नदी कभी नगर के सौंदर्य का प्रतीक और प्रवेश द्वार का च्वाले का हारज मानी जाती थी, वही आज पूरी तरह सूखकर कचरे और गंदगी के ढेर में तब्दील हो चुकी है। नदी की यह दुर्दशा अब नगरवासियों के लिए चिंता और पीड़ा का विषय बन गई है। एक समय था जब चकोर नदी का स्वच्छ जल और किनारों की हरियाली नगर की खूबसूरती को चार चांद लगाती थी। नगर में प्रवेश करते ही यह नदी आकर्षण का केंद्र बनती थी, लेकिन आज हालात इसके ठीक उलट हैं। नदी का अस्तित्व सूख चुका है और उसमें जगह-जगह कचरे के ढेर, गंदगी और बदबू का साम्राज्य नजर आता है।

**औपचारिकता और फोटो शेषन में सिमट गया सफाई अभियान**-हालांकि ऐसा नहीं है कि चकोर नदी को सहेजने और संवारने के प्रयास नहीं किए गए। समय-समय पर प्रशासन, सामाजिक और





स्वयंसेवी संगठनों द्वारा नदी की सफाई और गहरीकरण के कार्य किए गए, लेकिन ये प्रयास अधिकतर औपचारिकता और फोटो सेशन तक ही सीमित रह गए। स्थायी और प्रभावी योजना के अभाव में नदी की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हो सका। समय समय पर यहां साफ सफाई और गहरीकरण का कार्य किया गया। मगर वह महज दिखावा ही नजर आया। जबकि चकोर नदी के गहरीकरण के कई गहरे राज भी इसकी गंदगी में दबे दिखाई दे जाते हैं। नदी की बदहाली का सबसे बड़ा कारण नगर के विभिन्न वार्डों का अपशिष्ट पानी और गंदगी का लगातार इसमें मिलना है। बिना किसी रोक-टोक के सीवेज और कचरा नदी में डाला जा रहा है, जिससे इसकी स्थिति दिन-ब-दिन और खराब होती जा रही है। इसके बावजूद नगर पालिका स्तर पर न तो अपशिष्ट प्रबंधन की कोई ठोस योजना नजर आती है और न ही नदी के पुनरुद्धार के लिए कोई प्रभावी कार्ययोजना सामने आई है। जबकि चकोर नदी के पुनरुद्धार कर लिए एक विशेष प्लान और कार्ययोजना की महती आवश्यकता है।

### पर्यटन सौंदर्य का सपना रहा झूठा

विडंबना यह है कि कभी इस नदी में बोट और क्रूज चलाकर इसे पर्यटन और सौंदर्य का केंद्र बनाने के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन वे सभी दावे कागजों तक ही सीमित रह गए। इसके गहरीकरण कर साथ यहां के घाटो की सौंदर्यता को बढ़ावा देकर यहां नाव वोट और क्रूज चलाने का सपना दिखाया गया था। मगर आज हकीकत यह है कि चकोर नदी अपनी पहचान खो चुकी है और बदहाली के बीच अपने उद्धार की गुहार लगा रही है। नगरवासियों का मानना है कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस और ईमानदार प्रयास नहीं किए गए, तो चकोर नदी केवल इतिहास बनकर रह जाएगी। जरूरत है कि प्रशासन जागे, सीवेज के प्रवाह को रोके, नियमित सफाई और दीर्घकालिक पुनरुद्धार योजना पर गंभीरता से काम करे, ताकि इस जीवनदायिनी नदी को फिर से उसका अस्तित्व और सम्मान मिल सके।

## करंट की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत*

नैनपुर (स्वतंत्र मत)। नैनपुर में एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना वार्ड नंबर 8 स्थित सद्दाम नगर की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार किशन मरावी उम्र लगभग 50 वर्ष, पिता राम मरावी, निवासी सिवनी, अपनी बहन के घर सद्दाम नगर नैनपुर आया हुआ था। बताया जा रहा है कि वह गीले शरीर से घर में बल्ब लगाने का प्रयास कर रहा था, तभी अचानक बिजली करंट की चपेट में आ गया। परिजन एवं आसपास के लोगों ने गंभीर हालत में तत्काल उसे सिविल अस्पताल नैनपुर पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है। सूचना मिलते ही नैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर मामला करंट लगने से हुई मौत का बताया जा रहा है। इस हादसे के बाद लोगों से अपील की जा रही है कि बिजली संबंधी कार्य करते समय विशेष सावधानी बरतें, खासकर गीले हाथ या गीले शरीर से किसी भी विद्युत उपकरण को न छुएं।

संपादकीय

# अब तेल से जल रही लंका

अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध के चलते वेस्ट एशिया संकट कम नहीं हो रहा है। दुनिया की तेल जरूरतों को पूरा करने में अहम रोल निभाने वाला होर्मुज स्ट्रेट बंद है, जबकि क्रूड का दाम 100 डॉलर के आस-पास बना हुआ है। इस ग्लोबल टेंशन ने पाकिस्तान, ब्रिटेन, बांग्लादेश से लेकर भारत तक पर बुरा असर डाला है और पेट्रोल-डीजल से लेकर एलपीजी तक की किल्लत और कीमतों में बढ़ोतरी से लोगों पर महंगाई की मार पड़ी है। श्रीलंका में भी बुरा हाल है, पश्चिम एशिया संकट के चलते महंगाई बढ़ने के बीच सेंट्रल बैंक को तीन साल बाद बड़ा फैसला लेना पड़ा। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने पॉलिसी रेट यानी नीतिगत ब्याज दरों में तगड़ी बढ़ोतरी करते हुए कर्ज महंगा कर दिया है। मंगलवार को ब्याज दरों में 100 बेसिस पॉइंट या 1 फीसदी की बढ़ोतरी की गई, जिसके बाद ये बढ़कर 8.75 फीसदी हो गई है।

> पश्चिम एशिया में संकट की वजह से तेल की कीमतों में आए बड़े बदलावों का सीधा असर देश में देखने को मिला है। इसकी वजह से अप्रैल 2026 में श्रीलंका में महंगाई दर बढ़कर 5.4 फीसदी तक पहुंच गई।

श्रीलंका सेंट्रल बैंक की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मॉनेटरी पॉलिसी बोर्ड ने सोमवार को शुरू हुई अपनी बैठक फैसला लेते हुए ओवरनाइट पॉलिसी रेट को 100 बीपीएस बढ़ाया है। इससे पहले नीतिगत ब्याज दर मार्च 2023 में बढ़ोतरी की गई थी और इसे 14.5 फीसदी से बढ़ाकर 15.5 फीसदी किया गया था। यानी तीन साल बाद पहली बार बैंक को ये फैसला लेना पड़ा है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि बोर्ड ने घरेलू और वैश्विक स्तर पर बदलते हालातों पर सावधानी से विचार करने के बाद रेट हाइक का यह निर्णय लिया है। इसके बाद देश में स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट और स्टैंडिंग लेंडिंग फैसिलिटी रेट को क्रमश: 8.25 प्रतिशत और 9.25 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। पश्चिम एशिया में संकट की वजह से तेल की कीमतों में आए बड़े बदलावों का सीधा असर देश में देखने को मिला है। इसकी वजह से अप्रैल 2026 में श्रीलंका में महंगाई दर बढ़कर 5.4 फीसदी तक पहुंच गई। इसके अलावा 2026 की पहली तिमाही में देश का चालू खाता अधिशेष ईंधन आयात और पर्यटन सेक्टर में मंदी के चलते मामूली रहा। श्रीलंका का रुपया सालाना आधार पर 7.2 फीसदी गिर चुका है, जबकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार 6.8 अरब डॉलर पर आ गया है।

पश्चिम एशिया में संकट से पैदा हुई अनिश्चितताओं ने ग्लोबल कमोडिटी प्राइस, खासतौर पर पेट्रोलियम प्रोडक्ट की कीमतों को हाई पर बनाए रखा है, जिससे तमाम वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। केंद्रीय बैंक ने भी कहा है कि वैश्विक स्तर पर तेल की ऊंची कीमतों से घरेलू ऊर्जा की कीमतों में तेज बढ़ोतरी करनी पड़ी है। इसके साथ ही अनुमान जाहिर किया गया है कि आगे महंगाई दर 5 फीसदी के लक्ष्य से ऊपर रहने की संभावना है, या ये इसके आसपास स्थिर हो जाएगी। गौरतलब है कि किसी भी देश के सेंट्रल बैंक महंगाई बढ़ने पर इसे काबू करने के लिए अक्सर पॉलिसी रेट बढ़ाने का फैसला करता है। इससे बैंकों के लिए कर्ज लेना महंगा होता है, जिसके बाद बैंक होम लोन, कार लोन और बिजनेस लोन की ब्याज दरें बढ़ा देते हैं। इसके बाद कर्ज लेना महंगा होता है और लोगों के खर्च करने की रफ्तार धीमी पड़ जाती है।

## कॉकरोच जनता पार्टी

# क्या सिर्फ एक छलावा मात्र है?

संतोष कुमार पाठक

सत्य कभी-कभी कल्पना से भी कहीं यादा विचित्र होता है। आज से पहले शायद ही कभी किसी ने ऐसा सोचा भी होगा कि एक दौर ऐसा आएगा जब लोगों में अपने आपको कॉकरोच कहने की होड़ लग जाएगी। देश भर में मैं भी कॉकरोच जैसा एक बड़ा अभियान शुरू हो जाएगा। लोग, खासतौर से लाखों युवा मैं भी कॉकरोच जैसे मीम्स और बैनरों के जरिए न केवल अपने आपको कॉकरोच कहने में गर्व महसूस करेंगे बल्कि हैशटैग के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इसे यादा से यादा लोकप्रिय बनाने की भी कोशिश करेंगे।लेकिन ऐसा हुआ और इतनी तेजी से हुआ कि किसी को भी सोचने-समझने का मौका तक नहीं मिला।

15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने जिस शब्दावली और तेवरों के साथ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच के साथ जोड़ा, उससे देश में एक नया ही तूफान खड़ा हो गया। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने अपनी टिप्पणी पर सफाई भी दे दी। लेकिन उसके बाद भी विरोध के स्वर बंद नहीं हुए।

देशभर में सरकारी सिस्टम से नाराज लाखों युवा अलग-अलग अंदाज में लगातार अपना गुस्सा तो जाहिर कर ही रहे थे लेकिन देश की राजधानी दिल्ली से लगभग 11,500 किमी दूर बैठे एक भारतीय युवा अभिजीत दीपके ( जो महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के रहने वाले हैं) के दिमाग में एक आइडिया आया और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तुरंत कॉकरोच जनता पार्टी बना दी। इसके बाद देखते ही देखते भारत के लोकतंत्र में कुछ ऐसा होता हुआ नजर आया, जो इससे पहले किसी ने सोचा तक नहीं होगा।

देखते-देखते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी के फॉलोअर्स की संख्या 2 करोड़ 30 लाख तक पहुंचने वाली है। यह दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल होने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की कुल संख्या 93 लाख से लगभग ढाई गुणा यादा है।

इस बीच पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके भी लगातार चर्चा में रहे। पार्टी के एक्स अकाउंट पर कभी रोक लगाई गई तो कभी वेबसाइट को डाउन करने का आरोप लगाया गया। जैसे ही लोगों ने इस पार्टी के इतिहास-भूगोल को खंगालना शुरू किया, सकते में आए अभिजीत दीपके ने तुरंत सफाई शुरू कर दी। इस बीच उन्होंने पार्टी के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज को हैक करने का दावा भी किया और जब यह ठीक हुआ तो विवाद पैदा करने वाले पार्टी के संस्थापक मेघनन्द को उनकी ही पार्टी फॉलो करना बंद कर चुकी थी।

मतलब कहीं न कहीं, कुछ तो गड़बड़ है। कुछ तो ऐसा हो रहा है जो फिलहाल सामने से नजर नहीं आ रहा है लेकिन जिसका आभास तो हो ही रहा है। बीजेपी इस पार्टी को विदेशी धरती से चलने वाले विपक्षी दल का टूलकिट बता रही है तो वहीं कई वरिष्ठ पत्रकार और बौद्धिक जमात के लोग इसे बीजेपी की बी टीम के रूप में पेश कर रहे हैं। अभिजीत दीपके की भी कई हरकतें, संदेह पैदा कर रही है। अभिजीत द्वारा एक खास पार्टी के समर्थक माने जाने वाले पत्रकारों को ही इंटरव्यू देना, विवादित व्यक्ति को अनफॉलो कर पहले कुछ खास पत्रकारों को फॉलो करना और फिर उन्हें भी अनफॉलो कर देना। सोचिए जो व्यक्ति शुरुआत से ही इतना यादा सेलेक्टिव हो,उसके पीछे कितनी बड़ी टीम या कितना बड़ा दिमाग काम कर रहा होगा जो भारत के लोकतांत्रिक आंदोलन के मिज़ाज, भारत की मेनस्ट्रीम और नई मीडिया( यूटूबर्स) की आदतों को कितनी अछी तरह से समझता है। आंदोलन के जरिए, देश में एक माहौल पैदा करने में बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों को महारत हासिल है। दुर्भाग्यपूर्ण बात तो है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी जिसने देश पर सबसे यादा राज किया है और जो वर्तमान में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है वो कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन चलाना और इसे लोकप्रिय बनाने के तौर-तरीके भूल चुकी है। यह भी गौर करने वाली बात है कि कॉकरोच जनता पार्टी को चंद बड़े पत्रकार अपने-अपने यूट्यूब चैनल पर जितना स्पेस दे रहे हैं उससे भी कहीं यादा स्पेस मेनस्ट्रीम मीडिया दे रहा है। हाल के वर्षों में ऐसा कब हुआ था, याद करने की कोशिश कीजिए।

इस लेख के लेखक ने अरविंद केजरीवाल के आंदोलन को बहुत ही शुरुआत से कवर किया था जिसकी सबसे खास बात यह थी कि प्रेस कांफ्रेंस के लिए आने वाले न्यौते में जिस केजरीवाल का नाम सबसे लास्ट में और अरविंद केजरीवाल लिखा आता था,उस पार्टी में अब सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही बचे रह गए हैं। याद कीजिएगा कि, उस दौर में भी अन्ना-अरविंद के आंदोलन पर सवाल उठाने वाले हर व्यक्ति को करप्ट व्यक्ति के तौर पर ही देखा जाने लगा था और आज भी अगर आप कॉकरोच जनता पार्टी से सवाल पूछते हैं तो एक खास इको-सिस्टम के लोग ( पत्रकार भी) तुरंत सामने आकर आपकी निष्ठा पर सवाल उठाते हुए पूछने लगते हैं कि आखिर कॉकरोच जनता पार्टी से किसी को क्या दिक्कत हो सकती है?


लेकिन ऐसा कहने वाले लोग पुरानी कहावत को भूल जाते हैं कि दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंककर पीता है। वैसे भी लोकतंत्र की पहली शर्त तो यही होती है, सवाल पूछने की आज़ादी और सवालों से ऊपर कोई भी नहीं हो सकता है। जो भी नेता या संगठन अपने आपको सवालों से ऊपर उठाने की कोशिश करता है,उसका एक ही संदेश निकलता है कि उसकी नियत साफ नहीं है।

यह बात बिल्कुल सही है कि सरकार के कामकाज को लेकर लोगों में खासकर युवाओं में बहुत गुस्सा है। लेकिन यह देश इससे पहले भी ऐसे अनुभवों से गुजर चुका है जब देश के युवाओं के गुस्से का इस्तेमाल कुछ खास लोगों ने अपने-अपने राजनीतिक हित को साधने के लिए किया। ऐसे लोगों ने युवाओं को सुनहरे भविष्य के सपने दिखाए, ऐसे-ऐसे झूठे और लुभावने वादे किए जिन्हें पूरा कर पाना आसान नहीं था। इसलिए इस बार भारत के लोगों खासकर युवाओं को सावधान रहने की जरूरत है। देश में बदलाव लाने का कोई भी अभियान देश की धरती से ही चलना चाहिए और किसी भी तरह के नए व्यक्ति या संगठन पर भरोसा करने से पहले लोगों को आंख बंद करके अपने आप से यह सवाल जरूर पूछना चाहिए कि उस नए संगठन, आंदोलन या व्यक्ति के अभियान से सबसे यादा फायदा किस राजनीतिक दल अथवा नेता को होगा?

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं**

# जब 'जनसेवा' सत्ता और विशेषाधिकार बन जाए

## व्यवस्था से एक आम नागरिक के सवाल



पवन शर्मा

भारत में राजनीति को जनसेवा कहा जाता है। लेकिन आज एक शिक्षित और कर देने वाला आम नागरिक व्यवस्था से एक सीधा और असहज प्रश्न पूछ रहा है –

क्या राजनीति वास्तव में समाज सेवा है, या फिर यह बिना योग्यता, बिना जवाबदेही और बिना सीमा वाला सबसे शक्तिशाली पेशा बन चुकी है? अगर राजनीति एक सेवा है, तो उसका चयन प्रक्रिया कहाँ है? न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कहाँ है? वार्षिक कार्य मूल्यांकन कहाँ है?

वेतन, पेंशन, भत्ते, मुफ्त यात्रा, सुरक्षा, बंगले, स्टाफ, ईंधन और आजीवन सुविधाएँ कौन तय करता है? और यदि इसे समाज सेवा कहा जाता है, तो फिर इतनी विलासितापूर्ण सुविधाएँ जनता के टैक्स के पैसे से क्यों?

एक शिक्षक रिटायर होता है। एक सैनिक रिटायर होता है। एक सरकारी कर्मचारी रिटायर होता है। यहाँ तक कि न्यायाधीश और वरिष्ठ अधिकारी भी तय आयु में सेवानिवृत्त हो जाते हैं। लेकिन नेताओं के लिए? न कोई रिटायरमेंट आयु। न कोई अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता। न सख्त उपस्थिति नियम। न स्पष्ट जवाबदेही।

एक ढ्रस या ढ्रक्स अधिकारी वर्षों तक कठिन अध्ययन और देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में सफलता के बाद उस पद तक पहुँचता है। वे प्रशासन, कानून, अर्थव्यवस्था और शासन का प्रशिक्षण लेते हैं।

फिर भी अंतत: उन्हें कई बार ऐसे नेताओं के अधीन कार्य करना पड़ता है जिनके पास प्रशासनिक समझ या शैक्षणिक योग्यता तक नहीं होती। क्या देश को ज्ञान, अनुशासन और विशेषज्ञता से नहीं चलना चाहिए?

संसद और विधानसभाएँ औसतन वर्ष में केवल 80ङ्क100 दिन चलती हैं। बाकी समय सरकारी बंगले, स्टाफ, सुरक्षा, गाड़ियाँ और सुविधाएँ जनता के करोड़ों रुपये खर्च करती रहती हैं।

यदि एक विधायक या सांसद पर होने वाला वार्षिक खर्च – वेतन, पेंशन, स्टाफ, यात्रा, सुरक्षा, आवास, फोन और अन्य सुविधाओं सहित – जोड़ा जाए और पूरे देश में उसका हिसाब लगाया जाए, तो यह राशि चौंकाने वाली होगी।

और फिर आता है सबसे बड़ा विरोधाभास – चुनाव।

हर चुनाव में करोड़ों-अरबों रुपये बहाए जाते हैं।

रैलियाँ, पोस्टर, प्रचार, सोशल मीडिया अभियान, हेलीकॉप्टर, होटल, काफिले और राजनीतिक ब्रांडिंग पर भारी खर्च होता है।

आम नागरिक पूछता है–

यदि राजनीति वास्तव में जनसेवा है, तो राजनीति में प्रवेश इतना महँगा क्यों होता जा रहा है?

समाज सेवा के लिए किसी व्यक्ति को करोड़ों रुपये क्यों खर्च करने पड़ते हैं? और यदि चुनावों में इतना पैसा उपलब्ध है, तो उसका एक बड़ा हिस्सा सीधे अस्पतालों, स्कूलों, किसानों, रोजगार,बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं, और गरीबों के उत्थान पर क्यों नहीं लगाया जा सकता? सोचिए, यदि चुनावी खर्च का केवल एक हिस्सा भी जनकल्याण में लगाया जाए, तो कितनी ज़िंदगियाँ बदल सकती हैं।

विडंबना बेहद दर्दनाक है। जिस देश में आज भी करोड़ों लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, साफ पानी और सम्मानजनक जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहाँ चुनाव अब लोकतांत्रिक सेवा से अधिक एक कॉर्पोरेट आयोजन जैसे दिखाई देने लगे हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि जब राजनीति अत्यधिक महँगी हो जाती है, तब ईमानदार और सामान्य नागरिक धीरे-धीरे व्यवस्था से बाहर हो जाते हैं। फिर लोकतंत्र केवल धनवान और प्रभावशाली लोगों तक सीमित होने लगता है।

आम नागरिक लोकतंत्र के खिलाफ नहीं है। आम नागरिक केवल थक चुका है।

टैक्स देने के बाद भी संघर्ष करते-करते थक चुका है।

जनसेवकों को ङ्खङ्क संस्कृति में बदलते देखकर थक चुका है।

ऊपर जाते पदों के साथ घटती जवाबदेही देखकर थक चुका है।

भारत में प्रतिभा की कमी नहीं।

ईमानदार अधिकारियों की कमी नहीं।

मेहनती नागरिकों की कमी नहीं।

कमी है तो केवल ऐसी व्यवस्था की, जहाँ विशेषाधिकार के साथ जवाबदेही भी तय हो।

लोकतंत्र इसलिए जीवित नहीं रहता कि नेता शक्तिशाली हैं– लोकतंत्र इसलिए जीवित रहता है क्योंकि नागरिक सवाल पूछते रहते हैं। और शायद आज सबसे बड़ा सवाल यही है– इस व्यवस्था में वास्तव में किसकी सेवा हो रही है – जनता की, या राजनीति की?

# पश्चिम एशिया संकट दूर हो



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत यात्रा पर आये अमेरिकी विदेश मन्त्री मार्को रूबियो के इस कथन से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि फारस की खाड़ी के समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरान का बन्धक मार्ग बना कर नहीं छोड़ा जा सकता क्योंकि यह एक अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री रास्ता है । मगर अमेरिका व इजराइल के ईरान के विरुद्ध चलते युद्ध के बीच ईरान इसे एक चुंगी नाके में बदलना चाहता है और इस मार्ग से गुजरने वाले माल वाहक जहाजों से चुंगी वसूलना चाहता है। श्री रूबियो का भारतीय विदेश मन्त्री एस. जय शंकर के साथ एक संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में दिया गया यह जवाब पूरी तरह अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप ही कहा जायेगा कि यदि ईरान को ऐसा करने दिया गया तो इससे विश्व के अन्य जल मार्गों पर भी अनियमितताएं पैदा होने का संकट गहरा सकता है और गलत परंपरा शुरू हो सकती है।

जहां तक भारत का सवाल है तो इसने श्री मार्को रूबियो के इस मत से सहमति जताई है और जलडमरूमध्य को निर्बाध रूप से खुला रखने की वकालत की है। मगर इसके साथ हमें यह भी देखना होगा कि पश्चिम एशिया युद्ध को शुरू हुए अब लगभग तीन महीने का समय पूरा होने जा रहा है और दोनों ही पक्षों के बीच तनातनी बनी हुई है। भारत हमेशा से इस मत का रहा है कि विश्व की किसी भी समस्या का हल केवल कूटनीतिक संवाद के रास्ते से ही खोजा जाना चाहिए क्योंकि युद्ध से किसी समस्या का हल नहीं होता है, बल्कि युद्ध अपने साथ अन्य विभिन्न प्रकार के संकटों को लेकर आता है।

इस मामले में अमेरिका व ईरान के बीच बारास्ता पाकिस्तान में जो कूटनीतिक वार्ताएं हो रही हैं उनका सुखद परिणाम भी अभी तक सामने नहीं आया है परन्तु इस मोर्चे पर कुछ प्रगति के आसार जरूर नजर आ रहे हैं क्योंकि अब 60 दिन के युद्ध विराम की चर्चा चल रही है। इस युद्ध के चलते विश्व के विभिन्न देशों की अर्थ व्यवस्था पर जिस प्रकार का विपरीत असर पड़ रहा है उससे दुनिया के आधे से अधिक भाग के समक्ष ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है और पेट्रोल व डीजल तथा ईंधन गैस के दाम आसमान की तरफ भागने लगे हैं। युद्ध ने पूरे पश्चिम एशिया के क्षेत्रीय स्थायित्व को ही संकट में नहीं डाला है अपितु इसका असर वैश्विक शक्ति सन्तुलन पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है।

इस बारे में अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प की पिछले दिनों की गई चीन यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन को ईरान का हिमायती माना जाता है लेकिन अब लगता है कि ईरान व अमेरिका दोनों ही युद्ध से आजिज आ चुके हैं और कोई शान्तिपूर्ण मार्ग खोज रहे हैं। इसकी वजह यह भी हो सकती है कि श्री ट्रम्प की युद्ध नीति का उनके अपने देश अमेरिका में ही व्यापक विरोध हो रहा है और दूसरी ओर ईरान की पूरी अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। अत: दोनों पक्षों की ओर से ही समझौता प्रस्तावों का विनिमय हो रहा है मगर दोनों पक्ष इस बात पर भी अड़े हुए हैं कि समझौते के बाद दोनों को अपने-अपने देश की जनता के समक्ष सिर नीचे करके खड़ा न होना पड़े। इसी वजह से अभी तक के सभी समझौता प्रस्तावों पर मतैक्य कायम नहीं हो सका है।

इस बीच इस खबर का आना कि 60 दिन के युद्ध विराम के प्रस्ताव पर दोनों पक्ष लगभग सहमत हैं , सुखदायी घटना मानी जा सकती है। इस समझौते में सबसे प्रमुख होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री मार्ग को पूर्व की भांति खोलने का प्रस्ताव है मगर इस मार्ग के आगे अमेरिका ने भी प्रतिरोध लगा दिया है जिसकी वजह से अन्तर्राष्ट्रीय जलमार्ग अवरुद्ध हो रहा है इसलिए अब इन दोनों ही प्रतिरोधों को दूर करना पड़ेगा। इस प्रस्तावित समझौते के बारे में अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ईरान ने परमाणु अस्त्रों के स्तर के संवर्धित यूरेनियम भंडार को छोड़ने का मन बना लिया है मगर ईरान ने फिलहाल इसका खंडन भी कर दिया है। फिर भी इससे यह उम्मीद तो बंध ही रही है कि संवर्धित ईरानी यूरेनियम के मसले पर दोनों पक्षों के बीच किसी सहमति पर पहुंचने के प्रयास किये जा रहे हैं।

ऐसा तो ईरान के पक्ष से ही स्पष्ट है कि उसकी परमाणु हथियार विकसित करने की कोई योजना है, इसकी पुष्टि भी अमेरिकी गुप्तचर विभाग की प्रमुख श्रीमती तुलसी गाबार्ड ने पिछले महीने ही की थी। इस समझौता प्रस्ताव के अनुसार 60 दिनों के युद्ध विराम की अवधि के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को निर्बाध तरीके से पहले की भांति खोला जायेगा और ईरान को स्वतन्त्र रूप से अपना पेट्रोलियम तेल बेचने की अनुमति होगी। इसके साथ ईरान जलडमरूमध्य मार्ग में बिछाई गई बारूदी जल सुरंगों को हटायेगा जो उसने युद्ध शुरू होने के बाद अपने क्षेत्र की जल सीमा में बिछाई थीं। दूसरी तरफ अमेरिका ईरानी बन्दरगाहों पर लगाये गये अवरोधक प्रतिबन्धों को समाप्त करेगा। जाहिर है कि वर्तमान परिस्थितियों में अमेरिका ने ईरानी बन्दरगाहों से उसके तेल के परिवहन को मुश्किल बना कर रखा हुआ है।

इस प्रस्ताव के प्रावधानों से स्पष्ट है कि दोनों पक्ष लचीला रुख अपनाना चाहते हैं, मगर सार्वजनिक रूप से इसके परिणामों में अपनी विजय भी परिलक्षित दिखाना चाहते हैं। ऐसे वातावरण में विश्व के उन देशों को भी आगे आना चाहिए जो पश्चिम एशिया में शान्ति के पक्षधर हैं और खुद पश्चिम एशियाई देशों को भी समझौता कराने में उत्प्रेरक की भूमिका निभानी चाहिए क्योंकि युद्ध से उनकी हानि भी जबर्दस्त तरीके से हुई है। जहां तक श्री ट्रम्प की यह जिद है कि ईरान अपना संवर्धित यूरेनियम उनके हवाले कर दे तो यह मांग उचित नहीं कही जा सकती, क्योंकि ईरान एक सर्वसत्ता सम्पन्न संप्रभु राष्ट्र है, हां उसे परमाणु कार्यक्रम को रद्द करने का आश्वासन तो देना ही पड़ेगा। भारत की अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया संकट का जो दुष्प्रभाव पड़ रहा है उसकी वजह से घरेलू स्तर पर महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। इसलिए जरूरी है कि यह संकट जल्दी से जल्दी दूर हो।

# ट्रंप को समझ आ गया कि चीन का मुकाबला अकेले नहीं, भारत के साथ मिलकर किया जा सकता है




नीरज कुमार दुबे

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

अमेरिका को अब इस बात का भलीभांति एहसास हो चुका है कि चीन जैसी उभरती महाशक्ति को रोक पाना उसके अकेले बूते की बात नहीं रह गई है। यही कारण है कि चीन से लगभग खाली हाथ लौटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अब उम्मीद की सबसे मजबूत किरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दरबार में दिखाई दे रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भारत दौरा दरअसल इसी बदली हुई वैश्विक मजबूरी और रणनीति का संकेत है। ट्रंप ने जिस तरह भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से बातचीत के दौरान सार्वजनिक तौर पर कहा कि मुझे प्रधानमंत्री मोदी बहुत पसंद हैं। मोदी महान हैं और वो मेरे दोस्त हैं। ट्रंप ने यह तक कहा कि हम भारत के इतने करीब पहले कभी नहीं थे और भारत मुझ पर तथा अमेरिका पर सौ फीसदी भरोसा कर सकता है। यह बयान सिर्फ दोस्ती का प्रदर्शन नहीं, बल्कि उस बदले हुए अमेरिकी रुख का संकेत है जिसमें वॉशिंगटन अब भारत को एशिया में शक्ति संतुलन बनाए रखने वाले सबसे अहम स्तंभ के रूप में देख रहा है। दिलचस्प बात यह भी रही कि मार्को रुबियो ने अपने भारत दौरे में ताजमहल के दीदार का कार्यक्रम भी रखा। कूटनीतिक गलियारों में इसे केवल पर्यटन नहीं, बल्कि एक प्रतीकात्मक संदेश माना जा रहा है, मानो अमेरिका भारत को यह भरोसा दिलाना चाहता हो कि वह इस बार दबाव नहीं, बल्कि मोहब्बत और साझेदारी का पैगाम लेकर आया है।

देखा जाये तो पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका की विदेश नीति में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। ट्रंप प्रशासन के दौरान अमेरिका फर्स्ट की नीति ने सहयोगी देशों में असहजता पैदा की। कई देशों को लगा कि वॉशिंगटन अब भरोसेमंद साथी नहीं रहा। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। चीन की आर्थिक और सैन्य ताकत जिस तेजी से बढ़ी है, उसने अमेरिका को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि एशिया में उसका प्रभाव बनाए रखने के लिए भारत जैसी लोकतांत्रिक और उभरती शक्ति के साथ मजबूत रिश्ते जरूरी हैं।

दरअसल, चीन केवल व्यापारिक प्रतिस्पर्धी नहीं रहा। वह अब वैश्विक सप्लाई चेन, तकनीक, रक्षा उत्पादन और सामरिक निवेश के जरिए दुनिया पर अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। दक्षिण चीन सागर से लेकर ताइवान तक, बीजिंग का आक्रामक रवैया अमेरिका के लिए चुनौती बन चुका है। ऐसे में भारत अमेरिका के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बनकर उभरा है। भारत एक ऐसा देश है जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जिसके पास विशाल बाजार है और जो लोकतांत्रिक मूल्यों की बात करता है। अमेरिका यह भी समझ चुका है कि केवल सैन्य शक्ति से चीन को रोका नहीं जा सकता। इसके लिए आर्थिक नेटवर्क, तकनीकी साझेदारी और भरोसेमंद औद्योगिक ढांचा जरूरी है। यही कारण है कि सेमीकंडक्टर, रक्षा निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्रिटिकल मिनरल्स और डिजिटल टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।



उधर, भारत के लिए भी यह अवसर कम महत्वपूर्ण नहीं है। लंबे समय तक भारत ने गुटनिरपेक्ष नीति और रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता दी। लेकिन अब नई दिल्ली समझ रही है कि वैश्विक शक्ति संतुलन में सक्रिय भूमिका निभाए बिना अपने हित सुरक्षित नहीं रखे जा सकते। यही वजह है कि भारत क्वॉड जैसे मंचों में सक्रिय है और अमेरिका, जापान तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। हालांकि, भारत की चुनौती यह है कि वह अमेरिका के साथ नजदीकी बढ़ाते हुए अपनी स्वतंत्र विदेश नीति भी बनाए रखे। रूस के साथ रक्षा संबंध हों या पश्चिम एशिया में संतुलन, भारत किसी एक खेमे में पूरी तरह शामिल होने से बचता रहा है। यही उसकी सबसे बड़ी कूटनीतिक ताकत भी है।

एक चीज और उभर कर आ रही है कि अमेरिका को अब भारत के साथ संबंधों में सिर्फ रणनीतिक भाषा नहीं, बल्कि व्यावहारिक निवेश की भी जरूरत है। अगर वॉशिंगटन वास्तव में चीन का प्रभाव कम करना चाहता है, तो उसे भारत में निर्माण, तकनीक और औद्योगिक ढांचे को मजबूत करने में गंभीर निवेश करना होगा। केवल भाषणों और समझौतों से बात नहीं बनेगी। देखा जाये तो भारत के भीतर कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां अमेरिकी निवेश बड़ा बदलाव ला सकता है। उच्च तकनीक, रक्षा उपकरण निर्माण, डिजिटल डेटा सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ सकता है। इससे दोनों देशों को फायदा होगा। एक तो अमेरिका को चीन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी दूसरा भारत को वैश्विक उत्पादन केंद्र बनने का मौका मिलेगा।

लेकिन इस साझेदारी की असली परीक्षा भरोसे पर होगी। अमेरिका का पिछला रिकॉर्ड कई बार अस्थिर रहा है। अफगानिस्तान से अचानक वापसी और बदलती नीतियों ने उसके सहयोगियों को सतर्क किया है। भारत इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठा रहा है। वैसे भी आज की दुनिया में गठबंधन केवल युद्ध लड़ने के लिए नहीं बनते, बल्कि तकनीक, व्यापार, डेटा और सप्लाई चेन पर नियंत्रण के लिए भी बनते हैं। अमेरिका और भारत के रिश्ते अब इसी नए दौर में प्रवेश कर चुके हैं। यह संबंध केवल दो देशों के बीच साझेदारी नहीं, बल्कि एशिया और दुनिया की नई शक्ति संरचना का आधार बन सकता है। मार्को रुबियो की यात्रा इसी बदलती भू-राजनीति का संदेश है। संकेत साफ है कि अमेरिका को अब भारत की जरूरत महसूस हो रही है। और भारत भी यह समझ चुका है कि वैश्विक राजनीति में अब निर्णायक खिलाड़ी बनकर उतरने का समय आ गया है। इसके अलावा, हाल के घटनाक्रमों ने यह भी साफ़ कर दिया है कि अमेरिका की चीन नीति उतनी सफल नहीं रही, जितनी ट्रंप प्रशासन उम्मीद कर रहा था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हाल ही में चीन दौरे पर गए थे, लेकिन वहां उन्हें कोई बड़ी रणनीतिक सफलता हासिल नहीं हुई। व्यापार, तकनीक और भू-राजनीतिक तनाव जैसे मुद्दों पर बीजिंग ने अमेरिकी दबाव के सामने झुकने के संकेत नहीं दिए। विश्लेषकों का मानना है कि इसी के बाद वॉशिंगटन को दोबारा यह एहसास हुआ कि एशिया में चीन का संतुलन केवल भारत के सहयोग से ही संभव है। यही वजह है कि ट्रंप के सुर अब बदले-बदले नजर आ रहे हैं। ट्रंप की चीन यात्रा के तुरंत बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत पहुंचे और उन्होंने भारत को नेचुरल पार्टनर बताते हुए रिश्तों को नई दिशा देने की बात कही। माना जा रहा है कि ट्रंप ने अपने बेहद करीबी सहयोगियों में गिने जाने वाले भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत के साथ रिश्तों को फिर से मजबूत करने की जिम्मेदारी दी है। खुद सर्जियो गोर ने सार्वजनिक रूप से कहा कि ट्रंप भारत और प्रधानमंत्री मोदी के साथ संबंधों को बेहद अहम मानते हैं। दरअसल, अमेरिका अब समझ चुका है कि चीन के साथ प्रतिस्पर्धा और सहयोग की उसकी रणनीति सीमित परिणाम दे रही है, जबकि भारत के साथ मजबूत साझेदारी इंडो-पैसिफिक में उसे कहीं अधिक स्थिर और भरोसेमंद आधार दे सकती है।

बहरहाल, यह पूरा घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संतुलित और दूरदर्शी कूटनीति की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पिछले लगभग एक वर्ष से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत के खिलाफ तीखे बयान, व्यापारिक दबाव और कई असहज संकेत लगातार सामने आते रहे, लेकिन नई दिल्ली ने कभी भी भावनात्मक प्रतिक्रिया या सार्वजनिक बयानबाजी का रास्ता नहीं चुना। मोदी सरकार ने संयम, धैर्य और रणनीतिक चुप्पी बनाए रखते हुए अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी। भारत न तो अमेरिकी दबाव के आगे झुका और न ही संबंधों को टकराव की दिशा में जाने दिया। इसकी बजाय सही समय का इंतजार करते हुए भारत ने अपनी आर्थिक ताकत, वैश्विक प्रतिष्ठा और रणनीतिक महत्व को और मजबूत किया। आज स्थिति यह है कि वही अमेरिका, जो कभी भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था, अब रिश्तों को सुधारने और भारत को अपना सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताने पर मजबूर है। यह केवल कूटनीतिक जीत नहीं, बल्कि उस आत्मविश्वासी भारत की तस्वीर है जिसने दुनिया को दिखा दिया कि मजबूत राष्ट्र शोर से नहीं, बल्कि धैर्य, संतुलन और सही रणनीति से अपनी जगह बनाते हैं।

# भारत से तनाव के बीच ड्रैगन से हाथ मिलाएगा बांग्लादेश

## पहले विदेश दौरे पर चीन जाएंगे पीएम तारिक रहमान

नई दिल्ली

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के जून के आखिर में चीन जाने की उम्मीद है। बीएनपी सरकार बनने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। शुरू में उनकी पहली विदेश यात्रा के लिए भूटान को चुना गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का न्योता भी अभी स्वीकारा नहीं है।

नई दिल्ली में तारिक की यात्रा पर बारीकी से नजर रखे जाने की संभावना है, क्योंकि बांग्लादेश और चीन के बीच बढ़ते जुड़ाव की एक वजह ढाका की वह नई कोशिश मानी जा रही है जिसके तहत वह लंबे समय से अटके तीस्ता नदी बहाली प्रोजेक्ट के लिए चीन से फंडिंग हासिल करना चाहता है और यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब पानी के बंटवारे का मुद्दा भारत और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक तनाव का नया केंद्र बन गया है। भारत को लेकर बांग्लादेश ने क्या कहा?



बांग्लादेश का कहना है कि भारत के साथ उसके संबंध काफी हद तक गंगा जल-बंटवारे समझौते को नए सिरे से लागू करने या उसे अंतिम रूप देने पर निर्भर करेंगे और इस बात पर जोर दिया कि कोई भी अल्पकालिक समझौता पर्याप्त नहीं होगा।

बांग्लादेश में चीन के राजदूत याओ वेन ने हाल ही में कहा कि तारिक की चीन की आगामी यात्रा दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करेगी, जो नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है। उन्होंने हा था, चीन राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने, आर्थिक विकास और जन कल्याण गतिविधियों में बांग्लादेश को अपना पूरा समर्थन देता रहेगा।

नदी परियोजना के अलावा चीन और बांग्लादेश ने उच्च-गुणवत्ता वाले बेल्ट एंड रोड सहयोग को बढ़ावा देने और व्यापार, निवेश, उद्योग, डिजिटल अर्थव्यवस्था, जल संसाधन, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान तथा सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई है।

विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा कि प्रधानमंत्री तारिक किसी न किसी समय चीन का दौरा निश्चित रूप से करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विदेश में प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा का समय और कार्यक्रम अभी तक तय नहीं हुआ है।

कबीर ने कहा कि तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और बहाली परियोजना के संबंध में चीन के साथ हुई चर्चा फलदायी रही और उन्होंने यह भी जोड़ा कि चीन का एक्जिम बैंक इस परियोजना को वित्तपोषित कर सकता है।

### अमेरिकी महाद्वीप में 20 देशों की संयुक्त कार्रवाई, 3,308 हथियार, 56 टन मादक पदार्थ जब्त

सान सैल्वाडोर, (वार्ता)। मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और कैरिबियाई द्वीपों पर अवैध हथियारों की तस्करी और उससे संबंधित आपराधिक कृत्यों पर शिकंजा कसने के लिए चलाये गये संयुक्त पुलिस अभियान के तहत 3,308 हथियार एवं 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। अक्टूबर-नवंबर 2025 में चलाये गये ऑर्का-11 अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय अपराधी पुलिस संगठन (इंटरपोल) के सहयोग और समर्थन से 20 देशों में यह पुलिसिया कार्रवाई की गयी। इस अभियान की तैयारी के लिए इंटरपोल ने भाग लेने वाले देशों को हथियारों की तस्करी से जुड़ी खुफिया जानकारी का विश्लेषण करने, राष्ट्रीय खतरे का आकलन करने और सीमा-पार सूचनाओं के आदान-प्रदान में समन्वय स्थापित करने में सहायता प्रदान की। इसमें क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 'ऑर्गेनाइज़ेशन ऑफ़ अमेरिकन स्टेट्स' का भी समर्थन प्राप्त था। हथियारों की ज़ब्ती के अलावा, इसमें शामिल अधिकारियों ने हथियारों और नशीले पदार्थों को रखने या उनकी तस्करी से जुड़े 8,701 लोगों की गिरफ़्तारी की जानकारी दी। साथ ही, कई अन्य अपराधों और जुर्मों के मामले भी सामने आये।

# ट्रंप की उम्मीदों को पाक का झटका, रक्षा मंत्री बोले अब्राहम समझौते से नहीं जुड़ेंगे

नई दिल्ली



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि वह इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के लिए इस्लामाबाद के अब्राहम समझौते में शामिल होने के पक्ष में नहीं हैं। उनकी यह टिप्पणी तब आई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ शांति वार्ता में शामिल देशों से अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने को कहा। यह समझौता इजरायल और अरब देशों के बीच कूटनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंध स्थापित करने से जुड़ा है।

सोमवार रात समा टीवी के एक टॉक शो में आसिफ ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर मुझे नहीं लगता कि हमें किसी ऐसे समझौते में शामिल होना चाहिए जो हमारी बुनियादी विचारधाराओं से टकराता हो। वार्ताकारों में से यूएई और बहरीन पहले से ही इस समझौते के सदस्य हैं और ट्रंप को उम्मीद है कि सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र और जॉर्डन भी इस पर हस्ताक्षर करेंगे।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने अपने देश के उस पुराने रुख के बारे में भी बात की जिसके तहत वह तब तक इजरायल को स्वीकार नहीं करेगा जब तक कि 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर पूर्वी यरुशलम को राजधानी बनाकर एक फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना नहीं हो जाती। उन्होंने कहा, हमारा रुख बिल्कुल साफ है कि यह हमें मंजूर नहीं है।

रक्षा मंत्री ने विश्वसनीयता के सवाल पर भी जोर दिया। उन्होंने पूछा, आप उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनके कहे पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता? उन्होंने पाकिस्तान के पासपोर्ट का भी जिक्र किया जिस पर साफ लिखा होता है कि यह इजरायल की यात्रा के लिए मान्य नहीं है।

आसिफ उन राजनेताओं में से हैं जो यहूदी राष्ट्र के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के किसी भी विचार का जोरदार विरोध करते हैं। पिछले महीने उन्होंने इजरायल को इंसानियत के लिए एक अभिशाप बताया था और उस पर इस क्षेत्र में नरसंहार करने का आरोप लगाया था।

# अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिका, नयी क्षेत्रीय व्यवस्था का निर्माण करें मुस्लिम देश : खामेनेई



तेहरान, (वार्ता)

ईरान के सर्वोच नेता आयतुल्ला सैयद मुजतबा खामेनेई ने मुस्लिम देशों से आपसी सहयोग को मजबूत करने और अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नयी क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि अमेरिका अब क्षेत्र में अपने सैन्य ठिकाने नहीं बना पाएगा। आयतुल्ला खामेनेई ने हज यात्रा के दूसरे दिन यौम-ए-अरफा के अवसर पर मंगलवार को जारी संदेश में कहा, वैश्विक मुस्लिम उम्माह (राष्ट्र) और क्षेत्र के देशों के पास अनेक साझा क्षमताएं और समान हित मौजूद हैं, जो क्षेत्र और विश्व की नयी व्यवस्था तथा भविष्य की संरचना को आकार देंगे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं और अमेरिकी सैन्य प्रभाव लगातार कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा, समय के पहिये को पीछे नहीं घुमाया जा सकता। क्षेत्र के देश अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल का काम नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के पास अब अपनी शरारतों और क्षेत्र में सैन्य अड्डे स्थापित करने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचेगा और वह दिन-ब-दिन अपनी पूर्व स्थिति से दूर होता जा रहा है। संदेश में क्षेत्रीय प्रतिरोध मोर्चे की भूमिका की भी सराहना की गयी, जिसे उन्होंने ईरान, लेबनान, फिलिस्तीन, इराक, सीरिया, अफ्रीका, यमन, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक फैला हुआ एक संयुक्त आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि इन शक्तियों ने अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला किया, इजरायली कब्जे को चुनौती दी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी संगठन के खिलाफ संघर्ष किया। आयतुल्ला खामेनेई ने इजरायल को कैंसरयुक्त ट्यूमर और अस्थिर शासन बताते हुए कहा कि वह अपने अभिशप्त जीवन के अंतिम चरण के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने इस्लामी क्रांति के दिवंगत नेता आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई की उस भविष्यवाणी का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि इजरायली शासन अगले 25 वर्षों तक कायम नहीं रह पाएगा। संदेश में आयतुल्ला खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ हालिया संघर्ष के दौरान ईरान की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा, इस्लामी गणराय ने अपने भारी हमलों के जरिए इजरायली शासन को असहाय बना दिया, आक्रामक अमेरिका को करारा थप्पड़ मारा और ईरान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के दुश्मन के उद्देश्य को विफल कर दिया।

### फिरोजपुर में पांच ग्लॉक पिस्तौलों समेत एक आरोपी गिरफ्तार

फिरोजपुर, (वार्ता)। पंजाब में फिरोजपुर काउंटर इंटेलिजेंस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक हथियार सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से पांच अत्याधुनिक .30 बोर ग्लॉक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान फिरोजपुर के गांव खेहरा के उत्तर निवासी लखविंदर सिंह के रूप में हुई है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड है और वह एक महीने पहले ही जेल से रिहा होकर बाहर आया था।

# स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सीधे आम आदमी तक पहुंचे, गुणवत्ता और तकनीक से जोड़ें : योगी

लखनऊ,( वार्ता)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। उन्होंने क्लेम दावों का तय समय में निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बताया गया कि प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक निःशुल्क उपचार हो चुके हैं। उन्होने दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में आयुष पद्धतियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया और कहा कि आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी की आईपीडी सेवाएं भी योजना का हिस्सा बनेंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एनएचएम के अंतर्गत कोविड कालखंड में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर समायोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि आशा वर्करों का भुगतान किसी भी स्थिति में लंबित न रहे। हेल्थ एटीएम सेवाओं का विस्तार अधिक से अधिक क्षेत्रों तक किया जाए।

योगी ने कहा कि आपात स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। एम्बुलेंस संचालकों का भुगतान भी समय से हो। तीन माह से कम एक्सपायरी वाली दवाएं न रखें। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीन माह से कम एक्सपायरी अवधि वाली दवाएं अस्पतालों में नहीं होनी चाहिए। उनकी जगह नई दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रदेश के 75 जनपदों में डायलिसिस और 74 जनपदों में सीटी स्कैन सेवा उपलब्ध है। मार्च 2026 तक 35.69 लाख से अधिक डायलिसिस सत्र और 45.35 लाख से अधिक सीटी स्कैन हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में और कमी लाने के लिए संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर गर्भवती महिला तक समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचनी चाहिए। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 15.28 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। 15.14 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड लिंक किए गए हैं। उन्होने चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अनुसंधान और मेडटेक क्षेत्र में लगभग 1500 करोड़ रुपये निवेश के लिए इंटेंट फाइल किए गए हैं। लोहिया संस्थान में 376 से अधिक रोबोटिक सर्जरी तथा 250 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण हो चुके हैं। यहां प्रदेश का पहला गामा नाइफ सेंटर भी स्थापित किया जा रहा है।

# सेटेलाइट टाउनशिप के निर्माण की योजना कारपोरेट पक्षधर और जनविरोधीः भाकपा

पटना, (वार्ता )

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने राज्य सरकार की ओर घोषित सेटेलाइट टाउनशिप निर्माण योजना का विरोध करते हुए इसे कॉरपोरेट पक्षधर और जनविरोधी करार दिया है। भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने आरोप लगाया कि बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य सरकार का रिमोट नियंत्रण दिल्ली से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी विस्तार के नाम पर सरकार ने बड़े कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए जमीन से जुड़े नियमों में बदलाव किया है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि सरकार द्वारा सेटेलाइट एरिया में भूमि की खरीद-बिक्री पर अगले वर्ष तक लगाई गई रोक किसानों और भूमिधारकों के अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आर्थिक स्वतंत्रता प्रभावित हो रही है और उन्हें अपनी जमीन बेचने से वंचित किया जा रहा है।

श्री पाण्डेय ने इस नीति को नवउदारवादी और पूंजीपरस्त दृष्टिकोण का हिस्सा बताते हुए कहा कि इसमें भूमि अधिग्रहण और बाजार नियंत्रण के जरिए कॉरपोरेट हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस योजना में न तो उचित मुआवजे की गारंटी है और न ही पुनर्वास की स्पष्ट योजना।

भाकपा के राज्य सचिव ने कहा है कि पार्टी की राज्य परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित कर सेटेलाइट टाउनशिप के नाम पर किसानों की जमीन की खरीद-बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है।उन्होंने कहा कि किसी भी भूमि अधिग्रहण से पूर्व ग्रामसभा की सहमति, पारदर्शी मूल्य निर्धारण तथा पुनर्वास और पुनर्स्थापन की गारंटी सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही कॉरपोरेट घरानों को भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने और सार्वजनिक भूमि का उपयोग केवल सार्वजनिक हित में करने की मांग की गई है। शहरी विस्तार की नीति में किसानों, भूमिहीनों और शहरी गरीबों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

राज्य परिषद ने सभी जिला एवं अंचल कमेटियों को निर्देश दिया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सभाएं आयोजित कर किसानों को स्थिति की जानकारी दें। इसके साथ ही भूमि बचाओ, किसान बचाओ अभियान चलाने, जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने तथा चरणबद्ध आंदोलन तेज करने का आह्वान किया गया है।

### भीषण गर्मी में डिलीवरी कर्मियों को राहत देने की तैयारी शहर में लगेंगे शेड और पेयजल केंद्र : नीतीश मिश्रा

पटना, (वार्ता) ।भीषण गर्मी के दौरान होम डिलीवरी एवं कुरियर सेवा से जुड़े कर्मियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर विकास एवं आवास मंत्री ने मंगलवार को पटना नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। श्री मिश्रा ने कहा कि इन कर्मियों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।उन्होनें कहा कि वर्तमान समय में ऑनलाइन सेवाओं और होम डिलीवरी की मांग तेजी से बढ़ी है। ऐसे में बड़ी संख्या में डिलीवरी एवं कुरियर कर्मी दिनभर तेज धूप और अत्यधिक गर्मी में कार्य करने को मजबूर हैं।

बैठक में मंत्री श्री मिश्रा ने अधिकारियों को शहर में स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नगर निगम यह सुनिश्चित करे कि आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पेयजल केंद्र स्थापित किए जाएं। बैठक में शहर में लगातार बढ़ रही होम डिलीवरी सेवाओं, ई-कॉमर्स गतिविधियों तथा कुरियर सेवाओं से जुड़े कर्मियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यह पहल केवल सुविधा नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा विषय है, क्योंकि ये कर्मी प्रतिदिन लोगों तक आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।


इस अवसर पर बुडको के प्रबंध निदेशक, अनिमेष कुमार पराशर एवं पटना नगर आयुक्त, यशपाल मीणा मौजूद थे।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# रणवीर सिंह ने किए चामुंडेश्वरी मंदिर के दर्शन; एक ऐसा सफर जिसे लोग मानते हैं कि मां के बुलावे पर ही संभव होता है



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह के चामुंडेश्वरी मंदिर दौरे ने आस्था, कृतज्ञता और आशीर्वाद पाने की भावना को एक साथ जोड़ दिया। हालांकि रणवीर का यह दौरा कोर्ट की कार्यवाही से जुड़े निर्देशों के तहत हुआ, लेकिन कई लोगों के लिए मां चामुंडेश्वरी के दरबार तक पहुंचना अपने आप में एक सम्मान और सौभाग्य की बात मानी जाती है। लोगों का मानना है कि मां का बुलावा आए बिना कोई उनके दरबार तक नहीं पहुंच सकता।यह दौरा उस समय भी चर्चा में आया जब रणवीर सिंह ने इससे पहले सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए अपने इरादों को स्पष्ट किया था। अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा था, मेरा उद्देश्य फिल्म में ऋषभ की शानदार परफॉर्मेंस को सामने लाना था। एक अभिनेता होने के नाते मैं समझता हूं कि जिस तरह उन्होंने उस खास सीन को निभाया, उसके लिए कितनी मेहनत और समर्पण चाहिए। मुझे उनके काम के लिए बेहद सम्मान है।उन्होंने यह भी साफ किया कि किसी संस्कृति या आस्था का अपमान करना उनका कभी उद्देश्य नहीं था। रणवीर ने कहा, मैं हमेशा हमारे देश की हर संस्कृति, परंपरा और विश्वास का गहरा सम्मान करता हूं। यदि मेरी बात से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मैं दिल से माफी मांगता हूं। भक्तों के बीच लंबे समय से यह मान्यता रही है कि देवी के दर्शन केवल योजना बनाने से नहीं होते, बल्कि तभी संभव होते हैं जब मां खुद बुलावा देती हैं। चाहे परिस्थितियां सामान्य हों या अचानक बनी हों, हर दर्शन को देवी का आशीर्वाद माना जाता है। ऐसे में रणवीर सिंह का यह दौरा भी कई लोगों के लिए सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि देश के सबसे पूजनीय शक्तिपीठों में से एक में आशीर्वाद पाने का अवसर बन गया। बीते वर्षों में रणवीर सिंह कई बार आस्था, कृतज्ञता और सफलता के बावजूद जमीन से जुड़े रहने की बात कर चुके हैं। उनका यह मंदिर दौरा ऐसे समय में हुआ है जब उनका प्रोफेशनल सफर भी लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। रणवीर सिंह इन दिनों धुरंधर फ्रेंचाइज़ी की सफलता को लेकर चर्चा में हैं।



# हस्तिनापुर के वीर में कृपाचार्य का किरदार निभाएंगे चेतन्य अदीब

अभिनेता चेतन्य अदीब सोनी सब के नए शो हस्तिनापुर के वीर में कृपाचार्य का किरदार निभाते नजर आयेंगे। सोनी सब का आगामी पौराणिक धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर पांडवों और कौरवों के प्रारंभिक जीवन को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करेगा। यह शो हस्तिनापुर की पृष्ठभूमि में उन घटनाओं, रिश्तों और मूल्यों को उजागर करेगा, जिन्होंने महाभारत के प्रमुख पात्रों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हस्तिनापुर के वीर में अभिनेता चेतन्य अदीब कृपाचार्य का महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। कृपाचार्य को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और निष्पक्षता के प्रतीक गुरु के रूप में दर्शाया गया है, जिन्होंने पांडवों और कौरवों दोनों को शिक्षा दी। अपने किरदार को लेकर चेतन्य अदीब ने कहा, जब मैंने कृपाचार्य के बारे में पढ़ना शुरू किया तो मुझे उनकी शांति और आत्मविश्वास ने बहुत आकर्षित किया। कृपाचार्य एक आदर्श शिक्षक थे, जिन्होंने हर हाल में अपने कर्तव्य और धर्म को निभाया। उन्हें निभाते हुए मुझे अनुशासन और आत्म से परे कर्तव्य की भावना पर सोचने का मौका मिला। वे हमेशा उद्देश्यपूर्ण ढंग से काम करते हैं, कभी भी आवेश में प्रतिक्रिया नहीं देते बल्कि सोच-समझकर और संरचना के साथ जवाब देते हैं। एक अभिनेता के तौर पर मुझे उनकी मानसिकता को समझने के लिए खुद को धीमा करना पड़ा और उस संयम और अनुशासन को जीना पड़ा। यह अनुभव मेरे लिए बेहद समृद्ध और सीखने वाला रहा। सोनी सब पर प्रसारित होने वाला यह धारावाहिक जल्द ही दर्शकों के सामने आएगा, जिसमें महाभारत काल की कहानी को एक नए और भावनात्मक अंदाज में दिखाया जाएगा।

# अक्षय कुमार के नए गाने 'घिस घिस घिस' ने इंटरनेट पर मचाया तहलका



अक्षय कुमार का नया गाना घिस घिस घिसइंटरनेट पर तेजी से ट्रेंड कर रहा है और दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय हो गया है। अक्षय कुमार एक बार फिर साबित कर रहे हैं कि वह हिंदी सिनेमा के सबसे निडर और बेबाक एंटरटेनर्स में क्यों गिने जाते हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के नए गाने 'घिस घिस घिस' में अक्षय का अब तक का सबसे पागलपन भरा और मजेदार अवतार देखने को मिल रहा है, जहां वह एक ओवर-द-टॉप भोजपुरी सुपरस्टार की भूमिका निभा रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म के भीतर फिल्म वाले कॉन्सेप्ट पर आधारित है। यानी 'वेलकम टू द जंगल' की कहानी के अंदर ही अक्षय कुमार एक काल्पनिक भोजपुरी मसाला फिल्म की शूटिंग करते नजर आते हैं। चमकदार कपड़े, जोरदार स्टाइल, बढ़ा-चढ़ाकर किए गए एक्सप्रेशन्स और पूरी तरह मसालेदार अंदाज में अक्षय का यह अवतार दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। जंगली म्यूजिक द्वारा प्रस्तुत 'घिस घिस घिस' सभी प्रमुख ऑडियो प्लेटफॉर्म्स पर स्ट्रीम हो रहा है, जबकि इसका पूरा म्यूजिक वीडियो टाइम्स म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने को विक्रम मॉन्ट्रोस ने कंपोज किया है, जबकि इसे विक्रम मॉन्ट्रोस और सुप्रिया पाठक ने आवाज दी है। गीत के बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। फैंस खासतौर पर अक्षय कुमार के अतरंगी भोजपुरी स्टार अवतार और फिल्म-विदिन-ए-फिल्म वाले कॉमिक कॉन्सेप्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडेय, बृजेंद्र काला, फिरोज खान (अर्जुन), स्वर्गीय पंकज धीर जी, पुनीत इस्सर, सुदेश बेरी, जीतू वर्मा, वृहि कोडवारा, आदित्या सिंह और भाग्य भानुशाली जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# जनसुनवाई में हरिराम को मिली कान की मशीन आवेदकों की समस्याओं का भी हुआ निराकरण

## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने हल्कीबाई नौरिया को 4 लाख और अंशिका नेमा को 10 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

राज्य शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभांवित किया गया। जनसुनवाई में 145 आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं किया गया, उन आवेदन पत्रों का निराकरण के लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई है। संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का निराकरण कर आवेदकों को अवगत कराना होगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जनसुनवाई में हल्कीबाई नौरिया को 4 लाख रुपये, अंशिका नेमा को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और श्री हरिराम को कान की मशीन दी है।



### जनसुनवाई में हल्कीबाई नौरिया को मिला 4 लाख रुपये की मदद

नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा तहसील के ग्राम घघरोलाखुर्द निवासी किशनलाल नौरिया पिता सुक्का नौरिया की 15 मार्च 2025 को कृषि कार्य के दौरान करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। जनसुनवाई में श्रीमती हल्कीबाई नौरिया ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पति को करंट लगने से मृत्यु होने पर सहायता राशि हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने उक्त आवेदन पत्र पर तत्काल कार्यवाही करते हुए श्रीमती हल्कीबाई नौरिया को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की सहायता प्रदान की।

### जनसुनवाई में सुश्री अंशिका नेमा को मिली 10 हजार रुपये की सहायता

जनसुनवाई में सुश्री अंशिका नेमा ने आवेदन पत्र देकर कलेक्टर को बताया कि उनकी मां श्रीमती साधना नेमा का ईलाज टीएनबीसी कैंसर में चल रहा है। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनके इलाज कराने के लिए आर्थिक सहायता की जरूरत है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जनसुनवाई में अंशिका नेमा की समस्या का निराकरण करते हुए उसे भारतीय रेडक्रास सोसायटी से 10 हजार रुपये का आर्थिक सहायता प्रदान की।

### जनसुनवाई में हरिराम को मिली कान की मशीन

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जनसुनवाई में नरसिंहपुर जिले के ग्राम भैंसा के निवासी श्री हरिराम को कान की मशीन प्रदान की। जनसुनवाई में श्री हरिराम ने आवेदन देकर बताया कि उन्हें सुनने में परेशानी होती है। उसके पास इतने रुपये-पैसे भी नहीं है कि वह कान की मशीन खरीद सके। कान की मशीन नहीं होने के कारण उसे बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उसे खबर मिली कि शासन द्वारा ऐसे व्यक्तियों को उनकी सुविधा के लिए कान की मशीन प्रदान की जाती है, तो इस शासन की योजना का लाभ लेने के लिए वह मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कान की मशीन की मांग की। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने श्री हरिराम की समस्याओं का निराकरण करते हुए उसे कान की मशीन प्रदान की।



# अल्टीमेटम का असर,प्रशासन ने हटवाए अवैध स्पीड ब्रेकर

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

शहर कांग्रेस नरसिंहपुर की चेतावनी और आक्रामक आंदोलन की तैयारी के आगे आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा। शहर में आमजन के लिए मुसीबत बने अवैध ब्रेकरों को लेकर कांग्रेस द्वारा दिए गए अल्टीमेटम के बाद प्रशासन हरकत में आया और अवैध ब्रेकर हटाने की कार्रवाई कर दी गई। कांग्रेस नेताओं ने साफ शब्दों में कहा था कि यदि जनता को राहत नहीं मिली तो सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। बढ़ते जनदबाव और कांग्रेस के तेवरों को देखते हुए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी पड़ी।शहर कांग्रेस ने इसे जनता की जीत बताते हुए कहा कि जनता की आवाज दबाने की कोशिश करने वालों को अब समझ लेना चाहिए कि शहर कांग्रेस हर जनहित के मुद्दे पर मजबूती से खड़ी है। अवैध ब्रेकरों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं और आम नागरिक परेशान थे, लेकिन प्रशासन लंबे समय तक आंखें मूंदे बैठा रहा।कार्रवाई के बाद प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोबारा जनता की समस्याओं की अनदेखी हुई तो और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रोहित पटैल, सेवादल जिला अध्यक्ष अतुल चौरसिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विवेक पटैल, अजय दुबे, आशीष दुबे, अभिषेक लेवी एवं संजय मेहरा मौजूद रहे।

# वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हुए विविध कार्यक्रम



**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** श्रीदेव नरसिंह मंदिर में विराजमान भगवान पञ्चमुखी श्री गणेश महाराज का वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में विविध कार्यक्रम हुए। इस दौरान भगवान श्री गणेश जी महाराज का प्रात: अभिषेक अर्चन अनेक प्रकार के फलों से श्रृंगार षोडशोपचार एवं पूजन हवन हुआ । दोपहर में भजन हुए। संध्या काल शाम 7 बजे महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा अपने अपने घरों से लाए गए छप्पन भोग प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम पुजारी जवाहर दुबे, पंडित ऋषि मिश्रा एवं मुख्य पुजारी प्रमोद सोनकिया के मार्गदर्शन में किया गया ।विदित हो कि 25 मई 2023 को शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के मार्गदर्शन और सानिध्य में नरसिंह मंदिर में पंचमुखी भगवान श्री गणेश की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।

# रोटरी क्लब द्वारा जागरूकता एवं नि: शुल्क कैंसर परीक्षण एवं निदान शिविर का आयोजन 31 मई को

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

रोटरी क्लब द्वारा महावीर भवन में 31 मई रविवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विशाल कैंसर जागरुकता एवं नि:शुल्क कैंसर परीक्षण एवं निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मेडिकल कॉलेज जबलपुर के प्रोफेसर, सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम जी रावत एम बी बी एस, एम डी, एफ आई ए सी ए, शिविर में आने वाले मरीजों का परीक्षण करेंगे । शिविर का लाभ लेने के लिए पंजीयन प्रारम्भ है जो 30 मई तक चलेंगे । कैंसर के लक्षण के बारे बताया गया है कि मुँह में लंबे समय से छाले का होना, खाना चबाने व निगलने में तकलीफ होना, आवाज में भारीपन, स्तन की प्रक्रिया में बदलाव व खून का आना, महिलाओं में स्तन में गठान का होना, योनि द्वार सें सफेद पानी अनियमित माहवारी, अकारण अचानक वजन कम होना ,लंबे समय से खांसी व बलगम से खून का आना है ऐसे मरीज अपनी जांच जरूर कराए । शिविर में आने वाले मरीज अपनी पुरानी जॉच एवं इलाज की पर्ची साथ में अवश्य लायें । नि:शुल्क शिविर में पंजीयन कराने डॉ. डी. एस. चौधरी, डॉ. उमाशंकर दुबे, डॉ. उपेन्द्र सिंघई, डॉ. भरत राठी, डॉ. संगीत जैन, डॉ. संजय मोदी, डॉ स्वाति कुरचानिया,डॉ उपेन्द्र वस्त्राकार, आदित्य रघुवंशी, डॉ. आशुतोष मेहता, डॉ. आदित्य अग्रवाल (सांईखेड़ा) से संपर्क करे । शिविर की अधिक जानकारी के लिए रोटरी अध्यक्ष रो. सुरेन्द्र साहू ,कोषाध्यक्ष रो. संजय गुप्ता,सचिव रो. मनोज वशा,स्वास्थ्य समिति चेयरमेन से संपर्क कर सकते है । रोटरी क्लब ने विशाल कैंसर जागरुकता एवं नि:शुल्क कैंसर परीक्षण एवं निदान शिविर का लाभ लेने की अपील की है ।

### जमानत निरस्त होते ही तीन आरोपी गिरफ्तार, मारपीट मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** थाना ठेमी क्षेत्र के ग्राम करकबेल में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पुन: गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामला गंभीर प्रकृति का होने तथा प्रकरण में अतिरिक्त धाराएं जुड़ने के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों की जमानत निरस्त कराने के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार मारपीट की घटना के बाद थाना ठेमी में आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई में सोनू उर्फ सागर ठाकुर निवासी बौछार, अभिषेक लोधी पिता फूल सिंह लोधी निवासी कंधरापुर तथा भरत लोधी पिता रोशन लाल लोधी निवासी समनापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें जमानत मिल गई थी।इसके बाद प्रकरण की गंभीरता और नई धाराएं जुड़ने पर पुलिस ने आरोपियों की जमानत निरस्त कराने हेतु न्यायालय में आवेदन लगाया। मामले की सुनवाई के बाद माननीय न्यायालय ने तीनों आरोपियों की जमानत निरस्त करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए।वारंट जारी होते ही थाना ठेमी पुलिस सक्रिय हुई और आरोपियों की तलाश कर तीनों को गिरफ्तार कर पुन: न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# समंवय समिति का प्रशिक्षण सम्पन्न



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस गायत्री परिवार समंवय समिति का प्रशिक्षण गायत्री शक्तिपीठ गाडरवारा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम मां गायत्री पूजन के साथ प्रशिक्षक वृंदावन पटेल, वीरेन्द्र पटेल, प्रबंध ट्रस्टी नरसिंहपुर थम्मन सिंह शर्मा का तिलक द्वारा सम्मान किया गया। निर्धारित समय 10 बजे से 4 बजे तक सदस्यों को सौंपे गये पृथक पृथक दायित्वों यथा मंडल विस्तार, नारी जागरण अभियान,आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी, युवा जोड़ों अभियान, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, साधना एवं स्वाध्याय, पर्यावरण संरक्षण,बाल संस्कार शाला, स्वावलंबन शिक्षण, नशामुक्ति आंदोलन, साहित्य एवं पत्रिका विस्तार, स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम चलाने की जानकारी प्रदान की गई ।इसके अलावा प्रत्येक माह समीक्षा बैठक एवं उपलब्धि संकलित कर केन्द्र को रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया सिखाई गई। प्रशिक्षण के बीच बीच में परिब्राजक मूलचंद पटेल एवं मनोरमा श्रीवास्तव द्वारा प्रेरक प्रज्ञा गीतों की प्रस्तुति प्रदान की गई।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण का दिया गया संदेश

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

जिले में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के द्वारा विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत ग्राम झिरीखुर्द, बुढैना, झामर, हीरापुर (बंदरोहा), बड़गुवां, जरजोला, बचई, मेख, खमरिया काशी, बम्होरी, आमगांव बड़ा, बसेड़ी, देवाकछार, सहावन, ढाना, बसुरिया, करेली बस्ती, छोटा जबलपुर सहित अन्य ग्रामों में जल स्त्रोत पूजन, स्वच्छता अभियान, जल कलश यात्राएं, जलाभिषेक एवं जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम झिरीखुर्द में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वाधान में जल स्त्रोत नलकूप का पूजन कर जल कलश यात्रा निकाली गई, जो शिव मंदिर पहुंचकर भगवान महेश्वर के जलाभिषेक के साथ सम्पन्न हुई। ग्राम बुढैना में माछा नदी तट पर जल पूजन एवं जल कलश यात्रा आयोजित कर जल एवं वट वृक्ष का जलाभिषेक किया गया। ग्राम झामर में जल स्त्रोतों की स्वच्छता कर पूजन एवं जल कलश यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इसी प्रकार हीरापुर (बंदरोहा), बड़गुवां, जरजोला, बचई सहित अन्य ग्रामों में जल स्त्रोत पूजन, स्वच्छता अभियान एवं जल संवाद के माध्यम से पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण पर जोर दिया गया। विकासखंड गोटेगांव, करेली एवं चीचली के अंतर्गत मेख, खमरिया काशी, बम्होरी, आमगांव बड़ा, बसेड़ी, देवाकछार, सहावन, ढाना एवं बसुरिया ग्रामों में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित कर वर्षा जल संचयन, जल संरचनाओं के संरक्षण एवं पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। करेली बस्ती स्थित बुड़ा महादेव मंदिर में कलश यात्रा निकालकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया तथा छोटा जबलपुर (सीतारेवा नदी तट) पर स्वच्छता अभियान चलाकर नदी पूजन किया गया।

# जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत नरसिंहपुर जिला सीमा क्षेत्र के अंतर्गत लोक शांति, सुरक्षा एवं सुचारू आवागमन बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर किसी भी सड़क दुर्घटना के विरोध में किसी भी व्यक्ति, समूह, परिजनों या आम जनता द्वारा मुख्य मार्गों, चौराहों या किसी भी सड़क पर आवागमन बाधित (चक्काजाम/ सड़क जाम) नहीं किया जाएगा। दुर्घटना स्थल या उसके आसपास शांति भंग करने, शासकीय कार्य में बाधा डालने या यातायात रोकने के उद्देश्य से गैर कानूनी रूप से भीड़ एकत्र करना पूर्णत- प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी व्यक्ति या संगठन के द्वारा सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक आदि) या लाउड स्पीकर/ मौखिक रूप से चक्काजाम करने के लिए भीड़ को उकसाना या अफवाह फैलाना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश कानून व्यवस्था ड्यूटी में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस बल, एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड और शव वाहनों पर लागू नहीं होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों/ समूहों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं (जैसे लोक सेवक के आदेश की अवहेलना, लोक मार्ग में बाधा उत्पन्न करना आदि) के तहत दंडात्मक एवं वैधानिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 26 मई 2026 से आगामी 60 दिनों (दो माह) की अवधि तक सम्पूर्ण जिले में प्रभावशील रहेगा। उल्लेखनीय है कि नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों, राजकीय मार्गों एवं आंतरिक मार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु या घायल होने की घटनाओं के पश्चात प्राय- परिजनों एवं आम नागरिकों द्वारा कानून व्यवस्था को हाथ में लेते हुए तत्काल सड़क जाम (चक्काजाम) कर दिया जाता है।

# जिले को डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के लिए 42 यूनिट का लक्ष्य हुआ प्राप्त

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राज्य में दूध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत नरसिंहपुर जिले को वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए नया लक्ष्य आवंटित हुआ है। उन्होंने बताया कि जिले की सभी संस्थाओं को योजना के अंतर्गत लक्ष्य जारी कर दिए गए हैं। इस वर्ष जिले के लिए कुल 42 यूनिट का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इच्छुक पशुपालक एवं युवा अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क कर इस योजना के लिए आवेदन प्राप्त कर सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना बड़े स्तर पर डेयरी व्यवसाय शुरू करने वाले पशुपालकों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसके अंतर्गत 25 दुधारू पशुओं की डेयरी यूनिट स्थापित करने के लिए बैंक लोन और सरकारी अनुदान दिया जाता है। देशी नस्ल की गायों के लिए अधिकतम 36 लाख रुपये और संकर (क्रॉसब्रीड) गाय या भैंसों के लिए अधिकतम 42 लाख रुपये तक का प्रोजेक्ट स्वीकृत किया जाता है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को परियोजना लागत का 33 प्रतिशत और सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 25 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाती है। लोन और सब्सिडी की राशि 18 महीनों के भीतर 4 किस्तों में (शेड निर्माण और पशु क्रय के आधार पर) सीधे बैंक खाते में जारी की जाती है। उप संचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का सिबिल स्कोर 700 से अधिक होना अनिवार्य है, ताकि बैंक लोन आसानी से स्वीकृत हो सके। आवेदक के नाम पर कम से कम 3.5 एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। पशु शेड और भूसा गोदाम निर्माण के लिए निर्धारित 3 हजार वर्ग फीट भूमि का व्यावसायिक डायवर्शन होना ज़रूरी है। आवेदक को भूसा शेड निर्माण के लिए अधिकृत इंजीनियर द्वारा तैयार किया गया नक्शा और प्राक्कलन प्रस्तुत करना होगा। योजना के नियमानुसार हरियाणा से उच्च नस्ल के पशु क्रय करने हेतु अधिकृत कोटेशन देना अनिवार्य है। आवेदन के साथ संबंधित बैंक से जारी किया गया पूर्व स्वीकृत आदेश भी संलग्न करना होगा। उन्होंने बताया कि जिले के प्रगतिशील पशुपालक या युवा जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वह तुरंत अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय या विकासखंड स्तर के पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजनांतर्गत गोटेगांव में पंजीयन के लिए शिविर सम्पन्न

## नगर पालिका नरसिंहपुर में 27 मई को शिविर लगाया जाएगा

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** श्रम पदाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवायएम) संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य वृद्धावस्था में श्रमिकों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। इस योजना के तहत 18 से 40 वर्ष तक की आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये हो और वह आयकर दाता न हो। साथ ही वह ईपीएफओ (पीएफ), ईएसआईसी या एनपीएस का सदस्य न हो, अपना पंजीयन करा सकते हैं। लाभार्थी द्वारा आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान दिया जाता है, जिसकी समान राशि केन्द्र सरकार द्वारा भी योगदान के रूप में जमा की जाती है। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन जनपद पंचायत गोटेगांव में मंगलवार को किया गया।श्रम पदाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 हजार रुपये न्यूनतम पेंशन प्रदान की जाती है। लाभार्थी की मृत्यु की स्थिति में उनके जीवनसाथी को पेंशन का 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन के रूप में देय होता है। पंजीकरण की सुविधा जिले के कॉमन सर्विस सेंटर- सीएससी एवं ऑनलाइन के माध्यम से उपलब्ध है। नगर पालिका नरसिंहपुर में 27 मई 2026 को पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा। श्रमिकों से अपील की गई है कि वे इस शिविर का लाभ उठाकर अधिक से अधिक अपना पंजीयन कराएं। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी सीएससी केन्द्र एवं श्रम विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

# नरसिंहपुर में आसमान से बरस रही आग, अलर्ट जारी

## जनता लू और बिजली कटौती से त्रस्त

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

जिले में इन दिनों गर्मी ने अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सूरज की तपिश ऐसी है कि सुबह 9 बजे के बाद ही सड़कें तवे की तरह तपने लगती हैं और दोपहर होते-होते बाजार सुनसान दिखाई देने लगते हैं। भीषण लू और झुलसाती हवाओं ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के कई जिलों में हीटवेव और लू का अलर्ट जारी किया गया है तथा तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंचने की चेतावनी दी गई है। गर्मी का सबसे ज्यादा असर मजदूर, किसान, छोटे दुकानदार और वृद्ध,बच्चों पर पड़ रहा है। गांवों में पेयजल संकट गहराने लगा है, वहीं शहर में बिजली कटौती लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही है। बिजली गायब रहने से कूलर और पंखे शोपीस बन गए हैं। अस्पतालों में उल्टी, चक्कर, डिहाइड्रेशन और लू के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर साल गर्मी बढ़ती जा रही है लेकिन प्रशासन की तैयारी सिर्फ कागजों तक सीमित रहती है। सार्वजनिक स्थानों पर न तो पर्याप्त प्याऊ हैं और न ही बस स्टैंड एवं बाजार क्षेत्रों में छाया की व्यवस्था दिखाई देती है। शहर के कई इलाकों में पानी की सप्लाई भी समय पर नहीं हो रही, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।विशेषज्ञों के अनुसार लगातार बढ़ता तापमान, पेड़ों की कटाई और

**सूचना इश्तिहार**

श्रीमती कमलेश जंघेला पति स्व. राजाराम जंघेला निवासी कामकोसर कला तहसील जैतपुर जिला सिवनी के स्थाई निवासी हैं। शपथकर्ता के पति नाम पर एक वाहन हार्वेस्टर क्रमांक MP 22 ZC 5773 है। शपथकर्ता के पति का स्वर्गवास दिनांक 28.10.2025 को हो गया है। उक्त वाहन हार्वेस्टर को शपथकर्ता अपने नाम पर करवाना चाहती हैं। जिस संबंध में जिला परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर में ट्रांसफर हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में कार्यालय द्वारा सात दिवस के भीतर दावा आपत्ति पर विचार उपरांत ट्रांसफर की कार्यवाही की जावेगी। जिस किसी को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति हो निर्धारित दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकता है, जिसके उपरांत विचार नहीं किया जावेगा।

**शपथकर्ता**
**श्रीमती कमलेश जंघेला**
**पति स्व. राजाराम जंघेला**
**निवासी कामकोसर कला, तहसील जैतपुर, जिला-सिवनी, मप्र**

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर छपरवाह नदी में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम

# जल स्रोतों संरक्षण एवं संवर्धन से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य होगा सुरक्षितः विधायक पाठक

### विधायक, महापौर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं निगमायुक्त ने श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश



कटनी (स्वतंत्र मत)।

जल ही जीवन है के शाश्वत सिद्धांत को धरातल पर चरितार्थ करते हुए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमी के पावन अवसर पर विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में सोमवार प्रातः मंगलनगर स्थित छपरवाह नदी घाट पर श्रमदान एवं जल संरक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अवसर महापौर प्रीति संजीव सूरी, भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, मेयर इन काउन्सिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, उमेन्द्र अहिरवार, पार्षद संतोष शुक्ला, शशिकांत तिवारी, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, राजेश भास्कर, अवकाश जायसवाल, विनोद लाला भुद्ध, गोविंद चावला, लव साहू, शकुंतला सोनी, प्रभा गुप्ता, शीला सोनी, संजू जीवन चौधरी, भाजपा नेता मनीष दुबे, आशीष गुप्ता, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

### दिया अनुकरणीय संदेश

नदियों के अवतरण एवं उनके संरक्षण के प्रतीक गंगा दशमी के पर्व के इसी भाव को केंद्र में रखकर नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों की सहभागिता से छपरवाह नदी के घाट की सफाई, एवं सौंदर्यीकरण हेतु सामूहिक श्रमदान कर जल बचाओ-अभियान को जनांदोलन का रूप देते हुए नदी एवं घाट के किनारे व्याप्त पूजन सामग्री, शिल्ट एवं अन्य अपशिष्ट को मानव श्रृंखला बनाकर तसला के माध्यम से पूजा सामग्री संग्रहण वाहन में एकत्रित कर जल स्त्रोंतो की स्वच्छता का अनुकरणीय संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि भू-जल स्तर बढ़ाने एवं वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना था। श्रमदान कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि पाठक एवं उपस्थि जनों द्वारा जल स्त्रोत पूजन एवं दीपमाला सजाकर गंगा आरती की जाकर नगरवायियों के सुख समृद्धि की कामना की गई।

### आज संवारेंगे तो संवरेगा कल- विधायक पाठक

स्वच्छता एवं जल संरक्षण को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए मुख्य अतिथि विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा कि वर्तमान समय में जल स्रोतों का संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित स्वच्छ भारत अभियान तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नागरिकों से जल संरक्षण के प्रति जागरूक एवं सहभागी बनने का आह्वान किया। विधायक पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि यदि आज जल स्रोतों को संरक्षित एवं संवर्धित किया जाएगा, तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध हो सकेगा। उन्होंने जल संरक्षण को लेकर भावपूर्ण शब्दों में कहा कि यदि हम आज संवारेंगे, तो निश्चित ही हमारा कल संवरेगा। विधायक पाठक नें नगर निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता, जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने पर बल दिया। साथ ही नगर की खदानों एवं जल संरचनाओं को संरक्षित कर उन्हें जल संचयन के प्रभावी माध्यम के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई। विधायक पाठक ने जनहित के इन कार्यों में आवश्यकता पड़ने पर अपनी ओर से मशीनरी एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन एवं नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, हरित एवं जल समृद्ध नगर का निर्माण संभव है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान सुरक्षित भविष्य का संकल्प- महापौर

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने उपस्थित जनों को गंगा दशहरा की शुभकानाएं देकर जल गंगा संवर्धन अभियान को आनें वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित भविष्य का संकल्प बताते हुए कहा कि नदियां लोगों के जीवन का आधार है। नदियां हमारी संस्कृति की धमनियां हैं। यदि आज हमने नदी को साफ नहीं किया तो कल हमारी आने वाली पीढ़ी को पानी के लिए परेशान होना पड़ेगा। महापौर ने अपने उद्बोधन के माध्यम से नागरिकों से जल स्त्रोतों को साफ एवं स्वच्छ रखने में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी किया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी नें शासन निर्देशानुसार प्रदेश स्तर पर चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो की जानकारी प्रदान करते हुए जनसमुदाय से इस अभियान में जुड़नें का आग्रह किया। जबकि निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निगम प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए नागरिकों से जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास करने की अपील की।

निगमायुक्त ने जानकारी दी कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर के सभी प्रमुख जल स्त्रोतों, तालाबों एवं नदियों के संरक्षण हेतु चरणबद्ध कार्ययोजना बनाई गई है। मानसून से पूर्व सभी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने के प्रयास तेजी से जारी है ताकि भू-जल रिचार्ज बड़े और भविष्य में जल संकट की स्थिति निर्मित न हो। कार्यक्रम समापन के पूर्व मुख्य अतिथि संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा किया गया वहीं अभार प्रदर्शन उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# शहर के सुनियोजित विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहलः ट्रांसपोर्ट नगर में भूखण्डों की नीलामी प्रारंभ

### महापौर प्रीति संजीव सूरी ने ट्रांसपोर्टर भाइयों से की सहभागिता की अपील



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** शहर में लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव, भारी वाहनों की आवाजाही तथा शहरी यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल प्रारंभ की गई है। नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी क्षेत्र में स्थित रिक्त भूखण्डों की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसके माध्यम से शहर के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को एक व्यवस्थित, सुविधायुक्त एवं स्वतंत्र व्यावसायिक परिसर उपलब्ध कराया जाएगा। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शहर के समस्त ट्रांसपोर्टर भाइयों एवं व्यवसायियों से अपील करते हुए कहा है कि कटनी शहर के समुचित एवं सुनियोजित विकास के लिए ट्रांसपोर्ट नगर की शिफ्टिंग एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी। यह पहल केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे शहर के औद्योगिक विकास, व्यापारिक विस्तार एवं भविष्य की आधारभूत संरचना को भी नई दिशा प्राप्त होगी। महापौर ने कहा कि वर्तमान में शहर के भीतर संचालित हो रहे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के कारण यातायात दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट गतिविधियों को एक पृथक एवं सुव्यवस्थित क्षेत्र में स्थानांतरित करना समय की आवश्यकता है। नगर निगम द्वारा इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ट्रांसपोर्ट नगर में भूखण्डों की नीलामी प्रारंभ की गई है ताकि ट्रांसपोर्ट व्यापारी अपने व्यवसाय को आधुनिक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान कर सकें। उन्होंने बताया कि इस नीलामी में केवल ट्रांसपोर्ट व्यवसाय हेतु प्लॉट ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट गतिविधियों से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं जैसे पेट्रोल पम्प, ढाबा, धर्मकांटा एवं अन्य उपयोगी व्यावसायिक दुकानों के लिए भी भूखण्ड शामिल किए गए हैं। इससे ट्रांसपोर्ट नगर भविष्य में एक पूर्ण विकसित व्यावसायिक एवं लॉजिस्टिक हब के रूप में स्थापित हो सकेगा।

महापौर ने कहा कि अन्य महानगरों की तर्ज पर कटनी शहर का भी व्यवस्थित विस्तार होना आवश्यक है। ट्रांसपोर्ट नगर का विकास शहर को यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाने के साथ-साथ एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित शहरी स्वरूप प्रदान करेगा। इससे शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम होगा तथा नागरिकों को सुगम यातायात व्यवस्था का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने ट्रांसपोर्टर भाइयों से आग्रह किया कि वे इस नीलामी प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें और नगर के विकास में सहभागी बनें।

# रत्ना मेमोरियल स्कूल कटनी में सर्वधर्म मैत्री काव्य संध्या का आयोजन




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शांति सेना परिषद एवं मप्र उर्दू अकादमी के जानिब से रत्ना मेमोरियल स्कूल कटनी में सर्वधर्म मैत्री काव्य संध्या का आयोजन किया गया वरिष्ठ गजलकार अलोक तिवारी शौक के संयोजन एवं एम के नियाजी के संचालन मे एम संगीत कार शेख वाहिद के मुख्य अतिथ्य व उषा पांडेय की अध्यता में काव्य संध्या सम्पन्न हुई। आलोक तिवारी शौक ने पानी की समस्या पर कुछ यूँ कहाँ सबको पानी दे मौला प्यासे पंछी है मौला पानी बिन सब सून रहेगा पानी के लिए खून बहेगा साधु भी शैतान बनेगा बदलेगा अपना चोला, मकसूद खान नियाजी ने प्यासे परिंदो पर कुछ यूँ कहा एक परिंदा आशियाना ढूंढता है फिर वही अपना ठिकाना ढूंढता है नियाजी ने अपने संचालन में गजल सुनाई। गजलकार गीतकार प्रियांशु तिवारी ने कुछ यूँ कहा शब्द अक्षरो से करते हुए हास्य कवि शरद जायसवाल ने कहा- अभी तो हम सफर में हैं सहर तक लौट आएंगे, माँ का कर्ज़ चुक जाए तुम्हारा भी चुका देंगे। अनिल मिश्र ने कहा- अस्थि रक्त मज्जा को देकर तन में ही तन निर्मित करती, ममता नेह दुलार दया को माता ही परिभाषित करती।

# जिले में 12 लाख 26 हजार से अधिक नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी पूर्ण

### कलेक्टर कर रहें ई-केवाईसी कार्य की नियमित समीक्षा



कटनी (स्वतंत्रमत)।

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पहुँचे, इसके लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य निरंतर किया जा रहा है। कलेक्टर की समग्र ई-केवाईसी कार्य की नियमित मॉनिटरिंग एवं सतत समीक्षा के परिणामस्वरूप समग्र ई-केवाईसी के मामले में कटनी जिला प्रदेश में चतुर्थ स्थान पर है। अभियान के तहत अब तक जिले के 12 लाख 26 हजार 933 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है, जो कुल निर्धारित लक्ष्य का 93 प्रतिशत है। प्रशासन द्वारा शेष लक्ष्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

### नगर परिषद कैमोर अव्वल

जिले में समग्र ई-केवाईसी के कार्य में नगर परिषद कैमोर अग्रणी है, जहाँ अब तक 14 हजार 188 नागरिकों की ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है। वहीं जनपद पंचायत बड़वारा अपेक्षाकृत अंतिम पायदान पर है, जहाँ 1 लाख 95 हजार 307 नागरिकों का सत्यापन कार्य पूरा किया गया है। इसी प्रकार नगर परिषद बरही में 13 हजार 265, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 8 हजार 135, नगर निगम कटनी में 1 लाख 69 हजार 706 नागरिकों की ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद में 1 लाख 97 हजार 799, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 43 हजार 812, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 81 हजार 148, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 1 लाख 78 हजार 32 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 25 हजार 601 नागरिकों का सत्यापन कार्य संपन्न किया जा चुका है।



# कलेक्टर जनसुनवाई में सुन रहे लोगों की समस्याएं

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर आशीष तिवारी कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। कलेक्टर अब तक 54आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुन कर निराकरण के निर्देश दे चुके हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद हैं।

# एनकेजे पुलिस द्वारा सक्रिय ड्रग कार्टेल नेटवर्क के दो अन्य आरोपी को भी किया गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)।



कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा अति. पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष डेहरिया के कुशल निर्देशन एवं रत्नेश मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन मे थाना एनकेजे प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में मिली सफलता। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अवैध मादक पदार्थ के संबंध मे सक्रिय ड्रग कार्टेल नेटवर्क की पहचान करने के साथ उनके नेटवर्क विश्लेषण/लिंकेज का पता लगाने को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में 14 मई को डीजल सेड के पीछे पनहा तलाब के पास ग्राम हिरवारा मे दो व्यक्तियो रणजीत सिंह व दीपक लोधी दोनो निवासी दमोह को साड़ियो के अंदर पैकिंग कर ले जा रहे 16 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था। दोनो आरोपीगणो से मादक पदार्थ गांजा के संबंध मे कडाई से पूछताछ करने पर उडिसा राज्य के मामू उर्फ पंकज मेहर, प्रियवर्धन भोई नामक व्यक्ति से अवैध मादक पदार्थ गांजा खरीदना बताया। दोनो आरोपीगणो के मोबाइल से अवैध मादक पदार्थ गांजा के विक्रयकर्ताओ का नंबर प्राप्त किया गया। दोनो आरोपीगणो को माननीय न्यायालय कटनी पेश किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त दिशा निर्देशो में अवैध मादक पदार्थो के वितरण एवं क्रय विक्रयकर्ताओ के नेटवर्क को उजागर करने हेतु दोनो आरोपीगणो से दौरान पूछताछ के अवैध मादक पदार्थ गांजा का स्त्रोत उडिसा राज्य से जुडा होना पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक कटनी के निर्देशन मे थाना प्रभारी एनकेजे के नेतृत्व मे टीम बनाकर मामले से जुडे अन्य आरोपियो की धरपकड हेतु रवाना किया गया। जो टीम के द्वारा साइबर सेल कटनी की मदद से मुख्य आरोपियो के कब्जे से मिले मोबाइल नंबरो के माध्यम से कडी से कडी जोड कर मामले मे अन्य दो आरोपीगण मामू उर्फ पंकज मेहर को जिला बरगढ उडिसा व प्रियवर्धन भोई को जिला बौध उडिसा से अलग अलग स्थानो से स्थानीय पुलिस की मदद से सूझबूझ का परिचय देते हुए गिरफ्तार कर कटनी लाया गया। आरोपिगणो के विरुध्द वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस हिरासत मे लिया गया है। प्रकरण मे गांजा स्त्रोत के संबंध मे उपरोक्त गिरफ्तार शुदा आरोपीगणो से पूछताछ जारी है।






# चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज के बी.सी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम

कटनी (स्वतंत्र मत)।

कटनी आर्ट्स एण्ड कामर्स ऑटोनॉमस कॉलेज के बी.सी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा गत दिवस घोषित किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया। महाविद्यालय की बी.सी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा आलिया परवीन ने ए.जी.पी.ए. 8.95 के साथ प्रथम स्थान, छात्रा दिव्या सोनी एवं श्रेयांशी पटेल ने ए.जी.पी.ए. 8.80 के साथ द्वितीय स्थान एवं छात्र योगेन्द्र चौरसिया ने ए.जी.पी.ए. 8.45 प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र/छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय महाविद्यालय के श्रेष्ठ अध्यापन, इंडस्ट्रियल विजिट, विभिन्न मैनेजमेंट एक्टीविटीज, वर्कशॉप, सेमीनार, लाईब्रेरी, आंतरिक परीक्षा एवं प्राध्यापकों द्वारा समय-समय पर स्पेशल कक्षाऐं लगाने को दिया है। चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्डा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय चड्डा ने छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य छात्र/छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है जिसमें महाविद्यालय सदैव अग्रसर रहता है। उन्होंने महाविद्यालय की ऑटोनॉमस सेल प्रभारी एवं कम्प्यूटर साईंस वरिष्ठ प्राध्यापिका आराधना अग्रहरि, कम्प्यूटर साईंस विभाग विभागाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सहायक प्राध्यापक गगन गुप्ता, समीप श्रीवास्तव, प्रियंका गुप्ता, किरण पाल, रोहिणी सिंह ठाकुर, अरूण कुमार चौधरी, बीरेन्द्र कुमार कुशवाहा कोमार्गदर्शन के लिए बधाई दी तथा छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# धरोहर पर मंडराता खतराः इतिहास की छाती पर चल रही प्लाटिंग की रेखाएँ

### एतिहासिक धरोहर नष्ट करने की तैयारी, प्रशासनिक अधिकारियों की खुली छुट



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ यह केवल एक नगर नहीं, बल्कि इतिहास आस्था और पुरातात्विक विरासत का जीवंत अध्याय है। सदियों पुराने किले धार्मिक स्थलों की पवित्रता और सांस्कृतिक गौरव को अपने आंचल में समेटे यह नगरी आज एक गंभीर संकट के दौर से गुजरती दिखाई दे रही है। जिन धरोहरों को सहेजने की जिम्मेदारी प्रशासन और समाज दोनों की थी उन्हीं विरासतों को अब अवैध प्लाटिंग की भेंट चढ़ाने की तैयारी खुलेआम होती नजर आ रही है। शारदा मंदिर के समीप ऐतिहासिक किले से जुड़ी भूमि पर इन दिनों जमीनों की नाप जोख सीमांकन और प्लाट विक्रय की चर्चाओं ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल भूमि का सौदा नहीं, बल्कि विजयराघवगढ़ की ऐतिहासिक आत्मा को बेचने का प्रयास है। जिस धरती ने वर्षों तक इतिहास की कहानियाँ संजोकर रखीं आज उसी धरती को मुनाफे की भूख में टुकड़ों में बाँटने की तैयारी चल रही है। नगरवासियों के अनुसार यह पहला अवसर नहीं है जब धरोहरों के साथ छेड़छाड़ हुई हो। इससे पहले भी सैकड़ों सागौन के वृक्षों को समाप्त कर भूमि विक्रय का खेल खेला जा चुका है। उस समय भी सवाल उठे थे लेकिन जिम्मेदार विभागों की चुप्पी ने भूमाफियाओं के हौसले और बुलंद कर दिए। अब एक बार फिर वही तस्वीर सामने है फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार खतरा सीधे ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की भूमि पर मंडरा रहा है। मध्यप्रदेश के भू-राजस्व नियमों एवं कॉलोनाइजर अधिनियम के तहत धार्मिक स्थलों एवं कृषि भूमि पर बिना अनुमति प्लाटिंग पूर्णतः नियम विरुद्ध मानी जाती है। इसके बावजूद यदि खुलेआम जमीनों का कारोबार चल रहा है तो सबसे बड़ा प्रश्न प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर खड़ा होता है। आखिर किसके संरक्षण में यह सब संभव हो रहा है क्या जिम्मेदार विभागों को इसकी जानकारी नहीं या फिर सब कुछ जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है विजयराघवगढ़ की जनता आज केवल जमीन बचाने की लड़ाई नहीं लड़ रही बल्कि अपनी सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक अस्मिता को बचाने की आवाज बुलंद कर रही है। नगर में यह चर्चा आम हो चली है कि पैसों के प्रभाव में नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं और प्रशासन मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। यदि समय रहते इस अवैध प्लाटिंग पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो वह दिन दूर नहीं जब विजयराघवगढ़ की पहचान केवल इतिहास की किताबों तक सीमित होकर रह जाएगी। अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं क्या कानून का डंडा चलेगा या फिर इतिहास एक बार फिर भूमाफियाओं के आगे बेबस दिखाई देगा।

# कटनी में कोडीन युक्त कफ सिरप की बिक्री पर सख्ती

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में कोडीन युक्त कफ सिरप और नार्कोटिक्स औषधियों के बढ़ते दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इन दवाओं की थोक और खुदरा बिक्री के लिए मासिक सीमा तय कर दी है। ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन ने बताया कि निर्देशों के मुताबिक अब सीएंडएफ से थोक विक्रेता प्रति पैक साइज अधिकतम 1000 बोतल ही प्राप्त कर सकेंगे। वहीं थोक विक्रेता से फुटकर दवा विक्रेता एक माह में अधिकतम 50 बोतल तक ही खरीद और बिक्री कर सकेंगे। यदि कोई विक्रेता या व्यक्ति तय सीमा से अधिक मात्रा में कोडीन युक्त दवाओं की खरीद-बिक्री करता है, तो इसकी जानकारी तुरंत औषधि निरीक्षक कटनी को ई-मेल या व्हाट्सएप के माध्यम से देना अनिवार्य किया गया है।




विभाग को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि कोई भी रिटेल दवा विक्रेता बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के कोडीन या नार्कोटिक्स युक्त दवाएं नहीं बेचेगा। दवा देने के बाद संबंधित पर्चे पर मेडिकल स्टोर की सील, हस्ताक्षर और तारीख अंकित करना भी अनिवार्य होगा, ताकि एक ही पर्चे का बार-बार उपयोग रोका जा सके। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का उद्देश्य आवश्यक दवाओं की बिक्री रोकना नहीं, बल्कि इनके जरिए हो रहे नशे के दुरुपयोग पर नियंत्रण रखना है। औषधि निरीक्षक ने केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष से आग्रह किया है कि वे सभी दवा विक्रेताओं से नियमों का सख्ती से पालन करायें। इसके अलावा ड्रग इंस्पेक्टर ने थोक और खेरची दवा विक्रेताओं को भी पत्र भेजकर निर्देशों से अवगत कराया है। कोडीन एक ओपिओइड अफीम आधारित दवा है जिसका उपयोग गंभीर दर्द निवारक और खांसी की दवा के रूप में किया जाता है। कोडीन शेड्यूल एच की श्रेणी में आती है। इसे बिना डॉक्टर के वैध पर्चे प्रिस्क्रिप्शन के बेचना या खरीदना पूरी तरह से गैर-कानूनी और दंडनीय है।

# महापौर जनसुनवाई में आमजन को मिली राहत

### समस्याओं के निराकरण के लिए विभागों में दिखा समन्वय

### जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के साथ करें निराकरण-महापौर




कटनी (स्वतंत्र मत)।

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से आयोजित साप्ताहिक महापौर जनसुनवाई मंगलवार 26 मई को मेयर इन काउंसिल सभागार में संपन्न हुई। जनसुनवाई में नगर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, सड़क एवं नाली निर्माण, अतिक्रमण, राजस्व एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल शिकायत प्राप्त करना नहीं, बल्कि समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा जिन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई संभव है, उनमें शीघ्र कार्यवाही की जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई के दौरान कई समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए, वहीं शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समयसीमा निर्धारित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जनसुनवाई में निगम के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस व्यवस्था के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अलग-अलग शाखाओं के चक्कर नहीं लगाने पड़े तथा उन्हें सरल, सहज एवं त्वरित सुनवाई का लाभ प्राप्त हुआ। जनसुनवाई में महापौर का स्पष्ट निर्देश, आमजन की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता।

# पीवी सिंधु और सात्विक-चिराग ने की जीत के साथ शुरुआत

## सिंगापुर ओपन में खिताब पर कब्जा जमाने पर भारतीय खिलाड़ियों की नजर

सिंगापुर।

भारत के सीनियर खिलाड़ी पी.वी. सिंधु और पुरुषों की डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को सिंगापुर इंडोर स्टेडियम में अपने-अपने विरोधियों को हराकर सिंगापुर ओपन में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की और अगले दौर में जगह बनाई।




सिंधु ने महिला सिंगल्स में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी को 21-17, 21-18 से हराया, जबकि सात्विक-चिराग ने पुरुषों के डबल्स में चेन झी यी और प्रेस्ली स्मिथ को 26-28, 21-15, 21-13 से हराया। 2022 संस्करण की चैंपियन सिंधु ने पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी को सीधे गेम में हराकर अपने आमने-सामने के रिकॉर्ड को 3-3 से बराबर कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में चार अंकों की बढ़त के साथ ही नियंत्रण बना लिया था।

हालांकि उन्हें थोड़ी देर के लिए झटका लगा, लेकिन सिंधु ने जल्दी ही वापसी करते हुए स्कोर 16-16 से बराबर किया और फिर लगातार पांच अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में हर अंक के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें सिंधु ने अहम मौकों पर बढ़त बनाई और अंततः सीधे गेम में मैच जीत लिया।अब प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा। पुरुषों के डबल्स में, विश्व के चौथे नंबर की जोड़ी सात्विक-चिराग ने कड़े मुकाबले में सात गेम पॉइंट बचाने के बावजूद शुरुआती गेम गंवा दिया। भारतीय जोड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया और फिर तीसरे गेम में अपना दबदबा बनाते हुए एक घंटे 15 मिनट चले मुकाबले को 21-13 से जीत लिया।

राउंड ऑफ 16 में उनका मुकाबला चीनी ताइपे की ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन से होगा।पुरुष सिंगल्स में, आयुष शेट्टी ने विक्टर लाई के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया। पहला गेम 21-11 से आसानी से जीतने के बाद, भारतीय खिलाड़ी अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और अगले गेम में 14-21, 12-21 से हार गए।पहले दिन मुकाबले में उतरे अन्य भारतीय खिलाड़ियों को भी अपने-अपने विरोधियों के हाथों हार का सामना करना पड़ा।



## एकदिवसीय में अर्धशतक और पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में तीन भारतीय भी शामिल

**मुम्बई।** एकदिवसीय क्रिकेट में कई रोमांचक और अनौखे रिकार्ड बने हैं। एक ऐसा ही रिकार्ड है एकदिवसीय में अर्धशतक के साथ ही मैच में पांच विकेट लेने का। ये रिकार्ड अब तक केवल 25 खिलाड़ियों के नाम है जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ी और एक पाकिस्तानी खिलाड़ी भी शामिल हैं। सबसे पहले ये रिकार्ड साल 1987 में वेस्टइंडीज के वि रिचर्ड ने बनाया था। वहीं भारत की ओर से ये उपलब्धि सबसे पहले आक्रामक सलामी बल्लेबाज और वैकल्पिक स्पिनर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने अपने नाम की थी। श्रेकांत ने 10 दिसंबर 1988 को विशाखापत्तनम में न्यूजीलैंड के खिलाफ, उन्होंने पहले केवल 27 रन देकर 5 महत्वपूर्ण विकेट लिए थे। इसके बाद, उन्होंने बल्लेबाजी में भी जौहर दिखाते हुए 70 रनों की शानदार पारी खेली, जिससे भारत को जीत मिली। वहीं दूसरे भारतीय हैं सौरव गांगुली। गांगुल ने अपनी कप्तानी के दौर में यह कारनामा किया। 11 दिसंबर 2000 को कानपुर में जिम्बाब्वे के खिलाफ, गांगुली ने 34 रन देकर 5 विकेट झटके। फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए, उन्होंने नाबाद 71 रनों की कप्तानी पारी खेली। वहीं तीसरे भारतीय हैं युवराज सिंह।

# पांड्या के बचाव में उतरे कोच पोलार्ड

नई दिल्ली।



मुंबई इंडियंस टीम के बल्लेबाजी कोच किरोन पोलार्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र में खराब प्रदर्शन के लिए टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या का बचाव किया है। पोलार्ड ने हालांकि अगले सत्र में बदलावों से इंकार नहीं किया है। मुम्बई का प्रदर्शन सत्र में बेहद खराब रहा और वह नौवें स्थान पर रही। इससे पांड्या की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठने लगे हैं। मुंबई इंडियंस इस सत्र में खिताब की प्रबल दावेदारों के तौर पर उतरी थी पर मैदान पर पूरी तरह से विफल रही। टीम का प्रदर्शन उम्मीदों से कहीं खराब रहा। पांड्या की कप्तानी में पिछले तीन सत्र में से दो बार टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर रही है। 2024 में पहली बार हार्दिक के नेतृत्व में टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाई थी। 2025 में टीम ने शीर्ष चार में जगह बनाई थी, लेकिन क्वालीफायर 2 में हार का सामना करना पड़ा। और अब, आईपीएल 2026 में टीम नौवें स्थान पर रह गई है।

मुंबई के लिए हार इसलिए भी निराशाजनक है क्योंकि उसके एक मजबूत कोर ग्रुप था। इसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव, हरफनमौला हार्दिक पांड्या, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा जैसे सितारे शामिल थे। इसके अतिरिक्त, पूर्व कप्तान और अनुभवी खिलाड़ी रोहित शर्मा भी टीम का अभिन्न हिस्सा थे। इन स्टार खिलाड़ियों के बाद भी टीम गेंद और बल्ले दोनों से संघर्ष करती नजर आई, जिससे हार्दिक पांड्या की नेतृत्व क्षमता पर गहन चर्चा छिड़ गई।

पोलार्ड ने कहा, पांड्या नेतृत्व के मामले में इस सत्र में उतने अच्छे नहीं रहे जितनी उनसे अपेक्षा थी पर सभी जानते हैं कि हमने टीम को अच्छा करने के लिए सभी अवसर दिये। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हार की स्थिति में किसी पर आरोप लगाना ठीक नहीं है बल्कि पूरी टीम को मिलकर आंकलन करना चाहिए। मुझे लगता है कि जब आप हारते हैं, खासकर, तो आपको इसे मिलकर देखना चाहिए। तो आप कुछ जीतते हैं, कुछ हारते हैं, पोलार्ड ने स्पष्ट किया।

# ऑरेंज कैप की रेस में छाये भारतीय, पर्पल में विदेशी



**मुम्बई।** आईपीएल 2026 में ऑरेंज कैप की रेस में जहां भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा है। वहीं पर्पल कैप की रेस में विदेश खिलाड़ी छाये हुए हैं। कैप का फैसला फाइनल मुकाबले के बाद आयेगा। वहीं कई खिलाड़ी जिनकी टीमें बाहर हो चुकी हैं, वे इस दौड़ से बाहर हो गए हैं पर जो खिलाड़ी अभी भी मैदान में हैं, उनके पास इतिहास रचने का मौका है। ऑरेंज कैप की बात करें तो शीर्ष पांच बल्लेबाजों में से चार भारतीय हैं। इस सूची में सबसे ऊपर साई सुदर्शन हैं, जिन्होंने 638 रन बनाकर अपनी दावेदारी मजबूत की है। उनके ठीक पीछे शुभमन गिल हैं, जिनके खाते में 616 रन दर्ज हैं, और वे भी इस रेस में प्रबल दावेदार बने हुए हैं। वहीं विदेशी बल्लेबाजों में एकमात्र खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 606 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। चौथे स्थान पर केएल राहुल 593 रनों के साथ स दौड़ से बाहर हो गए हैं, क्योंकि उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। वहीं, पांचवें पायदान पर मौजूद वैभव सूर्यवंशी ने भी 583 रन बनाए हैं और वे भी अपनी टीम के लिए इस कैप को जीतने की कोशिश करेंगे। इन शीर्ष पांच के अलावा, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और विराट कोहली जैसे भारतीय धुरंधर भी शीर्ष 10 में शामिल हैं, जो दिखाते हैं कि ऑरेंज कैप पर भारतीय खिलाड़ी का ही कब्जा होना तय है।

# आईपीएल के अगले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स सहित पांच टीमें उतर सकती हैं नये कप्तानों के साथ

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 सत्र के लीग स्तर के मुकाबले समाप्त हो गये हैं। इसके बाद जहां शीग्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंच गयी हैं। वहीं अन्य टीमें बाहर हो गयी है। इन बाहर होने वाली टीमों में पांच टीमें ऐसी हैं जिनके कप्तानों का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और माना जा रहा है कि अगले सत्र में उन्हें टीम की कप्तानी नहीं मिलेगी। ये टीमें हैं दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस। इन टीमों के साथ ही इनके कप्तानों का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी अच्छा नही रहा है। ऐसे में ये कप्तान टीम मालिकों के निशाने पर हैं। इससे साफ है कि अगले सत्र में ये टीमें नये कप्तानों के साथ नजर आयेंगी।



**अक्षर पटेल:** अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स को प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। है। ऐसे में टीम को एक ऐसे कप्तान की जरुरत है जो आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करें। अक्षर में वह क्षमता नजर नहीं आती। टीम को एक ऐसे कप्तान की आवश्यकता है जो दबाव में भी शांत रहे और सही फैसले ले सके।

**रुतुराज गायकवाड़:** चेन्नई सुपर किंग्स भी पिछले तीन सीजन से प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही है, और आईपीएल 2026 भी इसका अपवाद नहीं था। रुतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में टीम ने औसत प्रदर्शन किया। शुरुआती झटकों के बाद टीम ने वापसी तो की, लेकिन अंततः प्लेऑफ का टिकट नहीं मिला। पूरे सीजन कप्तानी के दबाव का असर गायकवाड़ की बल्लेबाजी पर स्पष्ट रूप से दिखा।

**ऋषभ पंत:** लखनऊ सुपरजायंटस के कप्तान ऋषभ पंत, जिन्हें 27 करोड़ रुपये में टीम ने बरकरार रखा था, उनकी कप्तानी भी सवालों के घेरे में है। पिछले दो सीजन में सुपरजायंटस का खेल कुछ ऐसा रहा है कि वे अक्सर टूर्नामेंट की शुरुआत खराब करते हैं, लेकिन जब प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर होते हैं तो खिलाड़ी फॉर्म में लौट आते हैं और कुछ मैच जीतते भी हैं।

**अजिंक्य रहाणे:** इस सत्र में भी कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पिछले सत्र में भी रहाणे की कप्तानी में टीम असफल रही थी। केकेआर को एक आक्रामक कप्तान की तलाश है, जो नई सोच और ऊर्जा के साथ टीम को आगे ले जा सके और उसे जीत के रास्ते पर वापस ला सके।

**हार्दिक पांड्या:** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल 2026 निराशाजनक रहा। गुजरात टाइटंस को एक ट्रॉफी जिताने और दो बार फाइनल तक पहुंचाने वाले हार्दिक की मुंबई इंडियंस में वापसी के बाद से उनका प्रदर्शन फीका पड़ा है। मुंबई की कप्तानी करते हुए उन्होंने कुल तीन सीजन में केवल एक बार ही टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया है, जबकि दो बार टीम निचले पायदान पर रही।



# हरमनप्रीत कौर को मिला पद्मश्री अवार्ड

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को राष्ट्रपति भवन में आयोजित पहले पद्म अवॉर्ड्स 2026 समारोह में प्रतिष्ठित पद्म श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।पद्म अवॉर्ड्स उन लोगों को दिए जाते हैं जिन्होंने किसी भी क्षेत्र में बेहतरीन सेवा दी हो।पद्म भूषण, भारत रत्न और पद्म विभूषण के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है।पद्मश्री चौथा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है।हरमनप्रीत कौर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री अवॉर्ड मिला।उन्होंने पिछले साल भारतीय महिला क्रिकेट टीम को पहली बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जिताया था।अवॉर्ड मिलने के बाद हरमनप्रीत ने कहा,यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है - यह मेरे माता-पिता, परिवार, कोच, टीम के साथियों, दोस्तों और हर उस इंसान का है जिसने इस पूरे सफर में मेरा साथ दिया और मुझ पर भरोसा किया।आँखों में सपने लिए एक छोटी लड़की से लेकर भारत को सबसे बड़े मंचों पर रिप्रेजेंट करने तक, हर पल आपके प्यार, त्याग और हौसले की वजह से ही मुमकिन हो पाया है।उन्होंने आगे कहा,भारत की जर्सी पहनना हमेशा मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान रहेगा, और मैं हर दिन देश के लिए अपना बेस्ट देती रहूँगी।


# एयरटेल का दावा प्रायोरिटी पोस्टपेड नेट निरपेक्षता का उल्लंघन नहीं

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारती एयरटेल ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) की एक समिति के सामने अपनी हाल में शुरू की गयी प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा का बचाव करते हुए दावा किया है कि यह नेट निरपेक्षता का उल्लंघन नहीं है क्योंकि इससे दूसरे ग्राहकों की सेवा गुणवत्ता प्रभावित नहीं होगी।एयरटेल ने 19 मई को प्रायोरिटी पोस्टपेड प्लान की शुरुआत की थी जो 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग तकनीक पर आधारित है।संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति द्वारा मांगे गये स्पष्टीकरण के जवाब में एयरटेल ने तर्क दिया कि यदि 5जी की मुख्य सुविधाओं का उपयोग कर सेवाएं देने की अनुमति नहीं दी गयी तो देश में 6जी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा।दूरसंचार सेवा प्रदाता ने कहा, प्रायोरिटी पोस्टपेड को पूरी तरह कंटेंट-न्यूट्रल तरीके से लागू किया गया है और यह ट्राई (भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण) तथा डीओटी (दूरसंचार विभाग) के मौजूदा ढांचे के अनुरूप है।इसमें किसी भी एप्लीकेशन को ब्लॉक करना, स्पीड कम करना, कंटेंट के आधार पर प्राथमिकता देना, जीरो-रेटिंग करना या किसी एप्लीकेशन को विशेष लाभ देना शामिल नहीं है।कंपनी का कहना है कि प्रायोरिटी पोस्टपेड के तहत पोस्टपेड ग्राहकों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी निर्बाध और स्थिर स्पीड मिलेगी।इस फीचर से किसी भी ग्राहक की सेवा गुणवत्ता पर कोई असर नहीं पड़ता, चाहे वह प्रीपेड हो या पोस्टपेड।समिति के समक्ष आंकड़े रखते हुए कंपनी ने बताया कि वर्तमान में पीक आवर्स में कुल 5जी क्षमता उपयोग लगभग 38 प्रतिशत है।इसमें पोस्टपेड ट्रैफिक की हिस्सेदारी करीब चार प्रतिशत है, जो प्रायोरिटी पोस्टपेड के लिए वर्चुअल स्लाइस लागू होने पर बढ़कर लगभग छह प्रतिशत तक हो सकती है।प्रीपेड और अन्य गैर-प्रायोरिटी ट्रैफिक के लिए कुल क्षमता का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा अतिरिक्त रूप से उपलब्ध रहेगा।




# मई में चार बार में छह रुपये महंगी हुई सीएनजीमई में चार बार में छह रुपये महंगी हुई सीएनजी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गयी।दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गयी है।पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी।दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गयी है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है।इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाये गये थे।इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गये हैं। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी आज से 91.70 रुपये का हो गया है।गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गयी है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किग्रा के भाव मिलेगी।




# खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.87 लाख करोड़ पर

**नयी दिल्ली।** खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 में 1.87 लाख करोड़ रुपये के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी।खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में खादी एवं ग्रामोद्योगों का उत्पादन 1,25,296 करोड़ रुपये रहा।इस दौरान बिक्री भी 1,87,105 करोड़ रही जो अब तक की सर्वाधिक बिक्री है।खादी वस्त्रों का उत्पादन 3,974 करोड़ रुपये और बिक्री 7,869 करोड़ रुपये रही।वहीं, ग्रामोद्योग क्षेत्र की वस्तुओं का उत्पादन 1,21,322 करोड़ रुपये और बिक्री 30,073 करोड़ रुपये रही।ग्रामोद्योग क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025-26 में 1.99 करोड़ लोगों को रोजगार मिला जो ग्रामीण आजीविका सृजन में इस क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। श्री कुमार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और घर-घर स्वदेशी जैसे अभियानों के प्रभाव से ग्रामोद्योग उत्पादों की मांग में निरंतर वृद्धि हुई है, जिससे यह क्षेत्र ग्रामीण उद्योगों के विस्तार, बाजार सुदृढ़ीकरण और रोजगार सृजन का एक प्रमुख आधार बनकर उभरा है।उन्होंने बताया कि पिछले 12 साल में उत्पादन में 380 प्रतिशत और बिक्री में 501 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।बारह साल में रोजगार सृजन 56 प्रतिशत बढ़ा है और 2.04 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है।केवीआईसी की योजनाएं च्वोकल फॉर लोकलज् और च्लोकल टू ग्लोबलज् के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नयी गति दे रही हैं।प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत वित्त वर्ष 2025-26 में 66,494 नयी इकाइयों की स्थापना की गयी, जिनके लिए 7,375 करोड़ रुपये के ऋण के विरुद्ध 2,457 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की गयी। इन इकाइयों के माध्यम से 7,31,434 लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ।



## आईएमएफएल ने ईजी ऊर्जा स्ट्रॉट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** एकीकृत फेरो अलॉयज उत्पादक कंपनी इंडियन मेटल्स एंड फेरो अलॉयज लि. (आईएमएफएल) ने मंगलवार को बताया कि उसने ईजी ऊर्जा स्ट्रॉट प्रा.लि.की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।यह सौदा कुल लगभग 110.18 करोड़ रुपये का बताया गया है।आईएमएफएल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उसने ईजी ऊर्जा स्ट्रॉट के साथ बिजली खरीदने समझौता (पीपीए) भी किया है जो 29 साल के लिए है।यह समझौता बिजली अधिनियम, 2003 और बिजली नियम, 2005 के तहत परिभाषित च्कैप्टिव उपभोक्ताज् व्यवस्था के अंतर्गत किया गया है।इसके माध्यम से, कंपनी ने अपने फेरो क्रोम कारोबार के लिए 65 मेगा वाट हाइब्रिड नवीकरणीय बिजली का अनुबंध किया है।

ईजी ऊर्जा स्ट्रॉट की मिली जुली नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की कुल स्थापित क्षमता में 81.4 मेगा वाट सौर क्षमता, 102.6 मेगा वाट पवन बिजली और 25 मेगावाट प्रति घंटा की क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) क्षमता शामिल है।इस समझौते पर हस्ताक्षर के साथ आईएमएफएल का अनुबंधित नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति पोर्टफोलियो बढ़कर 135 मेगावाट हो गया है।अगले वित्त वर्ष में, कंपनी के कुल ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच जाने की उम्मीद है।आईएमएफएल की ऊर्जा कारोबार इकाई के वाइस प्रेसिडेंट और प्रमुख बिनॉय अग्रवाल ने कहा, यह अधिग्रहण आईएमएफएल की दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप है।इस रणनीति का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना और साथ ही हमारे समग्र ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाना है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 479 , निफ्टी 118 अंक गिरा

मुम्बई।

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। आज सुबह बाजार खुलते ही तेजी दिखी पर समय बीतने के साथ ही बाजार का रुख बदलने लगा और उसमें गिरावट आने लगी। दिन भर के कारोबार के बाद दोनों बेंचमार्क इंडेक्स गिरावट पर बंद हुए पर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 479 अंक टूटकर 76,009 के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी दिन के अंत में 118 अंक नीचे आकर 23,913 के स्तर पर बंद हुआ।

निफ्टी की कंपनियों में सबसे ज़्यादा उछाल अडानी एंटरप्राइजेज के शेयरों में आया। इसके अलावा टाटा मोटर्स , टेक महिंद्रा के अलावा नेस्ले इंडिया के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी ओर अपोलो अस्पताल के अलावा विप्रो , भारती एयरटेल और ट्रेंट के शेयर गिरे। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो निफ्टी मेटल, निफ्टी एनर्जी के अलावा निफ्टी कमोडिटीज में तेजी रही जबकि निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज , निफ्टी सर्विसेज सेक्टर और रियल्टी शेयरों में गिरावट रही।



वहीं इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स भी 141.36 अंक की गिरावट के साथ 76,347.60 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी मिडकैप में हल्की 0.14 फीसदी की तेजी रही, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 0.65 फीसदी की मजबूत बढ़त के रही। ड्यूरेबल, हेल्थकेयर और रियल्टी इंडेक्स दबाव में रहे, वहीं सूचना प्रौद्योगिकी और मीडिया सेक्टर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बाजार को कुछ सहारा दिया। यह गिरावट अमेरिका द्वारा दक्षिणी ईरान में किए गए ताजा सैन्य हमलों के बाद बढ़ी वैश्विक अनिश्चितता के कारण आई है। वहीं गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 45 अंक नीचे आकर 95.71 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 17 पैसे फिसलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.43 पर आ गया। महीने के अंत में डॉलर की मांग बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशकों की धारणा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.43 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद स्तर से 17 पैसे कमजोर है। सोमवार को रुपया 34 पैसे मजबूत होकर 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कारोबारियों के अनुसार उस दिन आरबीआई की डॉलर बिक्री से रुपये को ऊपरी स्तरों पर समर्थन मिला।

# घरेलू वायदा बाजार में सोना-चांदी लुढ़के, अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी

### सोना 1,58,550 रुपये और चांदी 2,73,500 रुपये के करीब



**नई दिल्ली।** घरेलू वायदा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की चमक फीकी पड़ी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोनों ही कीमती धातुओं के भाव गिरावट के साथ खुले और खबर लिखे जाने तक नरमी जारी रही। घरेलू बाजार में जहां सोना 1,58,550 रुपये और चांदी 2,73,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर सोने और चांदी में तेजी का रुख देखने को मिल रहा है। एमसीएक्स पर सोने का जून कॉन्ट्रैक्ट मंगलवार को 292 रुपये की गिरावट के साथ 1,58,789 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,59,081 रुपये था। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 499 रुपये गिरकर 1,58,582 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। दिन के कारोबार में इसने 1,58,789 रुपये का उच्च और 1,58,534 रुपये का निचला स्तर छुआ। गौरतलब है कि इस साल सोने ने 1,80,779 रुपये प्रति 10 ग्राम का सर्वोच्च स्तर देखा है। इसी तरह चांदी का जुलाई कॉन्ट्रैक्ट भी सुस्ती के साथ खुला। यह एमसीएक्स पर 1,989 रुपये की गिरावट के साथ 2,74,727 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला, जबकि इसका पिछला बंद भाव 2,76,716 रुपये था।

# ई-साइकिलों के प्रयोग से महिला कर्मयोगियों को मिलेगी शक्ति : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन में महिला कर्मयोगी बहनों को नि: शुल्क ई-साइकिलें बांटी

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। मध्यप्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को गति देने के लिए संकल्पित है। प्रदेश की सभी माताएं-बहनें अपने जीवन में सुख-समृद्धि, आनंद और वैभव प्राप्त करें। दुनिया में पेट्रोल-डीजल से दाम बढ़ रहे हैं। महिला कर्मयोगी बहनों को नि:शुल्क मिलीं ई-साइकिलें शक्ति प्रदान करेंगी। वैश्विक ऊर्जा संकट के दौर में इलेक्ट्रिक व्हीकल सबसे अच्छा विकल्प हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में 40 महिला कर्मयोगी बहनों को ई-साइकिलें बांटने के बाद जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। साइकिलें उज्जैन जिला प्रशासन ने सीएसआर फंड के माध्यम से उपलब्ध कराई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ई-साइकिलें उपलब्ध कराने वाली कंपनी के प्रयास को सराहा और लाभ प्राप्त करने वाली बहनों के बधाई दी।



### जल संरक्षण के कार्यों में मध्यप्रदेश बना नंबर-1

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार जल संवर्धन की दिशा में लगातार तीसरे वर्ष विकास कार्यों को गति दे रही है। प्रदेश में जल गंगा संरक्षण महाभियान के जरिए गुड़ी पड़वा से लेकर 30 जून तक लगभग 10 हजार करोड़ से अधिक लागत के कार्य शामिल हैं। इनमें नदी, तालाब, पोखर, कुएं, बावड़ियों के जीर्णोद्धार के कार्य किए जा रहे हैं।

प्रमुख नदियों के उद्गम स्थलों पर जल संरक्षण के लिए विशेष गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जल संरक्षण के कार्यों के लिए मध्यप्रदेश को देश में प्रथम स्थान मिला है। यह प्रदेशवासियों के परिश्रम का फल है।

### भोजशाला के निर्णय का सभी वर्ग के लोगों ने किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार स्थित भोजशाला में गंगा दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया है। भोजशाला के संबंध में आए उच्च न्यायालय के फैसले का हिंदू-मुस्लिम सहित सभी वर्ग के लोगों ने सम्मान किया है। पहले अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण और वर्तमान में धार की भोजशाला को लेकर हमारे मतों में भिन्नता हो सकती है। राज्य सरकार न्यायालय के निर्णय को सफलतापूर्वक लागू करा रही है।

### एएसपी ने सुनी आमजन की समस्याएं

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया मंगलवार को जनसुनवाई कर रहे हैं। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुन संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दे रहे। इस दौरान पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधीए महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान सहित साइबर सेल व अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। एएसपी श्री भदोरिया ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का समय पर समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को शिकायतों पर संवेदनशीलता से कार्रवाई करने के निर्देश दे रहे।

### ग्रीष्मकालीन पेयजल नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**दमोह।** मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी एमपीयूडीसी द्वारा दमोह जिले के हटा व पटेरा नगर में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु एक समर्पित ग्रीष्मकालीन पेयजल निवारण नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

# महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बनेगा रिसोर्स पूलः मंत्री सुश्री भूरिया

## महिला वित्त एवं विकास निगम की 80वीं संचालक मंडल की बैठक में हुए बड़े फैसले



**भोपाल।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए महिला वित्त एवं विकास निगम को नई कार्य संस्कृति और परिणामोन्मुखी भूमिका में लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में मंत्रालय में मध्यप्रदेश महिला वित्त एवं विकास निगम की 80वीं संचालक मंडल समिति की बैठक हुई। बैठक में जिसमें निगम की कार्यप्रणाली, लंबित प्रस्तावों, महिला रोजगार, कौशल विकास और संस्थागत सुधारों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में मंत्री सुश्री भूरिया ने स्पष्ट कहा कि महिला-बाल विकास विभाग का मूल उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन नहीं, बल्कि महिलाओं का वास्तविक आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण है। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला वित्त एवं विकास निगम को प्रदेश की महिला वर्क-फोर्स तैयार करने वाली प्रमुख संस्था के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए निगम एक व्यापक ऑनलाइन पोर्टल तैयार करेगा, जिसमें महिलाओं की कौशल दक्षता का परीक्षण कर उन्हें कुशल, अर्द्ध-कुशल और अकुशल श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि अकुशल एवं अर्द्ध-कुशल महिलाओं को व्यवस्थित प्रशिक्षण देकर विभिन्न विभागों, उद्योगों और संस्थानों की मांग के अनुरूप रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निगम महिला श्रमिकों, कारीगरों और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित महिलाओं का रिसोर्स पूल विकसित करे, जिससे प्रदेश के विभागों और संस्थाओं को आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षित महिला वर्क-फोर्स उपलब्ध कराई जा सके।

**कार्यपद्धति का अध्ययन कर बेहतर मॉडल अपनाने के निर्देश** -बैठक में यह भी तय किया गया कि महिला वित्त एवं विकास निगम अब केवल वित्तीय गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कौशल विकास, बाज़ार संपर्क, तकनीकी प्रशिक्षण और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने अन्य राज्यों में महिला वित्त विकास निगमों की कार्यपद्धति का अध्ययन कर बेहतर मॉडल अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में निगम के सुदृढ़ीकरण को लेकर पूर्व में प्रस्तावित चैनल पार्टनर व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बेलाताल में जल संरक्षण और संवर्धन का दिलाया संकल्प

दमोह।

गंगा दशमी के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर के बेलाताल में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की मौजूदगी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बेलाताल में जलगंगा की आरती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जल संरक्षण और संवर्धन का संकल्प दिलाया गया। जलगंगा संवर्धन के तहत नुक्कड़ नाटक के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में अधिकारियों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण, तालाबों की सफाई और वर्षा जल संचयन पर जोर दिया। अतिथियों ने कहा कि जल है तो कल है, इसलिए हर नागरिक को जल बचाने के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, सुशील गुप्ता, सीएमओ नगरपालिका राजेंद्र सिंह लोधी, जनपद पंचायत सीईओ हलधर मिश्रा, शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी कपिल खरे, डीईओ एसके नेमाए बाइके कोरी सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि व जन मौजूद रहे। मंच का संचालन विपिन चौबे ने किया।

# पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का नहीं बल्कि सेवा संवेदना, साहस और जनता के विश्वास का प्रतीक

भोपाल।



## आरएपीटीसी इंदौर एवं 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल इंदौर का संयुक्त दीक्षांत परेड समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न

मध्यप्रदेश पुलिस के विशेष सशस्त्र बल के गौरवशाली इतिहास एवं अनुशासित परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इंदौर स्थित रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में आरएपीटीसी इंदौर एवं 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल इंदौर के नव आरक्षकों का संयुक्त दीक्षांत परेड समारोह अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा उपस्थित रहे। इस गरिमामय आयोजन की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशेष सशस्त्र बल मुख्यालयभोपाल चंचल शेखरद्वारा की गई। नव आरक्षकों को संबोधित करते हुए डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि आज का दिन केवल एक औपचारिक दीक्षांत समारोह नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण, परिश्रम एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प का गौरवपूर्ण उत्सव है। उन्होंने कहा कि आज से नव आरक्षक केवल पुलिस बल का हिस्सा नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, कानून की गरिमा एवं राष्ट्र की सुरक्षा के प्रहरी बन गए हैं। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय का नाम मध्यप्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक एवं सीमा सुरक्षा बल के संस्थापक के.एफ. रुस्तमजी के नाम पर रखा गया है, जिनका मध्यप्रदेश पुलिस की व्यवस्थाओं, कल्याणकारी गतिविधियों एवं संस्थागत ढाँचे को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि रुस्तमजी जैसे महान अधिकारियों की विरासत से प्रेरणा लेकर नव आरक्षकों को सेवा, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का पालन करना चाहिए। श्री मकवाणा ने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना, साहस एवं जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने नव आरक्षकों से कहा कि तिरंगे के समक्ष ली गई शपथ को वे अपने जीवन का सर्वोच्च आदर्श बनाएं तथा हर परिस्थिति में कानून, संविधान एवं मानवीय मूल्यों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि में नव आरक्षकों ने शारीरिक दक्षता के साथ-साथ आउटडोर ड्रिल, हथियार संचालन, फील्ड क्राफ्ट, कानून-व्यवस्था नियंत्रण, साइबर अपराध, आपदा प्रबंधन एवं आधुनिक पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न विषयों में दक्षता प्राप्त की है। चुनाव ड्यूटी एवं अन्य कानून-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं में सहभागिता के माध्यम से उन्हें व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के अंतर्गत आरएपीटीसी इंदौर के 482 तथा 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल इंदौर के 135 नव आरक्षकों सहित कुल 617 नव आरक्षकों का दीक्षांत पुलिस महानिरीक्षक चन्द्रशेखर सोलंकी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नव आरक्षकों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित, आकर्षक एवं सशक्त परेड ने उपस्थित सभी गणमान्यजनों को विशेष रूप से प्रभावित किया।



# राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक ने किया सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक शरद कुमार श्रोति द्वारा अनुभाग कार्यालय दमोह में जनपद पंचायत एवं नगर पालिका की सूची पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रेक्षक श्री श्रोति द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सूची पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं समय-सीमा के भीतर संपन्न किया जाए ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, तहसीलदार दमोह पारुल जैन, नगर पालिका सीएमओ राजेन्द्र सिंह लोधी, जनपद बीपीओ एवं लाइजनिंग ऑफिसर प्रकाश गौतम उपस्थित रहे।

## हटा थाना परिसर में जनसुनवाई आयोजित



**दमोह।** हटा थाना परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। अपनी-अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे। पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी नें उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# वृद्धजनों की सेवा करना सौभाग्य की बात : कलेक्टर

## 10 जून तक चलेगा सेवा और आशीर्वाद अभियान, 771 वृद्धजनों की ई केवाईसी पूर्ण

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि जिले में कई वृद्धजन पात्र होने के बावजूद पिछले 8 माह से पेंशन लाभ से वंचित थे। ऐसे वृद्धजनों को उनका अधिकार दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सेवा और आशीर्वाद अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आधार केंद्र प्रभारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर वृद्धजनों की ई केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं ताकि पेंशन स्वीकृति में किसी प्रकार की बाधा न रहे। कलेक्टर श्री यादव ने कहा ई केवाईसी के लिए आधार केंद्र प्रभारियों द्वारा ली जाने वाली फीस का भुगतान जिला प्रशासन करेगा। किसी भी वृद्धजन से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया नि:शुल्क रहेगी। उन्होंने बताया जो वृद्धजन वर्तमान में गांव से बाहर हैं, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है। उन्हें अपने वर्तमान स्थान से ही ई केवाईसी कराने अथवा गांव लौटकर प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि उनकी पेंशन शीघ्र प्रारंभ की जा सके।

**अब तक 771 प्रकरणों में कार्रवाई पूर्ण** - कलेक्टर ने बताया अब तक 771 वृद्धजनों की ई केवाईसी एवं पेंशन स्वीकृति संबंधी कार्रवाई पूर्ण की जा चुकी है। जिले में कुल लगभग 1600 लंबित प्रकरण हैं और प्रशासन शीघ्र सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के लक्ष्य की ओर कार्य कर रहा है।

**42 आधार केंद्र प्रभारी और 440 ग्राम पंचायतों में चल रहा अभियान** -उन्होंने कहा जिले में केवल 42 आधार केंद्र प्रभारी हैं जबकि 440 ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में कार्य किया जाना है। इसी कारण अभियान को 10 जून तक चलाया जाएगा ताकि प्रत्येक पात्र वृद्धजन तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त होना सभी के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है।



# जनसुनवाई में 293 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 व्यारमा में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 293 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय.सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 9 आधार अपडेशन एवं 114 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन

## 286 आवेदकों ने कराया पंजीयन, 122 युवाओं का निजी क्षेत्र में चयन

दमोह।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशों के तहत् 26 मई को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेल का आयोजन किया गया। इस युवा संगम मेले में भाग लेने हेतु ऑनलाइन 216 एवं ऑफलाइन 70 कुल 286 बेरोजगार आवेदकों ने पंजीयन कराया। निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से 122 युवक युवतियों का चयन किया गया। जिसमें वर्धमान यार्न मंडीदीप 17, मैंन पावर ग्रुप सर्विस अहमदाबाद 12, टीएसपीएल चाकन पुणे 20, जेबीएम ग्रुप अहमदाबाद 9, चेकमेट सिक्योरिटी सर्विस बड़ौदा 9, ग्रो फास्ट ऑर्गेनिक डायमंड जबलपुर, 12 गोल्डन फॉर्मर ऑर्गेनिक 10, भारतीय जीवन बीमा निगम दमोह 8, पुष्कल एग्रो दमोह 15, एमआई लाइफस्टाइल, ग्लोबल मार्केटिंग 10 ने साक्षात्कार द्वारा युवक युवतियां का चयन किया। युवा संगम में जिला उद्योग व्यापार केंद्र द्वारा 5 हितग्राहियों के लिए 50 लाख 25000 राशि का ऋण स्वीकृत किया गया। जिला अंतव्यवसाय, आदिम जाति कल्याण विभाग, पंचायत कल्याण विभाग, श्रम विभाग, लीड बैंक मैनेजर इत्यादि विभागों ने उपस्थित आवेदकों के लिए स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन दिया। उमंग स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग की उमंग काउंसलर विधि गुप्ता ने 29 आवेदको की काउंसलिंग की।



# ऊर्जा विभाग के कार्यालयों में आयोजित जनसुनवाई

## 141 प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निराकरण

दमोह।



विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता के निर्देशन में विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु आज 26 मई को वृत कार्यालय दमोह के साथ-साथ संभागीय कार्यालयों, उपसंभाग एवं प्रत्येक वितरण केन्द्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 163 नंबर आवेदन उपभोक्ताओं से प्राप्त हुए। जिनपर त्वरित कार्यवाही करते हुये 141 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों में कार्यवाही जारी है। विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु अधीक्षण अभियंता ने क्षेत्रवार निर्धारित की अधिकारियों की जिम्मेदारी अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने दमोह शहर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से क्षेत्रवार अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत संबंधी विकायतों के निराकरण के लिए निम्नानुसार क्षेत्रवार अधिकारियों से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर धैर्यता के साथ अपनी शिकायत का निराकरण कराये एवं कंपनी को सहयोग प्रदान करें।

सहायक अभियंता राघवेन्द्र ईडपाचीए दमोह शहर 9425613885 आवंटित क्षेत्र किल्लाई नाका सिविल वार्ड सिंधी कैम्प टंडन बगीचा बस स्टेण्ड गार्ड लाइन पसंदी चैराहा तीन गुल्ली मलैया मिल पथारिया फाटक से देहात थाना तक। कनिष्ठ अभियंता पूजा खोब्रागडेए दमोह शहर 9479874770 आवंटित क्षेत्र. धरमपुरा पठानी मुहल्ला बजरिया वार्ड पुराना थाना फुटेरा वार्ड। कनिष्ठ अभियंता कुण् शिवानी गुप्ता दमोह शहर 7648824085 आवंटित क्षेत्र जबलपुर नाका से जिला चिकित्सालय तक वैशाली नगर शिवनगर एसपीएम नगर आफीसर कालोनी श्याम नगर घंटाघर बड़ा पुल असाटी वार्ड इंदिरा कालोनी जटाशंकर शोभानगर चैनपुरा। कनिष्ठ अभियंता मेनटेनेंस अजीत पटैल दमोह शहर 9425613916 आवंटित क्षेत्र संपूर्ण दमोह शहर की विद्युत व्यवस्था।

### साइबर तहसील 2.0 से नामांतरण प्रक्रिया हुई डिजिटल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन, प्रशासनिक पारदर्शिता और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य नागरिकों को सरकारी सेवाएं सरल, सुगम और समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में प्रारंभ की गई साइबर तहसील 2.0 पहल राजस्व प्रणाली में ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण परिवर्तन का माध्यम बनी है। भूमि नामांतरण प्रक्रिया को डिजिटल और केंद्रीकृत बनाकर इस व्यवस्था ने नागरिक सुविधाओं को अधिक सहज और प्रभावी बनाया है और ईज़ ऑफ़ लिविंग को मजबूत किया है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 26/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जया भत्तेर पति पंकज कुमार भत्तेर ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. बी-2 ब्लाक जी अनन्तारा संपत्ति के पिन क्रमांक 2000337185 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1662 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री ऋषि कुमार गुप्ता पिता श्री रमेश कुमार गुप्ता श्रीमती इति गुप्ता पुत्र ऋषि कुमार गुप्ता का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 26/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आरती डुमार पति श्री आकाश डुमार (2) आयुष चौहान पुत्र आकाश डुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1533/6ए खेरमाई मंदिर के पास कजरवारा संपत्ति के पिन क्रमांक 1000387201 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर भूतल 400 व.फु. सीमेंट शीट पर निम्न दस्तावेज अनु विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री आकाश डुमार पिता श्री जीवन दास डुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1927/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक / आवेदिका/ श्री/श्रीमती अपर्णा पांडेय पिता/पति स्व.आदर्श पांडेय निवासी 205 माँ नर्मदा होम सिटी कजरवारा जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा प.ह.नं 10 नं. ब 505 प्लाट ख.नं. 114 में से रकवा 685 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि आवेदक / आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति / एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति तहसील रांझी के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 20/05/26 को जारी ।
जारी दिनांक 20/05/2026
पेशी दिनांक 05/06/2026

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रांझी, जबलपुर**



## ➤ गढ़ा थाना पुलिस की कार्यवाही

### बिना फिटनेस सड़क पर दौड़ रही बस जब्त

**जबलपुर।** बिना फिटनेस और बीमा परमिट के यात्रियों की जान को जोखिम में डालकर बस चला रहे संचालक के विरूद्ध गढ़ा थाने की पुलिस ने कार्यवाही की है। दरअसल थाना प्रभारी गढा प्रसन्न शर्मा द्वारा मेडीकल कॉलेज गेट के सामने तिलवारा रोड पर टीम सहित वाहन चौकिंग कार्यवाही की गई। इसी बीच एक बस बिना परमिट के संचालित होती हुई पकड़ी गई। जिसे मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत जब्त कर गढा थाने में लाकर खड़ा किया गया है। उक्त बसजबलपुर से बरगी के बीच संचालित हो रही थी।

## ➤ सामान्य सभा की बैठक का आयोजन

### लायंस क्लब जबलपुर सेन्ट्रल के पदाधिकारी मनोनीत

**जबलपुर।** लायंस क्लब जबलपुर सेंट्रल की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन विगत दिवस होटल ट्राईमैक्स में की गई। जिसमें सेवाकार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 2026.27 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए लायन राजेश ढींगरा, सचिव पद के लिए लायन उमाशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष के लायन राजीव शर्मा को मनोनीत किया गया है। जिसके उपरांत लायंस क्लब जबलपुर सेन्ट्रल के पदाधिकारी पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह लोधी, धीरेंद्र सिंह, भारत साहू, शरद सोनी, भारत अग्रहरि, के के गुमास्ता रहे।







## कलेक्टर की जनसुनवाई में आये 146 आवेदन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये गए । साप्ताहिक जनसुनवाई में कुल 146 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें दोबारा आये 31 आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर आवेदन अतिक्रमण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकार्ड सुधार, अवैध कब्जा, छात्रवृत्ति, संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता, पीएम आवास, लड़ाई-झगड़ा, आर्थिक सहायता, भूमि डायवर्सन, बारिश के पानी के निकासी व्यवस्था आदि से संबंधित आवेदन थे।

## नियमानुसार करें टिम्बर का व्यापार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर अनुराग सिंह की अध्यठक्षता में मंगलवार को टिम्बर मर्चेंट्स एंड सॉ मिल ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने बैठक में लकड़ी व्यापार और आरा मिल संचालन से जुड़े सुरक्षा इंतजामों, कानूनी नियमों के पालन और प्रशासनिक तालमेल को लेकर विस्तृत चर्चा की, जिसमें जनसुरक्षा के हित में कई फैसले लिए गए। एसडीएम ने साफ तौर पर निर्देशित किया है कि क्षेत्र के सभी लकड़ी व्यापारियों और आरा मिल संचालकों को अपने वैध लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टरए परिवहन से जुड़े दस्तावेज और अन्य जरूरी कागजात नियमित रूप से अपडेट रखने होंगे। शासन द्वारा तय किए गए कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

# क्रूज में लगाया गया था कमजोर इंजन जांच से पहले ही कर दिया नष्ट



**विगत 30 अप्रैल को बरगी डैम में हुए क्रूज़ हादसे की न्यायिक जांच अब औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। आपकों बता दें कि इस हादसे में कुल 13 लोगों की डूबने से मौत हो गई थी। अब इस मामले को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 43 में जांच आयोग के अध्यक्ष जस्टिस संजय द्विवेदी के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।**

## *बरगी क्रूज हादसे की न्यायिक जांच शुरू, सामने रखे गए तथ्य*

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने हादसे से जुड़े कई महत्वपूर्ण कानूनी और तकनीकी बिंदु आयोग के सामने रखे। इस हादसे में 13 पर्यटकों की मौतें हुई थी। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे और अधिवक्ता वेदप्रकाश अधौलिया ने आयोग के समक्ष दायर याचिका में कहा कि इंडियन वेसेल्स एक्ट 2021 के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो जांच प्रक्रिया पूरी होने से पहले किसी दुर्घटनाग्रस्त क्रूज़ को नष्ट करने की अनुमति देता हो। साथ ही जिला प्रशासन को भी किसी हादसे का शिकार हुए क्रूज़ को जांच से पहले नष्ट करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

### अनियमितताओं को किया उजागर

सुनवाई के दौरान आयोग ने इन बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच द्वारा उठाए गए सभी वैधानिक पहलुओं को जांच में प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी सुनवाई में मंच को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा। याचिका में क्रूज़ संचालन से जुड़ी तकनीकी और पर्यावरणीय अनियमितताओं को भी उजागर किया गया। मंच की ओर से बताया गया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 12 सितंबर 2023 के आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जलाशयों में चलने वाले क्रूज़ में केवल फोर स्ट्रोक इंजन का उपयोग किया जाए। इसके बावजूद दुर्घटनाग्रस्त क्रूज़ में मात्र 100 एचपी का कमजोर इंजन लगाया गया था और हादसे के दौरान उसका दूसरा इंजन भी पूरी तरह फेल हो गया था।



### गहराई से होगी मामले की जांच

याचिका में यह भी दावा किया गया कि क्रूज़ संचालकों के पास पर्यावरणीय मानकों से संबंधित कोई वैध प्रमाण पत्र नहीं था, जबकि एनजीटी के नियमों के अनुसार जल संरचनाओं में संचालित वाहनों के लिए पर्यावरणीय अनुमति और मानकों का पालन अनिवार्य है। सुनवाई के दौरान सबसे बड़ा सवाल यह उठा कि जब दुर्घटनाग्रस्त क्रूज़ को पहले ही पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है, तो उसकी तकनीकी फिटनेस की जांच अब किस आधार पर की जाएगी। एनजीटी के आदेश के पैरा 132 का हवाला देते हुए मंच ने कहा कि किसी भी जल वाहन की फिटनेस उसकी संचालन प्रक्रिया में पहली प्राथमिकता होती है। ऐसे में क्रूज़ के नष्ट होने के बाद उसकी तकनीकी और भौतिक स्थिति का मूल्यांकन लगभग असंभव हो गया है। बहरहाल जांच आयोग ने इस पूरे मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने दावों और घटनाक्रम से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि मामले की गहराई से जांच की जा सके।

## पेयजल की समस्याओं से निजात दिलाने स्थापित किया गया कंट्रोल रूम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गर्मियों के मौसम में आम जनता को पेयजल की समस्या न हो और सभी को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण पानी मिले, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने दिये हैं। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पानी से जुड़ी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाना सुनिश्चित करें। नगरीय क्षेत्र हो या ग्रामीण, पेयजल से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए नागरिक सीएम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इन शिकायतों को उच्च प्राथमिकता पर रखा जाएगा। इसके साथ ही पानी की सुचारू व्यवस्था और निगरानी के लिए पीएचई विभाग के माध्यम से एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए कंट्रोल रूम दमोहनाका स्थित कार्यालय में स्थापित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के निवासी इस नंबर पर संपर्क कर पेयजल सबंधी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने मंगलवार को कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

## अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी जैसा कैरियर बनाने की चाह

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में ज्योति क्लब में आयोजित 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर 85 प्रतिभागियों के कारण लम्बे समय तक याद रखा जाएगा। शिविर के इतिहास में पहली बार इतनी संख्या में नवोदित बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई है। लड़कियों में बैडमिंटन के प्रति जबर्दस्त आकर्षण देखने को मिला है। शिविर में 45 लड़कियां और



40 लड़के नवोदित बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में गहन प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं। वे न केवल खेल कला कौशल में पारंगत हो रहे हैं बल्कि वे अपने स्टेमिना को पूर्व की तुलना में बेहतर बनाने के लिए पसीना बहा रहे हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने बैडमिंटन प्रशिक्षणार्थियों से व्यक्तिगत मुलाकात कर उनको प्रोत्साहित किया। नवोदित बैडमिंटन खिलाड़ी अभी तक बैडमिंटन बिना नेट व नियम के खेलते थे, लेकिन प्रशिक्षण शिविर में शामिल होते ही उन्हें नगर के सर्वश्रेष्ठ बैडमिंटन कोर्ट में खेलने का अवसर मिला। नवोदित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के साथ नियमों की जानकारी मिल रही है।

## अमर शहीद स्मृति मेले में गूंजे पुराने सदाबहार गाने

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गुंजन कला सदन ,पाथेय मंथन के संयोजन में अमर शहीद स्मृति मेला, गोलबाजार के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित कराओके गीत गायन प्रतियोगिता का श्रोताओं और दर्शकों ने आनंद लिया । जूनियर वर्ग में 12 वर्षीय नित्याजीत सिंह प्रथम, अवनि धनोप्या द्वितीय, केशर यादव तृतीय रहे । वहीँ सीनियर वर्ग में रविनंदन श्रीवास्तव प्रथम रहे और शांति



राय, अनिल प्रजापति, सीमा पटेल, संजय जैन, पंकज जैन, विश्वनाथ, ओम पाराशर, शुभी सैनी, मोनिका, अंश, अंशिका, मुश्ताख, विनीता दीवान, राकेश चौधरी, अलका वर्मा, नीरज, भीम सिंह दीवान, नीता, नीरस, चंद्रभान बघेल आदि ने मधुर गायन प्रस्तुत किया । मंच संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण' ने किया। कार्यक्रम में प्रतुल श्रीवास्तव, नालिनकांत बाजपेई, चंद्रशेखर शर्मा उपस्तिथि रहे।

## पिपरिया रेलवे अस्पताल में चलाया गया टीबी जागरूकता अभियान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत पिपरिया रेलवे अस्पताल में दिनांक 26 मई को टीबी जागरूकता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन एवं रेल कर्मचारियों को क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक करना तथा टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में रेलवे चिकित्सक डॉ. आरआर कुर्रे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी को क्यों है छुपाना, अगर जीवन को बचाना है। उन्होंने बताया कि टीबी की शीघ्र पहचान, समय पर जांच एवं संपूर्ण इलाज से इस बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को टीबी से बचाव, स्वच्छता, संतुलित भोजन एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

## लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे गोसलपुरवासी

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर टाउन एवं शंकर कॉलोनी में पिछले एक सप्ताह से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। लो वोल्टेज के चलते विद्युत उपकरण कूलर, पंखा, टीवी इत्यादि खराब हो रहे हैं वहीं बिजली से चलने वाले उद्योग धंधो पर भी लो वोल्टेज का बुरा असर पड़ रहा है। विद्युत मंडल के अधिकारियों द्वारा यह कहा जा रहा है की खेतों में बेतहाशा रूप से जायद फसल मूंग, उड़द की सिंचाई के लिए चलने वाले मोटर पंपों के कारण गोसलपुर टाऊन में लो वोल्टेज की समस्या बनी है। शंकर कॉलोनी निवासी शशिभूषण दुबे ने बताया की वोल्टेज इतना कम रहता है की पंखा कूलर स्पीड ही नहीं पकड़ रहे जिससे इस भीषण गर्मी में दोपहर और रात काटना मुश्किल हो गया है। वही बिजली पर आश्रित इकाइयों के संचालकों ने भी चर्चा के दौरान बताया की लो वोल्टेज के चलते व्यापार ठप्प पड़े है। आटा चक्की ,वेल्डिंग मशीन ठीक ढंग से नहीं चल पा रही हैं।

## पत्नी से हो रहे विवाद को शांत कराने आई

# माँ की बेटे ने कर दी हत्या

### सिहोरा थाने का मामला, सिर पर उठाकर मारा टेबल फैन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पति-पत्नी के बीच हो रहे विवाद को शांत कराने आई एक वृद्धा की बेटे ने सिर पर टेबल फैन मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। इस वारदात के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। शराब के नशे में धुत एक युवक अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। शोर सुनकर उसकी मां कमरे में पहुंची और बेटे को डांटते हुए शांत रहने को कहा। कुछ देर बाद मां-बेटे के बीच बहस होने लगी। इसी दौरान गुस्से में आकर बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी और वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक यह घटना सिहोरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-7 स्थित गढ़िया मोहल्ले की है। बताया जा रहा है कि आरोपी करण कोल प्राइवेट नौकरी करता है। सोमवार रात करीब 2 बजे वह घर पहुंचा और पत्नी कांति बाई कोल से खाना बनाने को कहा। पत्नी ने देर रात होने



की बात कहकर खाना बनाने से मना कर दिया। इस बात पर करण गुस्से में आ गया और पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। पास के कमरे में उसकी मां 65 वर्षीय गिरानी बाई कोल सो रही थीं। आवाज सुनकर वह बाहर आईं और बेटे को डांटते हुए शांत रहने और सोने को कहा।

### लगातार करता रहा हमला

इस दौरान गिरानी बाई काफी देर तक करण को समझाती रहीं, लेकिन वह लगातार गाली-गलौज करता रहा। परेशान होकर मां ने उसे घर से बाहर जाने को कहा। इससे नाराज होकर करण मां से भी अभद्रता करने लगा। जैसे ही गिरानी बाई उसके पास पहुंचीं, आरोपी ने पास में रखा टेबल फैन उठाकर उनके सिर पर दे मारा। इसके बाद भी वह लगातार हमला करता रहा। पत्नी ने बीच-बचाव कर सास को बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। हमले में गिरानी बाई के सिर, हाथ और सीने में गंभीर चोटें आईं और वह जमीन पर गिर गईं।

### पुलिस ने शुरू की जांच

वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतका गिरानी बाई का बड़ा बेटा दशरथ पास ही रहता है। कांति कोल ने उसे फोन कर घटना की जानकारी दी। दशरथ मौके पर पहुंचा तो देखा कि मां खून से लथपथ हालत में पड़ी थीं। उन्हें तुरंत इलाज के लिए सिहोरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहा था। मां बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपी बेटे ने टेबल फैन से हमला कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने तीस वर्षीय आरोपी बेटे करण कोल को गिरफ्तार कर लिया है।

## मौन जुलूस निकालकर संतों को दी श्रद्धांजलि

**सिहोरा।** रीवा सड़क दुर्घटना में दो जैन आर्यिकाओं के हुए समाधि मरण के विरोध एवं श्रद्धांजलि स्वरूप गोसलपुर में सकल जैन समाज के तत्वावधान में सोमवार प्रातः मौन जुलूस निकाला गया। यह जुलूस जैन मंदिर से प्रारंभ होकर पुलिस थाने पहुंचा। जहां समाज के वरिष्ठजनों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर घटना पर दु:ख व्यक्त किया और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की। मौन जुलूस में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, युवा एवं विभिन्न संगठनों के सदस्य शामिल हुए।








हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**